फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 181 प्रभात जयपुर, गुरुवार 1 फरवरी, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



Where Did *Anarkalis* Come From!!

The 'Ottomans' were fierce, sworn enemies of the '*Shah of Persia.*' The *Ottoman sultan* was also contemptuous of the new upstart, Babur, whom they referred to as a 'Timurid' (descendant of Timur).

THE LITERARY EXTRAVAGANZA




# हेमन्त सोरेन गिरफ्तार, मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दिया

## चंपई सोरेन होंगे झारखंड के नए मुख्यमंत्री

रांची, 31 जनवरी। ई.डी. की टीम द्वारा लंबी पूछताछ के बाद झारखंड के मु.मंत्री को गिरफ्तार कर लिया गया है। कहा जा रहा है कि, हेमंत सोरेन ई.डी. कार्यालय में हैं। टीम उनका मैडिकल कराएगी उसके बाद कानूनी प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। जमीन घोटाला मामले में ई.डी. की पूछताछ के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजभवन जाकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को इस्तीफा दे दिया। उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। यहां से ई.डी. उन्हें अपने दफ्तर ले गई है। बताया जाता है कि, पुराने सीएम हाउस में ई.डी. उन्हें हाउस अरेस्ट करेगी।

- हेमन्त सोरेन की गिरफ्तारी के संकेत तो मंगलवार को ही मिल गए थे, इसी के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने नए नेता के चयन की कवायद शुरू कर दी और चंपई सोरेन को अपना नेता चुना।
- चंपई सोरेन ने राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया।
- पेशे से किसान चंपई सोरेन शिबु सोरेन के साथ के हैं तथा कई बार हेमन्त सोरेन को उनके पैर छूते भी देखा गया है।

झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन होंगे। उन्हें महागठबंधन (झामुमो, कांग्रेस, राजद) के विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। इधर, हेमंत सोरेन से पहले महागठबंधन के विधायक राजभवन पहुंचे थे, लेकिन विधायकों को 5 मिनट बाद ही बाहर कर दिया गया। सभी विधायकों ने राजभवन के बाहर हंगामा किया। वो मांग कर रहे हैं कि, चंपई सोरेन को आज रात में ही मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई जाए। बाद में विधायक दल के प्रतिनिधियों को बुलाया गया।

राजभवन से बाहर निकलकर कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि, हमने राज्यपाल को 43 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा है। राज्यपाल से मांग की है कि, विधायक बाहर खड़े हैं, चाहें तो गिनती कर लें। इस पर राज्यपाल ने कहा कि, पत्र पढ़ रहा हूं, बुलावा जल्द भेजूंगा।

चंपई सोरेन सियासत में आने से पहले खेती बाड़ी करते थे, वे शिबू सोरेन के सहयोगी रहे हैं। कई मौकों पर सीएम हेमंत सोरेन को इनका पैर छूते हुए भी देखा गया है।

कहा जा रहा है कि, हेमंत सोरेन से ई.डी. ने लंबी पूछताछ की और एजेंसी उनके जवाब से संतुष्ट नजर नहीं आई है।

यह भी जानकारी सामने आई है कि, हेमंत सोरेन 15 दिनों तक रांची में ई.डी. की कस्टडी में रह सकते हैं। बुधवार को दिन के डेढ़ बजे से उनके कांके रोड स्थित आवास पर सोरेन से पूछताछ चल रही थी। सोरेन के जवाब से संतुष्ट नहीं होने के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार करने का फैसला कर लिया है। सोरेन के गिरफ्तार होने की भनक मिलतेही सत्तारुढ़ गठबंधन ने नए नेता का चुनाव कर सरकार बनाने की तैयारी कर ली है।

इसके पहले ई.डी. ने हेमंत सोरेन को सूचित कर दिया कि वह उन्हें गिरफ्तार कर रही है। सोरेन को गिरफ्तार किए जाने के संकेत हालांकि शाम करीब पांच बजे ही मिल गए थे। इसके साथ ही

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## गुलज़ार का जयपुर में स्वागत



जयपुर, 31 जनवरी। जाने-माने शायर, साहित्यकार व कलाकार, गुलजार, 1 फरवरी को जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में शामिल होंगे। इनकी पहली बैठक फ्रंट लॉन में सुबह 11 बजे शायरी

- एक व दो फरवरी को गुलज़ार जयपुर लिटरेचर फैस्टिवल में शामिल होंगे।

व काव्य के विषय पर होगी। इस सत्र में रक्षांदा जलिल और पवन के. वर्मा गुलज़ार के साथ वार्ता करेंगे।

इसके उपरांत वे 2 फरवरी को फ्रंट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कौन किसकी मदद कर रहा है बंगाल में?

## एक चर्चा के अनुसार तृणमूल कांग्रेस परोक्ष रूप से भाजपा की मदद कर रही है

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 31 जनवरी। केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा और पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के बीच किसी तरह के मेल-मिलाप को लेकर बंगाल के राजनीतिक हलकों में इन दिनों खुली चर्चा हो रही है। चर्चाओं में पड़ोसी झारखंड और बिहार सहित अन्य राज्यों में केन्द्रीय जांच एजेंसियों की अतिसक्रियता और बंगाल में निष्क्रिय रहने का जिक्र किया जा रहा है।

पड़ोसी राज्य झारखंड के मुख्यमंत्री की घोटालों के आरोप में ई.डी. द्वारा गिरफ्तारी की गई है और उनके भविष्य के ठीक विपरीत ममता बनर्जी व उनके विश्वस्त साथियों के खिलाफ जांच एजेंसियों के पास भारी आपत्तिजनक सामग्री होने के बावजूद ई.डी. इनके खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं कर रही है।

ई.डी. ने तृणमूल नेता शेख शाहजहां की गिरफ्तारी के लिए कोई फॉलोअप

- तर्क है कि, जिस तत्परता व सक्रियता से ई.डी. बिहार व झारखंड में काम कर रही है, वह जोश व तत्परता बंगाल में नहीं दिख रही।
- उदाहरण के लिये, ई.डी. ने एकाग्रता से झारखंड के मु.मंत्री का पीछा किया व अन्ततोगत्वा उन्हें गिरफ्तार किया, परन्तु बंगाल में तृणमूल के नेता शेख शाहजहां समर्थकों ने हिंसात्मक कार्यवाही, तोड़-फोड़ की घटनाओं से ई.डी. की टीम को अपनी जिम्मेवारी पूर्ण करने से रोका, पर अभी तक शेख शाहजहां व उसके समर्थकों को एक नोटिस भी नहीं दिया गया है।
- इसी प्रकार इण्डिया गठबंधन को कमजोर करने की दृष्टि से राहुल गांधी की यात्रा में तोड़-फोड़ की गयी। पर, ममता बनर्जी ने लचर सा वक्तव्य दिया कि, गाड़ी के साथ तोड़-फोड़ बिहार में हुई थी तथा फिर क्षतिग्रस्त गाड़ी ने बंगाल में प्रवेश किया।

एक्शन भी नहीं लिया। शेख ने संदेशखली में ई.डी. के विरूद्ध अकेले ही लोगों को लामबंद कर लिया था। तब ई.डी. उन्हें

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सोनिया गांधी इस बार राज्यसभा का रास्ता चुनेंगी?

## उनके स्थान पर प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी के पुराने चुनाव क्षेत्र रायबरेली से चुनाव लड़ रही हैं

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 31 जनवरी। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख, सोनिया गांधी जो कि रायबरेली से पांच बार लोकसभा के लिए चुनी जा चुकी हैं, 27 फरवरी को 56 सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनावों में, हिमाचल प्रदेश या कर्नाटक से राज्यसभा के लिए चुने जाने का विकल्प चुन सकती हैं, क्योंकि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है और व लोकसभा चुनाव में प्रचार की कड़ी चुनौती का सामना नहीं कर सकती हैं।

कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि, उनकी बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा, जो उनकी ओर से रायबेरली की देखभाल करती हैं, रायबेरली से लोकसभा चुनाव लड सकती हैं। राहुल गांधी के भी अमेठी से

- हालांकि अभी यह निर्णय अंतिम रूप से नहीं लिया गया है, पर माना जा रहा है कि, स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने के कारण सोनिया गांधी को इस बार लोकसभा का चुनाव न लड़ाया जाये।
- हिमाचल प्रदेश या कर्नाटक से सोनिया गांधी को राज्यसभा में भेजा जा सकता है।

चुनाव लड़ने की संभावना है, जहां से वह पिछला लोकसभा चुनाव हार गए थे।

राज्यसभा चुनाव में सोनिया को मैदान में उतारने की संभावना, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख डी.के. शिवकुमार ने जताई थी। शिव कुमार ने कहा कि, अभी तक ऐसी कोई बात हुई नहीं है, जबकि प्रतिभा ने कहा कि, यह सब गांधी परिवार के निर्णय पर निर्भर करता है।

इसी बीच कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन की कवायद शुरु कर दी है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि, पार्टी प्रत्येक राज्य के लिए अलग-अलग सूची तैयार कर रही है, जिसमें राज्यसभा सदस्यों, पूर्व केन्द्रीय मंत्रियों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 16वें वित्त आयोग का गठन

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 31 जनवरी। केन्द्र सरकार ने 16 वें वित्त आयोग में चार सदस्यों की नियुक्ति की है अरविन्द पनगड़िया को 31 दिसम्बर को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

चार में से तीन इस आयोग के पूर्ण-कालिक सदस्य हैं जिनके नाम अजय

- केन्द्र सरकार ने बुधवार को 16वें वित्त आयोग के चार सदस्यों की नियुक्ति कर आयोग की गठन प्रक्रिया पूरी कर दी है। आयोग के अध्यक्ष के पद पर अरविन्द पनगड़िया को 31 दिसम्बर को नियुक्त किया गया था।

नारायण झा, जो 15 वें वित्त आयोग में भी सदस्य थे, श्रीमती एन्नी जॉर्ज मैथ्यू जो पूर्व वित्त सचिव, (व्यय) रह चुकी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राज्यपाल ने राज्य सरकार द्वारा पारित अध्यादेश की फाइल वापस लौटायी

## कर्नाटक राज्यपाल के इस कृत्य से प्रदेश में ''भाषा'' का भावना प्रधान मसला पुनः चुनावी मुद्दा बनेगा

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 31 जनवरी। गैर भाजपा शासित राज्यों में राज्यपालों को प्रायः निर्वाचित सरकारों से उलझते हुए देखा जाता है। ताजा उदाहरण कर्नाटक शासित कांग्रेस का है, जहां के राज्यपाल ने एक ऐसे मामले में टांग फंसा दी है, जो कि चुनावों के लिए संभवतः एक भावनात्मक मुद्दा बन सकता है। इसके शब्दों में, राज्यपाल थावर चंद गहलोत द्वारा कन्नड़ भाषा के साइन बोर्ड संबंधित को कर्नाटक सरकार के एक अध्यादेश को निरस्त करने के मुद्दे का उछलना और कन्नड़ समर्थित समूहों एवं भाषा के पक्षकारों का उत्तेजित होना तय है। कन्नड़ समर्थक राज्य की खुद की भाषा, जो कर्नाटक की आधिकारिक भाषा भी है,

- विधानसभा ने एक अध्यादेश राज्यपाल के हस्ताक्षर के लिये भेजा था, इस अध्यादेश के अनुसार बैंगलूरू में दुकानों व अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया गया था कि, साइन बोर्ड में 60 प्रतिशत जगह में दुकान का नाम आदि, कन्नड़ भाषा में लिखा होना चाहिये तथा बाकी 40 प्रतिशत जगह ही हिन्दी, अंग्रेजी आदि भाषाओं के नाम आदि लिखे जाने चाहिये।
- अध्यादेश में यह लिखा था कि, दुकानदारों आदि को दो माह का समय दिया जाता है, अपने साइन बोर्ड को ठीक करने के लिये।
- पर, राज्यपाल ने इस अध्यादेश को बिना हस्ताक्षर किये लौटा दिया है।

की उपेक्षा पर हाल ही में विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं। बैंगलोर में व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर कन्नड़ भाषा के साईन बोड्र्स एवं होर्डिंग्स नहीं होने से आहत कन्नड़ समर्थकों की भावनाओं पर मरहम लगाने के लिए कर्नाटक सरकार एक अध्यादेश लायी, जिसमें व्यापारिक प्रतिष्ठानों के साइन बोड्र्स पर 60 प्रतिशत कन्नड़ व 40 प्रतिशत अंग्रेजी अथवा कोई अन्य भाषा का प्रयोग अनिवार्य है और इसमें साइन बोर्ड्स के आकार व डिस्प्ले के भी नियम बताए गए हैं।

कन्नड़ समर्थक संगठनों के हिंसक विरोध प्रदर्शन, जिसमें बैंगलुरू की कई दुकानों में तोड़ फोड़ की गई, के बाद उक्त अध्यादेश जारी किया गया था।

बृहत बैंगलुरू महानगर पालिका (बी.बी.एम.सी.) ने पिछले वर्ष दिसम्बर माह में एक परिपत्र जारी कर कहा था कि, बैंगलुरू के सभी वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को 28 फरवरी से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ब्रॉडकास्टिंग बिल के विरोध में उतरे पत्रकार

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 31 जनवरी। राजधानी दिल्ली के आधा दर्जन पत्रकार संघों ने बुधवार को प्रस्तावित प्रसारण सेवा विधेयक 2023 की आलोचना की है और कहा कि सरकार सैंसरशिप का

- आधा दर्जन पत्रकार संगठनों ने ब्रॉडकास्टिंग सर्विस बिल का विरोध किया और कहा कि, सरकार इस प्रकार विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर नियंत्रण कर रही है।

विस्तार कर रही है और समस्त प्रकार के मीडिया जैसे टी.वी. चैनल्स से फिल्मों, प्लेटफार्म जैसे नैटफ्लिक्स एवं प्राइम वीडियो, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, यहां

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी के विश्वविद्यालय बनने से उसका अल्पसंख्यक स्वरूप खत्म नहीं हो जाता'

## वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि, मुहम्मदन एंग्लो ओरिएन्टल कॉलेज के बीज से ही अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी का प्रादुर्भाव हुआ है। अतः मूल बीज का स्वरूप कैसे बदल सकता है

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 31 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट को बुधवार को बताया गया कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी इससे पूर्व मोहम्मदन एंग्लो ओरियंटल कॉलेज (एम.ए.ओ.कॉलेज) की ही परंपरा व स्वरुप है, जो इसका केन्द्र था और सन् 1920 में केन्द्रीय अधिनियम द्वारा इसे कॉलेज से यूनिवर्सिटी के रुप में परिवर्तन के दौरान किसी भी स्तर पर इसने मुस्लिम अल्पसंख्यक संस्थान होने की अपनी पहचान को नहीं छोड़ी थी।

मुख्य न्यायाधीश डी.वाय. चन्द्रचूड की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने कहा कि, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी अधिनियम, 1920 के उद्देश्य और कारणों और इस कानून के विभिन्न प्रावधानों में स्पष्ट रुप से उल्लेख है कि, यह मुस्लिम समाज में शिक्षा व संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए एक संस्थान है।

दोनों पक्षों के तर्कों का सारांश प्रस्तुत करते हुए ए.एम.यू की तरफ से मुकदमे की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने कहा कि, जहाँ हम यह मानते हैं कि, एम.ए.ओ कॉलेज का ए.एम.यू.

- राजीव धवन के अनुसार, 1920 का मुस्लिम युनिवर्सिटी एक्ट का निर्णय व एक्ट बनाने का कारण ही मुस्लिम समुदाय में शिक्षा व संस्कृत का प्रसार था।
- राजीव धवन गुरूवार को भी बहस जारी रखेंगे।

में बदलाव एक निरंतर प्रक्रिया थी, वहीं, मामले के दूसरे पक्षकार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि, एम.ए.ओ. कॉलेज से यूनिवर्सिटी में परिवर्तन के परिणाम स्वरुप संस्थान ने अपनी मर्जी से अपना अल्पसंख्यक दर्जा छोड़ा था।

उच्चतम न्यायालय की 7 जजों वाली संविधान पीठ अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (ए.एम.यू.) के अल्पसंख्यक के दर्जे से संबंधित मामले के मुकदमे की सुनवाई जारी रखेगी, जबकि इस मामले में केन्द्र सरकार का कहना है कि, अल्पसंख्यक के दर्जे में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण शामिल नहीं होगा।

इस केस में संविधान बैंच की सुनवाई का यह सातवां दिन था। बैंच के जजों में सी.जे.आई. डी.वाय. चन्द्रचूड़, जस्टिज संजीव खन्ना, सूर्यकांत, जे.बी. पारदीवाला, दीपांकर दत्ता, मनोज मिश्रा और जस्टिस सतीश चन्द्र शर्मा हैं। धवन गुरूवार को भी अपनी बहस जारी रखेंगे।

धवन ने कहा कि, किसी शैक्षणिक संस्थान की अल्पसंख्यक प्रकृति को निर्धारित करने वाले व उसका खण्डन करने वाले, दोनों ही कारक मौजूद हैं उन्होंने ए.एम.यू की अल्पसंख्यक प्रकृति और उसके संस्थापकों के ऐतिहासिक पूर्ववर्त्तो का हवाला दिया। उन्होंने इस विश्वविद्यालय के गठन के उद्देश्यों और इसके लिए जुटाए जाने वाले संसाधनों की जानकारी भी दी।

धवन ने कहा कि, चूंकि ए.एम.यू. को ही राष्ट्रीय महत्व के एक संस्थान के रूप में चिन्हित किया गया है इसी आधार पर इसके मुस्लिम अल्पसंख्यक दर्जे को खत्म नहीं किया जा सकता। केन्द्र सरकार एवं ए.एम.यू. को अल्पसंख्यक दर्जा प्रदान करने के विरोधियों द्वारा तर्क प्रस्तुत किए जाने के बाद धवन ने अपने तर्क प्रस्तुत किये।

नेपोलियन और पीटल बेल द्वारा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## हनुमानगढ़-सीकर समेत कई जिलों में बारिश, अलवर में ओले भी गिरे

जयपुर, 31 जनवरी (कासं)। प्रदेश में तेज सर्दी के साथ-साथ अब 'मावठ' का दौर भी शुरू हो गया है। ऐसे में एक बार फिर शीत लहर के साथ ठंडक बढ़ने की संभावना है। बुधवार को बीकानेर, हनुमानगढ़, चूरू, श्रीगंगानगर, सीकर और झुंझुनूं के कई इलाकों में मेघ गर्जना के साथ हल्की

- जयपुर में दिनभर धूप रही, लेकिन देर शाम कुछ जगहों पर बूंदाबांदी हुई

बारिश हुई। देर शाम 6 बजे बाद अचानक अलवर और सीकर में मौसम में बदलाव आया और हल्की बारिश हुई। अलवर में बारिश के साथ कुछ जगहों पर ओले भी गिरे। जबकि, सीकर में हल्की बारिश के बाद सर्दी का असर बढ़ गया है। दोनों जगह करीब 15 से 20

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

# जीवनदात्री प्रकृति की सुरक्षा और संरक्षण आवश्यक

पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में प्रकृति की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रकृति में वह सब कुछ शामिल है जो हमें चारों ओर से घेरे हुए है। पेड़, जंगल, नदियाँ, नाले, मिट्टी, हवा सब प्रकृति का हिस्सा हैं। प्रकृति और उसके संसाधनों को अभिन्न बनाए रखना। इसलिए, पृथ्वी पर जीवन की निरंतरता के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है। ख़राब प्राकृतिक पर्यावरण वाली पृथ्वी पर जीवन की कल्पना करना कठिन होगा। प्रकृति का संरक्षण हमारे सुनहरे भविष्य का आधार है। मनुष्य जन्म से ही प्रकृति और पर्यावरण के सम्पर्क में आ जाता है। प्राणी जीवन की रक्षा हेतु प्रकृति की रक्षा अति आवश्यक है। वर्तमान समय में विभिन्न प्रजाति के जीव-जंतु, वनस्पतियां और पेड़-पौधे विलुप्त हो रहे हैं जो प्रकृति के संतुलन के लिए बहुत ही भयावह है। मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए समय-समय पर प्रकृति का दोहन करता चला आ रहा है। अगर प्रकृति के साथ खिलवाड़ होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमें शुद्ध पानी, हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध पर्यावरण वातवरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। प्रकृति हमारे जीवन का आधार है।

विभिन्न प्राकृतिक संसाधन जैसे कि जल, वन्यजीवन, वन, खेती, वायु आदि हमारी जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारी सांसें जल से भरी हुई हैं और हमारी खाद्य आपूर्ति भी खेती द्वारा उत्पन्न होती है। इसलिए, हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने की जरूरत है ताकि हम समृद्धि और सुख-शांति के साथ जीवन जी सकें। जलवायु परिवर्तन एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण और लुप्तप्राय और विलुप्त होने वाली प्रजातियां प्रकृति में भारी असंतुलन पैदा कर रही हैं। प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश करने के लिए कि पृथ्वी हमारी प्रथाओं से नकारात्मक रूप से प्रभावित न हो, हमें प्रकृति वार्तालाप शुरू करने की आवश्यकता है।

प्रकृति से हमारा तात्पर्य जल, जंगल और जमीन से है। हम लगातार प्रकृति का दोहन करते जा रहे हैं जिससे मानव जीवन संकट में पड़ गया है। जल, जंगल और जमीन के बिना प्रकृति अधूरी है। जल को व्यर्थ में बहा रहे हैं जंगलों को काट रहे हैं और जमीन पर जहरीले कीटनाशक का उपयोग करके उसकी उर्वरक क्षमता और उपजाऊ शक्ति को कमजोर कर रहे हैं। हम एक अर्से से प्रकृति दिवस मना रहे हैं और लोगों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद प्रकृति पर मंडराता खतरा जस का तस बना हुआ है। सबसे बड़ा खतरा तो इसे ग्लोबल वार्मिंग से है। धरती के तापमान में लगातार बढ़ते स्तर को ग्लोबल वार्मिंग कहते है। वर्तमान में ये पूरे विश्व के समक्ष बड़ी समस्या के रुप में उभर रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि धरती के वातावरण के गर्म होने का मुख्य कारण का ग्रीनहाउस गैसों के स्तर में वृद्धि है। इसे लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है जिससे प्रकृति पर खतरा बढ़ता जा रहा है। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा।

**प्रकृति से हमारा तात्पर्य जल, जंगल और जमीन से है। हम लगातार प्रकृति का दोहन करते जा रहे हैं जिससे मानव जीवन संकट में पड़ गया है। जल, जंगल और जमीन के बिना प्रकृति अधूरी है। जल को व्यर्थ में बहा रहे हैं जंगलों को काट रहे हैं और जमीन पर जहरीले कीटनाशक का उपयोग करके उसकी उर्वरक क्षमता और उपजाऊ शक्ति को कमजोर कर रहे हैं। हम एक अर्से से प्रकृति दिवस मना रहे हैं और लोगों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद प्रकृति पर मंडराता खतरा जस का तस बना हुआ है।**

प्रकृति के संरक्षण का अर्थ है कि वनों, भूमि, जल निकायों का संरक्षण और खनिजों, ईंधन, प्राकृतिक गैसों आदि जैसे संसाधनों का संरक्षण, यह सुनिश्चित करने के लिए कि ये सभी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध रहें। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे आम आदमी प्रकृति के संरक्षण में मदद कर सकता है। इनमें से कुछ ऐसे हैं जो आसानी से किए जा सकते हैं और एक बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं। प्रकृति हमें पानी, भूमि, सूर्य का प्रकाश और पेड़-पौधे प्रदान करके हमारी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करती है। इन संसाधनों का उपयोग विभिन्न चीजों के निर्माण के लिए किया जा सकता है जो निश्चित ही मनुष्य के जीवन को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनाते हैं। प्रकृति के संरक्षण से अभिप्राय जंगलों, भूमि, जल निकायों की सुरक्षा से है तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण खनिजों, ईंधन, प्राकृतिक गैसों जैसे संसाधनों की सुरक्षा से है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि ये सब प्रचुर मात्रा में मनुष्य के उपयोग के लिए उपलब्ध रहें।

ऐसे कई तरीके हैं जिससे आम आदमी प्रकृति के संरक्षण में मदद कर सकता है। यहां कुछ ऐसे ही तरीकों का विस्तृत वर्णन किया गया है जिससे मानव जीवन को बड़ा लाभ हो सकता है।

प्रकृति ने हमें हवा, पानी, भूमि, सूरज की रोशनी , खनिज, पौधे और जानवर जैसे कई उपहार प्रदान किए हैं । प्रकृति के ये सभी उपहार हमारी पृथ्वी को रहने लायक जगह बनाते हैं। इनमें से किसी के बिना पृथ्वी पर अस्तित्व संभव नहीं होगा। अब जबकि ये प्राकृतिक संसाधन पृथ्वी पर प्रचुर मात्रा में मौजूद हैं। पृथ्वी के पास हर इंसान की जरूरत पूरी करने के लिए काफी कुछ है, लेकिन उसके लालच को पूरा करने के लिए नहीं हैं। पृथ्वी पर पानी, हवा, मिट्टी, खनिज, पेड़, जानवर, पौधे आदि हर किस्म की जरूरत के लिए संसाधन है। लेकिन औद्योगिक विकास की होड़ में हम पृथ्वी को सफाई और उसके ही स्वास्थ्य को नजरअंदाज करने लगे हैं। हम कुछ भी करने से पहले यह बिलकुल नहीं सोचते कि हमारी उस गतिविधि से प्रकृति को कितना नकुसान होगा। प्रकृति का संरक्षण प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से सबंधित है। इनमें मुख्यतः पानी, धूप, वातावरण, खनिज, भूमि, वनस्पति और जानवर शामिल हैं। प्रकृति हमें पानी, भूमि, सूर्य का प्रकाश और पेड़-पौधे प्रदान करके हमारी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करती है। इन संसाधनों का उपयोग विभिन्न चीजों के निर्माण के लिए किया जा सकता है जो निश्चित ही मनुष्य के जीवन को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनाते हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा,**
**( वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार )**

## राशिफल गुरूवार 1 फरवरी, 2024



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, चित्रा नक्षत्र रात्रि 3:49 तक, धृति योग दिन 12:27 तक, वणिज करण 2:04 तक, चन्द्रमा 2:32 से तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-धनु, बुध-धनु, गुरू-मेष, शुक्र-धनु, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग रात्रि 3:49 तक है। भद्रा दिन 2:04 से रात्रि 3:03 तक तक रहेगी। आज बुध मकर राशि में दिन 2:21 पर प्रवेश करेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 8:38 तक, चर 11:19 से 12:40 तक, लाभ-अमृत 12:40 से 3:22 तक, शुभ 4:43 से सूर्यास्त तक।


**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:17, सूर्यास्त 6:04



**मेष**
स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। दिनचर्या में सुधार होगा। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। धन हानि हो सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।



**धनु**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।



**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।



**कन्या**
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।



**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।



**मिथुन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।



**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।




**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।



**कर्क**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृश्चिक**
अपने आर्थिक/वित्तीय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात घर-परिवार के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।



**मीन**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं ।

# सदन में मोदी-शाह बने भजनलाल शर्मा



रामगोपाल जाट

**लगभग** डेढ़ महीने पहले जब भाजपा ने पहली बार जीते विधायक भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाया गया था, तब उनका नाम सुनकर हर कोई चौंक गया था। यहां तक कि यह निर्णय भाजपा के अधिकांश नेताओं के भी आसानी से गले नहीं उतरा। विधायक दल की बैठक में वसुंधरा राजे का चौंकाने वाला वीडियो आज भी सोशल मीडिया पर यदा-कदा दिखाई दे जाता है। शुरू में जब भजनलाल सार्वजनिक सभाओं में भाषण दे रहे थे, तब कुछ जगह बोलने में गलती हुई तो विपक्ष ने उनका मजाक बनाने का भी खूब प्रयास किया। कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा तो यह भी कहा गया कि अभी तो जुबान फिसल रही है, यही हालात रहे तो कुर्सी भी फिसल जाएगी, किंतु जब विधानसभा सत्र के दौरान राज्यपाल कलराज मिश्र के अभिभाषण पर बोलने की बारी आई तो भजनलाल ने सारे मिथक तोड़ दिए।

तैयारी के साथ सदन में बोलना राजनेता का सबसे मजबूत पक्ष माना जाता है, लेकिन तैयारी को भी यदि सदन में सही तरीके से प्रस्तुत किया जाए तो सोने पर सुहागा वाली कहावत चरितार्थ हो जाती है। इसमें कोई संशय नहीं है कि नेताओं को भाजपा के संगठन में परिश्रम, लगन और पूरी ईमानदारी से काम करने का लाभ मिलता ही है। भले पहली बार के विधायक हों, लेकिन तीन दशक तक संगठन में काम करने के बाद भजनलाल शर्मा के पास अनुभव की कमी तो है नहीं। ऐसे में उनके अनुभवों में सार्वजनिक जीवन की कहानियां और किस्से भी बहुत हैं, तो सदन की कार्यवाही को हंसी-मजाक से हल्का करने के लिए यही किस्से काम आते हैं। ऐसी कहानियां और किस्से सभी के जीवन का हिस्सा होते हैं, लेकिन उनको रोचकता के साथ सुनाना भी एक कला है।

आपने गौर किया होगा, जितने भी बड़े नेता हुए हैं, उनके पास उनके सार्वजनिक जीवन की कहानियां और किस्से खूब होते हैं। नेता अक्सर अपने समर्थकों के साथ जब गपशप करते हैं, तो उनके किस्से खत्म नहीं होते और यही रोचक किस्से उनको जनता से बांधे रखते हैं। अपने जीवन के घटित किस्सों को सुनाते समय व्यक्ति अधिक रोचकता ला सकता है। भजनलाल शर्मा विधानसभा में करीब दो घंटे तक बोले, और इस दौरान सदन में ठहाके भी खूब सुनाई दिए। पहली बार सदन में बोल रहे थे, लेकिन ऐसा लगा ही नहीं कि कोई पहली बार का विधायक सदन में पहली बार बोल रहा था। शुरुआत में कांग्रेसी नेताओं ने उनको कमतर आंका और कमजोर दिखाने का भी खूब प्रयास किया, लेकिन कुछ ही मिनटों में भजनलाल ने मुख्यमंत्री वाली लय पकड़ ली। उसके बाद तो विपक्ष पर कटाक्ष करके उनकी हवाइयां उड़ा दीं। नरेंद्र मोदी और अमित शाह की तरह बातें की, उनकी तरह विपक्ष की ओर इशारे किए, बल्कि खड़े रहने से लेकर विपक्ष का मजाक उड़ाने में भी वही तरीका अपनाया, जो संसद में मोदी-शाह अपनाते हैं। भाषण देखकर लोगों ने तो यहां तक कह दिया कि भजनलाल शर्मा ने दो महीने में मोदी-शाह को कॉपी कर दिया है। किंतु यह भी बहुत बड़ी बात है कि दो महीने में ही देश के दो बड़े नेताओं को इस तरह कॉपी कर दो घंटे भाषण दे दिया।

सदन में भजनलाल के भाषण की शुरुआत बेहद सकारात्मक रही है। विपक्ष के सदस्यों ने भी खूब आनंद लिए, यहां तक कि सीएम ने खुद भी उनकी तरह पहली बार चुनकर आए सदस्यों को सीएम होने जैसा अहसास नहीं करवाया है। आपको याद होगा, पिछले ढाई दशक में दो ऐसे सीएम रहे हैं, जिनके सदन में वरिष्ठ मंत्री तक नजदीक नहीं जा पाते थे, विधायक तो छोड़ ही दीजिए। भजनलाल ने सभी को सहज रखने का काम किया और यह भी जता दिया कि वो जमीन से जुड़े हुए नेता हैं। प्रदेश हित में उनको 10 साल के बच्चे से लेकर मंत्री तक राय दे सकते हैं। सबकी राय मानने वाला सीएम बहुत लंबी पारी खेलता है। स्व. भैरोंसिंह शेखावत जैसे नेता के गुण भी भजनलाल में दिखे, तो अमित शाह जैसी आक्रामकता और नरेंद्र मोदी जैसे कटाक्ष भी खूब मारे। आज भजनलाल देश के सबसे जूनियर मुख्यमंत्रियों में से एक हैं, लेकिन राजस्थान विधानसभा के भीतर बैठे उनके ही वरिष्ठ साथियों को यह अहसास जरूर हो गया होगा कि मोदी-शाह ने सीएम का चुनाव करने में कोई गलती नहीं की है। यह बात सही है कि सीनियर नेताओं को उनके साथ तालमेल बिठाने में काफी दिक्कतें होंगी, लेकिन जैसा तालमेल विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बिठाया है, वैसा सभी को बिठा लेना चाहिए, क्योंकि भजनलाल ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि अवसर मिला तो वो लंबे समय तक राजस्थान की राजनीति में राज करने वाले हैं।

कुछ सीनियर नेता मंत्री हैं, तो कुछ महज विधायक बनकर बैठे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि वसुंधरा राजे भी चुप नहीं रहने वाली हैं, लेकिन भाजपा में अब न केवल वसुंधरा राजे का समय बीत चुका है, बल्कि उनका चमत्कार दिखाने का समय भी जा चुका है। यह बात उनको दिल से मान लेनी चाहिए। यही एक बड़े नेता का गुण होता है, कि समय के साथ खुद को ढाल लेना चाहिए। राजस्थान के प्रवेश द्वार भरतपुर में किसान के घर के जन्म, धरती पुत्र से बीजेपी के छात्र संगठन में और उसके बाद युवा मोर्चा से भाजपा की भट्टी में तपकर निकले भजनलाल शर्मा भाजपा का वर्तमान तो है ही, भविष्य भी दिखाई दे रहे हैं। अपने अनुभवों और जमीनी सच्चाई के साथ आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं। भजनलाल ने यदि आगे भी इस रास्ते को नहीं छोड़ा तो कुछ समय बाद वही लोग उनके प्रशंसक होंगे, जो आज आलोचना कर रहे हैं। अन्यथा समय बदलते समय नहीं लगता है।

**– रामगोपाल जाट,**
**वरिष्ठ पत्रकार**

# जनता की सुविधार्थ नगरीय निकायों के नियमों-प्रक्रियाओं में बदलाव-सतत डिजिटल मॉनिटरिंग आवश्यक व कुछ सुझाव



महावीर सिंह

इस लेख का आधार समय-समय पर विभिन्न अखबारों में प्रकाशित समाचार है जैसे--जेडीए में 10 हजार से अधिक पट्टों की फाइलें लंबित--स्थानीय निकायों द्वारा मास्टर प्लान के विपरीत मल्टीस्टोरी बिल्डिंग्स की अनुमतियाँ--कच्ची बस्ती नियमन की धीमी गति--जेडीए व अन्य निकायों मेंऑनलाइन सिस्टम में दक्षिणा बंद तो ऑफलाइन पर जोर-कॉलोनीज में 15 मीटर की जगह 18 मीटर ऊंची इमारते बन रही हैं-कोमर्सियल कॉम्प्लेक्सेज में पास नक्शों के विपरीत पार्किंग एरिया में कोमर्सियल व अन्य निर्माण --लोक सेवा गारंटी अधिनियम की भी कोई पालना नहीं, आदि।

एक पुराने मित्र से, जो निकायों के मामलों में, टाउन प्लानिंग कार्यों से जुड़े रहे थे, उनसे इन समाचारों/अनियमितताओं पर समय-समय पर विस्तार से चर्चा की, कुछ नियमों को भी पढ़ा, जिसके आधार पर, संयुक्त रूप से उनके साथ यह लेख लिखा जा रहा है।

(1) कच्ची बस्तियों में भूखंड पट्टे ::-

1-1-81 से 31-12-21 के बीच के कब्जों का नियमन करने के लिए, समय-समय पर कच्ची बस्तियां अधिसूचित की गई थी। इनमें अहस्तांतरणीय पट्टे जारी किए थे।

जिन बस्तियों में आधारभूत सुविधाएं विकसित हो गई, उन्हें डिनोटिफाइ किया जा सकता है और समय-समय पर घोषित विभिन्न कटऑफ डेट्स तक के शेष कब्जों का नियमन किया जाना चाहिए।

किन्तु समस्या उन कब्जों की है जो बस्ती डिनोटिफाइड होने के बाद हुए अथवा जिस भूखंड का अहस्तांतरणीय पट्टा पूर्व कब्जाधारी ले चुका किन्तु उसने भूखंड किसी दूसरे को बेच दिया अथवा कब्जाधारी का अन्यत्र कब्जा अथवा वैध तरीके से प्राप्त भूखंड-भवन है।

ऐसे कब्जों को, यदि वे बिल्डिंग लाइन में हो, सार्वजनिक हित की भूमियों पर न हों, रहवासी का शहर में अन्यत्र कोई सही या गलत ढंग से कब्जाया मकान/भूखंड न हो तो उनके नियमन पर, उचित कीमत के आधार पर, विचार किया जाना चाहिए।

नियमन की कीमत, निकाय स्तर पर निकाय अश्यक्ष, मुख्य कार्यकारी, नगर नियोजन विभाग का प्रतिनिधि आदि की कमेटी, विभिन्न कॉलोनीज की स्थिति, आगे की संभावनाएं आदि ध्यान में रख कर, तय कर दे।

इन मामलों में सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि भूमाफिया इस प्रकार की कॉलोनीज में कब्जे करवाते है और 5,10 रुपए की अत्यल्प कीमत पर अहस्तांतरणीय पट्टे अपने आदमियों को दिलवाकर, उन्हें खरीद लेते है और मिलीभगत से रिकार्ड में हेराफेरी करवाकर, उस भूमि को सरकारी भूमि बता कर नए सिरे से पट्टे लेते हैं।

(2) धारा 69(क)के दुरुपयोग से उतपन्न समस्याएं::---इस धारा के प्रावधानों के अनुसार, यदि निकाय सीमा में किसी व्यक्ति के पास वैध गैर कृषि भूमि है तो वह उसे निकाय को सरेंडर कर,पट्टा ले सकता है।

विभाग नें 27/9/21 को एक आदेश जारी किया जिसके अनुसार मात्र कब्जे को भूमिधारित करने का साक्ष्य मान कर कच्ची बस्तियों व सरकारी भूमियों पर, धारा 69(क) के अंतर्गत पट्टे जारी किए गए, जो अवैध हैं।

धारा 69 (क) के अन्तर्गत केवल वही मामले आने चाहिए जहां या तो राजस्व रिकार्ड में ऐसा गैर कृषि कब्जा दर्ज हो या किसी न्यायालय के किसी आदेश से या राजकीय विभाग में दर्ज निजी स्वामित्व की भूमि हो ।

इस श्रेणी की भूमियों के कब्जे प्रीमियम लेकर (दरें तय करने के लिए निकाय स्तर की स्थानीय कमेटी बने) नियमित करने पर विचार किया जाना चाहिए बशर्ते अन्य किसी विधिक या नगर नियोजन की दृष्टि से आपत्ति न हो।

(3) भू राजस्व अधिनियम की धारा 90(क) के अंतर्गत गैर कृषि उपयोग की भूमियों का नियमन::--

खातेदारी की कृषि भूमि पर हुए निर्माणों के नियमन के लिए यह धारा लाई गई है। इन भूमियों पर निर्माण को नियमन के लिए नियम बने हुए है किंतु इस कार्य में दो प्रमुख समस्याएं हैं:- (1) भूमि का मास्टर प्लान में अन्य उपयोग जैसे की सड़क या अन्य उपयोग के लिए होना। (2)विद्युत लाइंस का भवनों के ऊपर से जाना।

मास्टरप्लान की दिक्कत निकाय अपने स्तर पर जोनल प्लान बनाएं और राज्य सरकार से अनुमोदित कराएं।

विद्युत लाइन की सम्बंधित समस्या के लिए निकाय अपने स्तर पर सम्बंधित अधिकारियों के मध्यम से निराकरण करावें।

(4) भवन मानचित्र, नाम से हस्तांतरण, भवन मानचित्र, भूखंड, उपविभाजन, भूखंड एकीकरण के मामले::-

इन कार्यों के लिए, नित्यप्रति सैंकड़ों आम आदमीयों का नगरपालिकाओं-परिषदों व नगर विकास न्यास -प्राधिकरणों से वास्ता पड़ता है।इन कार्यों के लिए विहित प्रक्रियाओं का ओर सरलीकरण किया जाना जन हित में आवश्यक है।

नाम हस्तांतरण के लिए अंतिम क्रेता/या अन्य विधिक माध्यम से स्वामित्वधारी, निर्धारित शुल्क की गणना आवेदक स्वयं करलें, पूर्व पट्टे व चैन दस्तावेजों की प्रतियां साथ लगा के,आवेदक शुल्क निकाय में / से जमा करवा के,उसकी प्रति आवेदन के साथ लगा कर, ऑनलाइन/ऑफलाइन जमा करवादे। इसका निस्तारण एक निश्चित अवधि 3/5/7 दिन तय कियाए और स्वीकृति/कमी पूर्ति की सूचना आवेदक को हेल्पलाइन से इस अवधि में मिल जाए।

योजना/ गैर योजना क्षेत्र में पंजीकृत दस्तावेजों के माध्यम से उपविभाजन/पुनर्गठन के मामले:-

इसके लिए आवेदक, सम्बंधित 1975 के नियमों के अनुसार उपविभाजित/पुनर्गठित भूखंड का प्लान निकाय में पंजीकृत नक्शानवीश/वास्तुविद से अनुमोदित नक्शे के साथ, निर्धारित फीस/शुल्क / से निकाय में जमा करवाकर, सादा पेपर पर ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन कर दें। स्वीकृति/कमी/अस्वीकृति की सूचना आवेदक को 3/5/7 दिन की निर्धारित अवधि में दी जाए। इसी प्रकार की प्रक्रिया व समयावधि भवन निर्माण के प्रार्थना पत्रों की अनुमति देने के लिए अपनायी जा सकती है।

(5) हाई राइज/मल्टी स्टोरिड बिल्डिंग्स व पार्किंग के सम्बंध में, नियमों की अवहेलना के सम्बंध में लगातार शिकायते/नियमों की अवहेलना के समचत आते ही रहते है।

पूर्व में निकायों द्वारा अनुमोदित आवासीय कॉलोनीज में,मल्टी स्टोरिड बिल्डिंग्स की अनुमति देते समय इस बात का ख्याल रखा जाना अत्यावश्यक है कि कॉलोनी में पूर्व में विकसित आधारभूत सुविधाओं यथा पानी, बिजली, सीवरेज आदि पर कोई प्रतिकूल असर तो नहीं पड़ेगा। इसके साथ ही पर्याप्त रोशनी, हरियाली की उपलब्धता भी देखी जानी आवश्यक है।

इन कॉलोनीज में कोमर्सियल कॉम्प्लेक्सेज बनाना वैसे तो नगरनियोजन के सामान्य सिधान्तो के विपरीत है किंतु किन्ही अज्ञात कारणों (जो जनता को ज्ञात होते है) से ऐसा किया जाता है तो पार्किंग की माकूल व्यवस्था के प्रावधान नक्शे में किए जाए और इससे भी ज्यादा आवश्यक है उनकी कठोरता से पालना, जिसका सर्वत्र अभाव दिखता है। इन कॉमर्सियल कोमपलेक्सेज में काम करने वालों के वाहन आवासीय कॉलोनियों की गलियों में, ट्रैफिक बाधित कर, खड़े रहते है।

अव्यवस्थित व शहरी यातायात में भारी व्यवधान उतपन्न करने वाली एक ओर बड़ी समस्या है निर्धारित कोमर्सियल स्थानों पर बने कोमर्सियल कॉम्प्लेक्सेज। इनके भूतल या उस से नीचे की मंजिल पर पार्किंग के प्रावधान नक्शों में तो किए ही जाते होंगे किन्तु हकीकत में बहुत बड़ी संख्या में इन जगहों में पार्किंग के बजाय व्यवसायिक गतिविधियां चलती है। उसका प्रथम दुष्प्रभाव होता है--यहां काम करनेवालों को वाहन अन्यत्र सार्वजनिक सड़कों या अन्य स्थानों पर खड़े करने ही पड़ते है।

इन कोमर्सियल कॉम्प्लेक्सेज में आने वाले कस्टमर्स के जितने भी वाहन आते है उनके भी सारे वाहन सड़को पर ही खड़े रहते है। इस समस्या का निदान करना आवश्यक है--या तो ओपन सार्वजनिक पार्किंग निकाय बनाएं या कोमर्सियल कॉम्प्लेक्सेज के मालिकों से बनवाए या इन कॉम्प्लेक्सेज में भू तलों में पार्किंग की व्यवस्था व संधारण करवाए। निकाय स्वीकृत नक्शों के अनुसार निर्माण हुआ या नहीं, कॉम्प्लेजसेज में बनाई गई पार्किंग सुविधा आदि की समय-समय पर मोनिटरिंग करे, सतत सघन निरीक्षण आवश्यक है।

**–महावीर सिंह,,**
**पूर्व आईएएस व बच्चू सिंह**
**सेवानिवृत्त सहायक नगर नियोजक**

# अनुकूल मौसम व पर्याप्त बारिश की वजह से किन्नू का बम्पर उत्पादन

## बांग्लादेश, नेपाल में निर्यात कम होने से तीन गुना टूटे किन्नू के भाव

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। इलाके में इस बार अनुकूल मौसम व पर्याप्त बारिश की वजह से किन्नू का बंपर उत्पादन हुआ है। साथ ही जिले में कड़ाके की सर्दी से श्रीगंगानगरी किन्नू में मिठास बढ़ गई। इस साल 3 लाख 80 हजार मीट्रिक टन किन्नू उत्पादन का अनुमान है। इसके के चलते किन्नू के भाव पिछले साल की तुलना में तीन गुना कम मिल रहे हैं। इसके चलते करीब पचास फीसदी किन्नू अभी बागानों में पड़ा हुआ है। दो साल से बांग्लादेश किन्नू निर्यात को ट्रेन नहीं चलने व यहां कोई प्रोसेसिंग प्लांट नहीं होने के कारण यह स्थिति बन रही है। गत वर्ष तीन गुना से भी अधिक उत्पादन कम रहा था।

- **इस साल 3 लाख 80 हजार मीट्रिक टन किन्नू उत्पादन का अनुमान है**
- **इस बार किन्नू 8 से 12 रुपए प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है**

किसानों ने बताया कि पिछले वर्ष इस समय किन्नू का भाव 25 से 30 रुपए प्रति किलोग्राम तक बिक रहा था। जबकि इस बार 8 से 12 रुपए प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। जबकि खुले बाजार में किन्नू पिछली बार 35 से 50 रुपए जबकि इस बार 10 से 15- 20 रुपए किलोग्राम तक मुश्किल से पहुंच पाया है। श्रीगंगानगर और पड़ोसी राज्य पंजाब के अबोहर क्षेत्र के बागों में इस बार 25 हजार हैक्टेयर में किन्नू की बागवानी है। किन्नू उत्पादक संघ के व्यापारियों का कहना है कि इस बार मुश्किल से दस फीसदी किन्नू ही बाहर भेजा जा सका है।

तीन साल पहले श्रीगंगानगर से किन्नू स्पेशल ट्रेन से किन्नू बांग्लादेश निर्यात किया गया था। किन्नू व्यापारियों ने बताया कि जबकि इस बार किन्नू व्यापारियों के लिए बहुत बड़ा संकट खड़ा हो गया था। इस बार बांग्लादेश में किन्नू निर्यात नहीं हो पाया। किन्नू व्यापारियों ने बताया कि इस बार बांग्लादेश में किन्नू की इम्पोर्ट ड्यूटी 87 रुपए प्रति किलोग्राम है। तब इम्पोर्ट ड्यूटी 35 रुपए प्रति किलोग्राम थी। जिले में किन्नू का बंपर उत्पाद है जबकि यहां पर प्रोसेसिंग प्लांट तक नहीं है। इस कारण किसानों को किन्नू का अच्छा भाव नहीं मिल पाता है।

किन्नू उत्पादक किसान विकास भादू का कहना है कि इस बार किन्नू आठ से लेकर 12 रुपए प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है, जबकि पिछली बार इन दिनों 25 से 30 रुपए प्रति किलोग्राम तक बिक रहा था।

दक्षिणी राज्यों के अलावा नेपाल के लोगों को भी गंगानगरी किन्नू का स्वाद भाता है। तमिलनाडु के कोयंबटूर, मदुरै, केरला के विभिन्न शहरों, आंधप्रदेश के हैदराबाद, विजयवाड़ा, महाराष्ट्र के मुंबई, नासिक, उत्तर प्रदेश के मेरठ, लखनऊ, कर्नाटक के बेंगलूरु, गुजरात के अहमदाबाद, सूरत, बड़ौदा, मध्यप्रदेश के इंदौर और भोपाल में गंगानगरी किन्नू की सप्लाई होती है। वहां से अन्य शहरों में किन्नू भेजा जाता है। किन्नू की खेती सिर्फ राजस्थान के जिलों में ही नहीं, बल्कि पड़ोसी प्रदेश पंजाब के अबोहर, फिरोजपुर, मुक्तसर, बठिंडा, होशियारपुर व मलोट आदि क्षेत्र में भी हो रही है। यहां की भूमि किन्नू के लिए मुफीद है।

श्याम लाल बगड़िया, पूर्व सचिव गंगानगर किन्नू संघ का कहना है कि श्रीगंगानगर और पंजाब के अबोहर क्षेत्र में किन्नू का बंपर उत्पादन है लेकिन श्रीगंगानगर में किन्नू का औसत भाव 7 से 8 रुपए प्रति किलोग्राम होने से मंदा ही चल रहा है। इसका मुख्य कारण बांग्लादेश में किन्नू निर्यात बहुत कम हुआ है।

## साक्षात्कार का नौवां चरण पांच से

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा पशु चिकित्सा अधिकारी (पशुपालन विभाग) भर्ती 2019 के पदों के लिए साक्षात्कार का नौवां चरण 5 फरवरी से 7 फरवरी 2024 तक आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथा समय अपलोड कर दिए जाएंगे। आयोग सचिव ने बताया कि नौवें चरण में 162 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा।

## 347 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा बुधवार को संस्कृत शिक्षा विभाग में 6 विषयों हेतु वरिष्ठ अध्यापक के कुल 347 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया है। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 6 फरवरी से 6 मार्च 2024 की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# आयुर्वेद डॉक्टर्स की रिटायरमेंट आयु 62 साल करने का फैसला बरकरार

## सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया

**जयपुर, (का.सं.)।** सुप्रीम कोर्ट ने आयुर्वेद डॉक्टर्स की रिटायरमेंट आयु साठ साल से बढाकर 62 साल करने के संबंध में हाईकोर्ट की ओर से 13 जुलाई, 2022 को दिए आदेश को सही माना है। इसके साथ ही अदालत ने हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ दायर राज्य सरकार की विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया है।

राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए कहा कि एलोपैथी और आयुर्वेद चिकित्सकों का कार्यक्षेत्र अलग-अलग है। एलोपैथी डॉक्टर्स की रिटायरमेंट आयु दो साल बढाना राज्य सरकार का नीतिगत निर्णय था और ऐसा एलोपैथी डॉक्टर्स की जरूरत को ध्यान में रखते हुए किया था। इसलिए एलोपैथी डॉक्टर्स की तरह आयुर्वेद डॉक्टर्स की आयु 60 साल से बढाकर 62 साल करने वाले फैसले को रद्द किया जाए।

इसके जवाब में आयुर्वेद डॉक्टर्स की ओर से कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व में भी एनडीएमसी बनाम डॉ. रामनरेश के मामले में आयुर्वेद डॉक्टर्स की रिटायरमेंट आयु भी 62 साल करने की मंजूरी दी है। इसलिए आयुर्वेद डॉक्टर्स की रिटायरमेंट आयु 60 से बढाकर 62 साल करने का हाईकोर्ट का फैसला सही है और ऐसे में राज्य सरकार की एसएलपी खारिज की जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की एसएलपी खारिज कर दी।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने अपने आदेश में ना केवल आयुर्वेद डॉक्टर्स की रिटायरमेंट आयु दो साल बढाई थी, बल्कि यह भी कहा था कि जिन आयुर्वेद डॉक्टर का रिटायरमेंट हाल में हुआ हो और जिनकी आयु 62 साल से कम है उन्हें वापस सेवा लिया जाए। हाईकोर्ट ने कहा कि जब एलोपैथी डॉक्टर्स की रिटायरमेंट आयु 62 साल है तो आयुर्वेद डॉक्टर्स की रिटायरमेंट आयु भी 62 साल की जाए और इसमें किसी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए। आयुर्वेद डॉक्टर्स ने हाईकोर्ट में कहा था कि राज्य सरकार ने 31 मार्च 2016 को एलोपैथी डॉक्टर्स की रिटायरमेंट आयु 60 से बढाकर 62 साल कर दी, लेकिन आयुर्वेद डॉक्टर्स की रिटायरमेंट आयु 60 साल ही रखी है।

## 'ई.आर.सी.पी. पर एम.ओ.यू. सार्वजनिक करें सरकार'

**जयपुर।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना एवं पार्वती काली सिंध चंबल राष्ट्रीय लिंक परियोजना के एकीकरण के उपरांत राजस्थान को प्राप्त होने वाला पानी वर्ष 2017 में तैयार की गई डीपीआर से आधा रह जाएगा। विधानसभा में चर्चा के समय भी एम ओ यू की प्रति जनता के निर्वाचित विधायकों को भी उपलब्ध नहीं करना संशय को गहरा करता है।

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना से 2,82000 हेक्टर से अधिक भूमि सिंचित होगी, वहीं 13 जिलों की जनता को पीने का मीठा पानी उपलब्ध हो सकेगा। सरकार को एम ओ यू को सार्वजनिक करते हुए उसे पर जनता में वृहद बहस खड़ी करनी चाहिए।



मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी व उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को सीके बिरला अस्पताल पहुँचकर राज्यपाल कलराज मिश्र की कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने मिश्र के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल मिश्र के बाएं घुटने का मंगलवार को ऑपरेशन हुआ है।

# 'लिवर रोगों में गिलोय की उपयोगिता को अब ब्रिटिश फार्मा ने भी माना'

■ ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने रॉयल फार्मास्यूटिकल सोसाइटी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन के प्रसिद्ध रिसर्च जर्नल 'जर्नल ऑफ फार्मेसी एण्ड फार्माकोलॉजी' में प्रमुखता से प्रकाशित किया शोधपत्र

**हरिद्वार/जयपुर।** गिलोय के हेपटोप्रोटेक्टिव (लिवर को स्वस्थ रखने की क्षमता) और अन्य लाभकारी प्रभाव को अब यूनाइटिड किंगडम ने भी स्वीकार किया है जिसे रॉयल फार्मास्यूटिकल सोसाइटी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन के प्रसिद्ध रिसर्च जर्नल 'जर्नल ऑफ फार्मेसी एण्ड फार्माकोलॉजी' में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा प्रकाशित किया है।

यू.के. के जर्नल ऑफ फार्मेसी एण्ड फार्माकोलॉजी ने स्वीकार किया है कि गिलोय पर अनुसंधान में पाया कि यह लिवर को स्वस्थ रखने के साथ शरीर की कोशिकाओं का क्षरण रोकने तथा लिवर को सुरक्षा प्रदान करने में सहायक है। साथ ही गिलोय शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि करता है। गिलोय के प्रयोग को दैनन्दिन (खाद्य के रूप में) प्रयोग करके अनेक रोगों में लाभ प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गिलोय का प्रयोग लिवर को सुरक्षा प्रदान करने वाले पूरक खाद्य के रूप में किया जा सकता है।

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि गिलोय को परंपरागत रूप से रक्त शोधन व रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि के लिए प्राचीनकाल से ही गिलोय प्रयोग किया जाता था। गिलोय एक हेपेटोप्रोटेक्टिव एजेंट है। अनुसंधान द्वारा इसकी क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए 4 मॉडल का सबसे अधिक उपयोग किया जाता है। इसके हेपेटोप्रोटेक्टिव प्रभावों का श्रेय, एल्कलॉइड्स (बर्बेरिन, पामेटाइन और जेट्रोर्रिजिन) और सिनापिक एसिड को दिया जा सकता है।

आचार्य ने कहा कि आयुर्वेद को कुलचने का भरसक प्रयास किया गया किन्तु पतंजलि ने सदैव आयुर्वेद को गौरव प्रदान किया है। कोरोनाकाल में गिलोय को लेकर भ्रांति पैदा करने का प्रयास किया गया कि गिलोय के अधिक सेवन से लिवर पर दुष्प्रभाव पड़ता है। किन्तु पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने गिलोय पर अनुसंधान कर उसे एविडेंस के साथ प्रस्तुत किया।

आचार्य ने कहा कि यह भी प्रासंगिक है कि कोरोना के खिलाफ प्रमुख औषधि कोरोनिल का एक प्रमुख घटक गिलोय है। पतंजलि के प्रयासों से आज दुनियाभर के वैज्ञानिक आयुर्वेद का लोहा मान रहे हैं।

## मुख्यमंत्री जयपुर मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे

**जयपुर, (का.सं.)।** वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था द्वारा 4 फरवरी को जयपुर में आयोजित होने वाली 15वीं एयू जयपुर मैराथन हर बार की तरह इस बार भी जेएलएन मार्ग से होकर निकलेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मैराथन को फ्लैग ऑफ करेंगे। एक प्रेस वार्ता में वर्ल्ड ट्रेड पार्क के चेयरमैन अनूप बरतरिया और आयोजक पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि कि इस बार 100 से ज्यादा संस्थाएं और 200 से अधिक स्कूल-कॉलेज एयू जयपुर मैराथन का हिस्सा बनने जा रहे हैं। मैराथन रामनिवास बाग के साउथ गेट से होकर निकलेगी।

# राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ ( राजस्थान शाखा ) की साधारण सभा की बैठक सम्पन्न

■ कार्यकारिणी सदस्यों के मनोनयन के लिये अध्यक्ष वासुदेव देवनानी प्राधिकृत

**जयपुर।** सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के गठन के पश्चात राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा की साधारण सभा की प्रथम बैठक मंगलवार को राजस्थान विधान सभा में आयोजित की गई।

बैठक में राजस्थान विधानसभा और राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शाखा के गठन, शाखा द्वारा किये गये कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने संघ के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी साधारण सभा में सदस्यों को देते हुए बताया कि शाखा में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, अवैतनिक सचिव, कोषाध्यक्ष शाखा का प्रबंध करते हैं। अध्यक्ष, राजस्थान विधान सभा इस शाखा के पदेन अध्यक्ष होंगे। सदन के नेता तथा विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता शाखा के पदेन उपाध्यक्ष होंगे। अवैतनिक सचिव तथा कोषाध्यक्ष कार्यकारिणी समिति द्वारा नियुक्त किये जाएंगे। देवनानी ने बताया कि शाखा के कार्यकलापों के प्रबन्ध का अधिकार कार्यकारिणी समिति को होगा जिसके दस सदस्य होंगे जो प्रति वर्ष साधारण सभा में शाखा के साधारण सदस्यों तथा पदाधिकारियों में से चुने जाएंगे। शाखा के पदधारी कार्यकारिणी समिति के भी पदधारी भी होंगे। नियमों के अनुसार विधान सभा का प्रत्येक सदस्य बिना किसी निर्वाचन के इस शाखा का साधारण सदस्य होता है। देवनानी ने बताया कि राजस्थान शाखा द्वारा राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ के मुख्यालय को प्रति वर्ष सदस्यता शुल्क का भुगतान किया जाता है। वर्ष 2023 के सदस्यता शुल्क के रूप में राशि 5727 पाउण्ड स्टर्लिंग (करीब 5 लाख 82 हजार रु.) का भुगतान किया गया है। राजस्थान शाखा राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ के भारत क्षेत्र की भी सदस्य है। इस शाखा द्वारा भारत क्षेत्र की वार्षिक सदस्यता शुल्क के रूप में संघ के मुख्यालय के वार्षिक शुल्क के रूप में राशि 5 लाख रुपये का भुगतान किया जाता है। देवनानी ने बताया कि पन्द्रहवीं राजस्थान विधान सभा के कार्यकाल के दौरान राजस्थान शाखा द्वारा विभिन्न विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया गया था।

# बेंच डे के मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान



राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर पीठ के स्थापना दिवस समारोह पर बुधवार को न्यायाधीशों ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया।

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर पीठ का 48वां स्थापना दिवस समारोह बुधवार को हाईकोर्ट परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जस्टिस पंकज भंडारी और विशिष्ट अतिथि जस्टिस इंद्रजीत सिंह थे। इस मौके पर पचास साल की वकालत अवधि पूरी करने वाले अधिवक्ता पीसी जैन, विनोदी लाल माथुर, संतोष कुमार जैन, और सीताराम जोशी सहित करीब चार दर्जन से अधिक वकीलों का सम्मान किया गया। न्यायाधीशों ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान वकीलों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

वहीं हाईकोर्ट बार अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने वकीलों की विभिन्न समस्याओं से न्यायाधीशों को अवगत कराया। कार्यक्रम में हाईकोर्ट के कई न्यायाधीशों सहित बार अध्यक्ष व महासचिव के साथ पूरी कार्यकारिणी मौजूद रही। बार अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने बताया की हाईकोर्ट परिसर में वकीलों को कई तरह की समस्या होती है। पर्याप्त पार्किंग के अभाव में वकीलों को मजबूरी में मुख्य सड़क पर वाहन खडा करना है। कई बार पार्किंग नहीं मिलती और दूसरी ओर अदालत में उसके केस का नंबर आ जाता है। जिसमें चलते मुकदमा खारिज होने तक की नौबत तक आ जाती है।

गौरतलब है कि 31 जनवरी, 1977 को हाईकोर्ट की जयपुर पीठ की स्थापना की गई थी। इसके चलते जयपुर पीठ के वकीलों की ओर से स्थापना दिवस को बेंच डे के रूप में मनाया जाता है। जबकि हाईकोर्ट की जोधपुर स्थित मुख्य पीठ में वकील विरोध दिवस के रूप में मनाते हैं।

## जयपुर लिट् कुंभ का आज से भव्य आगाज

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का 17वां संस्करण 1 फरवरी से होटल क्लार्क्स आमेर में शुरू होने वाला है। साहित्यिक समारोह में 550 से अधिक लेखक, वक्ता और कलाकार भाग लेंगे और 16 भारतीय और 8 अंतर्राष्ट्रीय भाषाएं प्रस्तुत की जाएंगी। भारतीय भाषाओं में असमिया, अवधी, बंगाली, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कुरुख, मलयालम, उड़िया, पंजाबी, राजस्थानी, संस्कृत, तमिल, टोडा, उर्दू और बंजारा भाषा-लामानी (लंबाडा) शामिल हैं। इस वर्ष भी फेस्टिवल की डेकोर थीम उत्सव रखी गई है। उत्सव राजस्थान के रंगों का जश्न मनाना और उज्जवल रंगों का प्रदर्शन है।

■ डिप्टी सीएम करेंगी उद्घाटन, 5 दिनों में 550 वक्ता

फेस्टिवल के पहले दिन की शुरुआत उद्घाटन समारोह से होगी, जिसमें उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी मुख्य अतिथि होंगी। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल गोपाल कृष्ण गांधी का मुख्य संबोधन होगा। द मॉर्निंग म्यूज़िक में पंडित कुमार गंधर्व की 100वीं जयंती मनाते हुए कलापिनी कोमकली की प्रस्तुति दी जाएगी। पहले दिन गुलज़ार, अमीश, रघुराम राजन, अजय जड़ेजा, चित्रा बनर्जी दिवाकरुनी, पवन के. वर्मा सहित अन्य कुछ प्रमुख वक्ताओं के साथ साहित्यिक वार्ता होगी।

फेस्टिवल के पहले दिन कुल 40 सत्र होंगे, जो क्लार्क्स में 5 अलग-अलग स्थानों - फ्रंट लॉन, बैठक, मुगल टेंट, चारबाग और दरबार हॉल में होंगे।

# विधानसभा में जवाब दूंगा तो ये भाग जाएंगे : डोटासरा

■ 'मुख्यमंत्री ने गलत बात की इसलिए विधानसभा में लाएंगे विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव'

**जयपुर, (का.प्र.)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा है कि बीजपी के मंत्री कर क्या रहे हैं, इनके पास करने को कुछ नहीं है। ये तो जुगाड़ करके काम चला रहे हैं। आज किसी को भी पावरफुल माना जाए, तो वह हमारा मुख्य सचिव है। मुख्य सचिव छापे मारता है, दफ्तरों में जाता है, इससे पावरफुल मुझे तो कोई नजर नहीं आता।

डोटासरा ने यह भी कहा कि ईआरसीपी पर मुख्यमंत्री सदन में कह रहे थे कि 3510 एमसीएम पानी मिला है, जबकि एमओयू के हिसाब से 2400 एमसीएम पानी मिलेगा। यह सदन के विशेषाधिकार हनन का मामला है। हम लोग सीएम के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का मामला पेश करेंगे। सीएम ने सदन को गलत जानकारी देक गुमराह किया है। पीकेसी में ये सिंचाई के लिए पानी दे नहीं सकते, ये जो पीकेसी का फंडा लेकर आए हैं वह इज्जत बचाने के लिए लेकर आएं हैं। इन्हें वसुंधरा राजे की योजना से चिढ़ थी, उस योजना को हमारी सरकार ने आगे बढ़ाया, अब उस योजना को इन्होंने बिगाड़ दिया, राज्य के हितों का नुकसान कर दिया। इसका खामियाजा इन्हें भुगतना होगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर दिए गए जवाब पर कहा कि मुख्यमंत्री सदन में मुझसे पूछ रहे थे कौनसी चक्की का आटा खाते हैं जो चार चार आरएएस बन गए। तारानगर से लड़ने वाले नेताजी से पूछ लीजिए कौनसी चक्की का आटा खाया। अब वो किस स्तर पर चर्चा को ले जाना चाहते हैं, इस पर अभी ज्यादा कहने की जरूरत नहीं है। कुछ है तो जांच करवा लीजिए, उनके पास तो सारी एजेंसियां हैं।

डोटासरा ने कहा कि 6 महीने और रुक जाओ क्या-क्या कारनामे होते हैं। उन्होंने व्यक्तिगत आरोप लगाया है, वह लगा सकते हैं। मैं जब राजस्थान विधानसभा में बोलूंगा उनके हर आरोप का जवाब दूंगा, उनके कान खड़े हो जाएंगे, उनकी सुनने की क्षमता नहीं होगी चिल्ला चिल्ला कर बाहर निकल जाएंगे, भाग जाएंगे। डोटासरा ने यह भी कहा कि ये आरोप लगा सकते हैं, जो डबल इंजन की सरकार बताते हैं, केंद्र की एजेंसियां उनके कब्जे में है जो तांडव नृत्य मचा रखा है वह सबके सामने है।

डोटासरा ने कहा कि विधानसभा में मुख्यमंत्री सवा दो घंटे बोले लेकिन उसमें जनता कि काम की एक बात नहीं थी। मुख्यमंत्री का भाषण इतना नीरस थसा कि हमें हाथ जोड़कर कहना पड़ा कि महाराज अब तो हमारा पीछा छोड़िए, हमने मान लिया आप भाषण अच्छा देते हो। मुख्यमंत्री इतने लंबे भाषण में एक बार भी जनता के लिए नहीं बोले, केवल वही बातें कहीं जो ये 5 साल तक हमारी सरकार के खिलाफ बोलते थे। अब तो विधानसभा चुनाव हो गए, जनता ने बहुमत दे दिया, अब तो काम की बात कीजिए और काम करके दिखाइए।

## चित्रगुप्त नगर प्रथम में सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण

**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने विधायक कोष से प्रदत्त राशि के द्वारा वार्ड 145 चित्रगुप्त नगर प्रथम में सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण किया। पार्षद नरेश शर्मा ने बताया कि आए दिन असामाजिक तत्वों के द्वारा गाड़ियों के शीशे तोड़े जाते हैं, कैमरे लग जाने से अपराधों पर अंकुश लगेगा। नटवर कुमावत ने बताया की राजस्थान में मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र ही है जिसमें सबसे पहले विधायक कोष से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का कार्य किया गया। अब तक 22 कॉलोनी में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा चुके हैं। 18 कॉलोनी के कार्य पाइपलाइन में हैं, आने वाले समय में सभी 26 वार्डों में विधायक कोष से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने का प्रयास किया जाएगा। स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला एवं साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर विकास समिति अध्यक्ष विनोद सैनी, महामंत्री देवेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष राजेश कुमावत, कोषाध्यक्ष अशोक सैनी, सीताराम अग्रवाल, रामलाल चौधरी, डॉ अरविंद शर्मा, नवल, राकेश विजय, शहर मंत्री महिला मोर्चा रेखा तिवाड़ी, विनोद मित्तल एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।


**तीये की बैठक**



अत्यन्त दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय **श्री रामचरण जी बंसल** सुपुत्र स्व. श्री बनवारीलाल जी चौधरी (कोटपूतली वाले) 30.01.2024 को देवस्थानागमन हो गए है। तीये की बैठक 01.02.2024 को सायं 3 से 4 बजे तक डूंगरी हाउस गार्डन, चौराडिया सिटी के पास, कनक विहार, अजमेर रोड पर होगी।

**शोकाकुल**-संतोष (धर्मपत्नी), वत्सला (RBMHS) -धीरज, वन्दना (MGD) -राजेश, विनीता-गजेन्द्र, विभा-एडजियो, आभा-सुशांत (पुत्री-दामाद), पराग, एकाग्र, विवान, नील (दोहिते), पल्लवी, आरूषि, सुदीक्षा, विधि, रिशिका, तारा (दोहिती) एवं समस्त बंसल (चौधरी) परिवार।



अत्यन्त दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माताजी **श्रीमती चन्दा देवी** (धर्मपत्नी स्व. श्री लक्ष्मीनारायण खण्डारिया (कुमावत) का स्वर्गवास 30.01.2024 को हो गया है। तीये की बैठक (गुरूवार) दिनांक 01.02.2024 को सायं 4 से 5 बजे तक महादेव गार्डन, महादेव नगर, राम नगर विस्तार, स्वेज फार्म, सोडाला पर होगी।

**शोकाकुल**- ओम प्रकाश-लक्ष्मीदेवी (देवर-देवरानी), अशोक-विद्यादेवी (पुत्र-पुत्रवधू), आयुष (पौत्र), विमला-मानचन्द, सुशीला-सत्यनारायण, इन्दिरा-शिवकुमार, हेमलता-संजीव (पुत्री-दामाद), श्रुति-कमल, आकांक्षा-राघव (पौत्री-दामाद) एवं समस्त खण्डारिया परिवार
9950207361, 7727845665

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक फ्लैट संख्या 201, जिसका बिल्डअप एरिया 1050 वर्गफुट है जो कि प्लॉट संख्या 191 जयपुर नगर चौकडी हवाली शहर, राम गली संख्या 1, राजापार्क, जयपुर के मध्य भाग पर स्थित है, जिसको खरीदन के लिए मेरे अभिभाष्य डॉक्टर चंद्रशेखर जोशी, सी-22 भगत सिंह मार्ग, तिलक नगर, जयपुर द्वारा एक इकरारनामा उक्त सम्पत्ति के मुख्यारनामा धारक श्री विजेन्द्र डोडा पुत्र श्री देवीदत्ता राम डोडा के साथ किया गया है अतः किसी भी व्यक्ति संस्था अथवा अन्य हितधारक को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो आज से 7 दिवस के मध्य लिखित आपत्ति दस्तावेजी साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर दें। अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। एवं मेरे अभिभाष्य द्वारा उक्त संपत्ति को अविवादित मानकर खरीद कर लिया जावेगा।
नरेन्द्र कुमार पारीक, एडवोकेट
राजस्थान हाई कोर्ट, मो. 9602750700

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 2775/18
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी विनय कुमार कुशवाह पुत्र स्व. श्री रामदेव मौर्य जाति मौर्य विवाद स्थान-मकान नं. 43, राजहंस कॉलोनी-2, ब्रह्मपुरी रोड, जयपुर
मृतक रामदेव मौर्य की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 28.02.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम रामदेव मौर्य पुत्र स्व. श्री खेदूराम निवासी मकान नं. 43, राजहंस कॉलोनी ब्रह्मपुरी रोड, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 28 माह 02 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 22 माह 01 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थी द्वारा मृतक रामदेव मौर्य के नाम प्रार्थना पत्र में वर्णित खाते में जमा राशि व शेयर्स बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
मोहर अदालत
आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर-प्रथम

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बड़े भाई परम संत मोहनदास पुत्र श्री श्रीराम शिष्य चर्तुसहाय निवासी ग्राम पीपलाजागीर परगना व तहसील चांदपुर जिला बिजनौर, उ. प्र. ने एक वसीयत करायी थी। मेरे बड़े भाई का देहान्त हो चुका है। अब उस वसीयत को मेरे नाम से किया जाना है। **कृपाराम लखेड़ा पुत्र श्री श्रीराम निवासी श्यामपुर गाजीवाली तहसील व जिला हरिद्वार**

**हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम 11, सांगानेर, जयपुर, महानगर प्रथम
भगवती प्रसाद विरूद्ध योगेश व अन्य
27
31/01/2024 वाद/ प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा
प्रार्थना पत्र संख्या सन् सीआईएस 257/2020
नाम योगेश कुमार पुत्र श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता जाति वैश्य पता सी-20, पत्रकार कॉलोनी ग्राम धोलाई तह. सांगानेर, जिला जयपुर उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 03.02.2024 को प्रातः 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेगे तो उक्त आदेश की सुनवाई व निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जावेगा। यह आज तारिख 31.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर से व न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।
रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
संख्या 11, जयपुर महानगर प्रथम

**आम सूचना** सूचित किया जाता है कि एक आवासीय प्लाट नम्बर 72, नानू नगर, मुरलीपुरा, सीकर रोड, जयपुर, राजस्थान, कुल क्षेत्रफल 271.6 वर्गगज के स्वामित्वाधिकार श्री राम सिंह के स्वर्गवास के पश्चात् उनके विधिक वारिसान् में श्री लक्ष्मण सिंह राठौड, श्री मंगल सिंह राठौड एवं श्री हनुमन्त सिंह राठौड द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 23.03.2013 के द्वारा श्रीमती अखै कंवर को प्राप्त हुये तथा श्रीमती अखै कंवर के स्वर्गवास के पश्चात् उक्त सम्पत्ति के स्वामित्वाधिकार उनके विधिक वारिसान् श्री लक्ष्मण सिंह राठौड, श्री मंगल सिंह राठौड एवं श्री हनुमन्त सिंह राठौड को प्राप्त हुये। स्वर्गीय श्री राम सिंह एवं स्वर्गीय श्रीमती अखै कंवर का श्री लक्ष्मण सिंह राठौड, श्री मंगल सिंह राठौड एवं श्री हनुमन्त सिंह राठौड के अलावा अन्य कोई विधिक उत्तराधिकारी एवं वारिस नहीं है। श्री लक्ष्मण सिंह राठौड, श्री मंगल सिंह राठौड एवं श्री हनुमन्त सिंह राठौड से उक्त सम्पत्ति को श्रीमती शान्ति खण्डेलवाल क्रय कर रही हैं तथा उक्त क्रय बाबत् मेरी अभिभाष्या ऋणदात्री संस्था L&T Finance Ltd- से ऋण प्राप्त कर रही हैं। उक्तसम्पत्ति स्वामित्व एवं क्रय व ऋण बाबत् किसी भी व्यक्ति/ संस्था / बैंक या अन्य किसी भी पक्ष को किसी प्रकार की आपत्ति या आक्षेप हो तो निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता को अन्दर मियाद 14 दिवस में मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित सम्पर्क करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विधि अनुसार शून्य मानी जावेगी।
पुलकित गर्ग (एडवोकेट),
MZ-4, अलंकार टॉवर, कबीर मार्ग, बनीपार्क, जयपुर -मो.9828084002

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
क्रम .11 स्थान सांगानेर जयपुर महानगर प्रथम
26
31/01/2024 वाद बाबत स्थाई निषेधाज्ञा
सीआई एस नं. 494/20
भगवती प्रसाद विरूद्ध योगेश व अन्य
बनाम योगेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता जाति वैश्य स्थान मकान नंबर सी-20, पत्रकार कॉलोनी ग्राम धोलाई तह. सांगानेर, जिला जयपुर वादी ने आपके विरूद्ध के लिए वाद पंजीकृत किया था आपका इस न्यायालय में तारीख 03 माह 02 सन् 2024 को दिन 10:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें। उस दिन ऐसे सभी दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति मे है पेश करे जिनपर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल सुनवाई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य किसी दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूपमें निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजो को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिती में किया जावेगा।
यह वाद दिनांक 31 माह 01 सन् 24 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
संख्या 11, जयपुर महानगर प्रथम

**आम सूचना**
मेरा जेडीए द्वारा अनुमोदित सुमेल योजना में आवासीय भूखण्ड संख्या बी-419, जो कि स्वतंत्र कुमार पुत्र श्री सुरेश सिंह के नाम से है जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1849 मुन्नी देवी पत्नी श्री छुट्टन लाल सैनी के नाम से है कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सूचित करें। मो. 9214015055

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी चाकसू जिला जयपुर राज.
प्रवीण सिंह विरूद्ध कैलाश वगै.
वाद बाबत तकासमा व स्थाई निषेधाज्ञा
वाद सं. 425/सन् 2023
बनाम कैलाश पुत्र भोमाराम जाति बैरवा निवासी ग्राम दयापुरा तहसील चाकसू जिला जयपुर राज., 2. भीवाराम पुत्र घासीराम जाति बलाई निवासी भांवता तहसील निवाई जिला टोंक राज., 3. आशा देवी पुत्री ईश्वरलाल, 4. राकेश पुत्र ईश्वरलाल, 5. राजू पुत्र ईश्वरलाल, 6. सीता देवी पत्नि ईश्वरलाल, 7. मु. जीवणी पत्नि रामचन्दर, 8. महादेव पुत्र रामचन्दर, 9. रामप्रसाद पुत्र रामचन्दर समस्त जाति बैरवा निवासी ग्राम दयापुरा तहसील चाकसू जिला जयपुर राज., 10. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार तहसील चाकसू जिला जयपुर राज., 11. उपपंजीयक जरिये उपपंजीयन कार्यालय चाकसू जिला जयपुर राज. वादी ने आपके विरूद्ध तकासमा करवाने के लिए वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में 05.02.2024 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 29 माह 01 सन् 24 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत
न्यायाधीश, उपखण्ड अधिकारी
उपखण्ड, चाकसू (जयपुर)

**खोया पाया**

प्लाट सं. 219, योजना सुर्य नगर गणेश मार्ग गोपालपुरा बाईपास जयपुर के समिति द्वारा जारी आवंटन पत्र रसीद साईट प्लान गुम हो गये है। मिलने पर संपर्क करें- आभा शर्मा-6377317061

प्लाट सं. 219-ए, योजना सुर्य नगर गणेश मार्ग गोपालपुरा बाईपास जयपुर के समिति द्वारा जारी आवंटन पत्र रसीद साईट प्लान गुम हो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें-ब्रह्मप्रकाश शर्मा-9350044435

मेरे प्लाट नं. जे-27, गणेश विहार विस्तार, चंदलाई वाटिका जयपुर विमल पारीक पुत्र शिव प्रताप पारीक के ओरिजनल अलॉटमेंट लेटर, साइट प्लान Certificate पेमेंट रसीद सत्कार शोपिंग सेंटर, मालवीय नगर जाते समय गिर गया है मिलने पर सम्पर्क करें-9352676645

मेरे प्लाट नं. जे-40, गणेश विहार विस्तार, चंदलाई, जयपुर मंजू जैन पत्नि संजय जैन के ओरिजनल अलॉटमेंट लेटर, साइट प्लान, रसीद Certificate आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर जाते समय गिर गया है मिलने पर संपर्क करें-9314911103

राजस्थान आवासन मंडल जवाहर नगर की आवास संख्या 2/155 का NOC डिक्लेरेशन लेटर, साइड प्लान व लीज सर्टिफिकेट कहीं खो गए है मिलने पर सूचित करें-हेमंत माथुर-9829065267

**नाम परिवर्तन**

हम, भुनेश कुमार जाखड तथा खुशबू पत्नि भुनेश कुमार जाखड़ ने अपने पुत्र अर्नव का नाम बदलकर अर्नव जाखड़ रख लिया है। भविष्य में उसे अर्नव जाखड़ के नाम से ही जाना जावें।

मैंने अपना नाम मिनाक्षी हरीरामाणी से बदलकर मिनाक्षी माणी रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। पता-592, सिन्धी कॉलोनी राजापार्क, जयपुर

मैं, जोया अख्तर पुत्री आदिल अख्तर मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिपूर्वक जोया नकवी (Joya Naqvi) अंकित है। जिसे मैं मेरे पासपोर्ट में अपना नाम जोया अख्तर (Zoya Akhtar) करना चाहती हूँ। निवासी म.नं. 56, एकता कॉलोनी, आदर्श नगर, जयपुर (राज.)

मैं कोली दीपाली रावसाहेब, आर्मी नंबर 15256964-ए, लांस/नायक (ओपीआर) कोली विशाल रावसो, यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट की मां हूँ। मेरे बेटे के सैन्य दस्तावेजों में मेरा नाम कोली दीपाली रावसो है जो गलत है। मेरा असली और सही नाम कोली दीपाली रावसाहेब है।

मैं वर्षा संदीप वाघ पत्नि आर्मी नंबर 15224118-डब्ल्यू नायक वाघ संदीप दिलीप युनिट 199 मीडियम रेजिमेंट मेरी पत्नी का नाम वर्षा है जो गलत है मेरा वास्तविक नाम वर्षा संदीप वाघ है।

मैंने मेरा नाम वर्षा खानचंदानी से बदलकर विवाह उपरांत प्रीत खटवानी रख लिया है। भविष्य में मुझे नये नाम से जाना जावें। पता-फ्लैट नं. 403, 4-फ्लोर बालाजी आशियाना, लक्ष्मणरेखा स्कीम प्लाट नं. 46-66, नियर वर्धमान स्वप्नलोक, लक्ष्मीनगर रोड, झोटवाड़ा, जयपुर (राजस्थान)-302012

मेरा नाम राकेश जांगिड़ से बदलकर आशुतोष जांगिड़ रख लिया है मेरी पुत्री तन्वी जांगिड़, वंशिका जांगिड़ का स्कूल रिकार्ड में पिता का नाम राकेश जांगिड़ गलत दर्ज हो गया। भविष्य में आशुतोष जांगिड़ के नाम से जाना जावें। पता- 5, गोविन्द नगर जोडला पावर हाउस हरमाड़ा जयपुर

I Javed S/o Ishak Mohammad R/o Ward No. 23, Teliyo Ka Mohalla, Taranagar, Churu, Rajasthan-331304, have changed my name to Mustak Khan

# मावठ होने से किसानों के चेहरे खिले, फसलों को जीवनदान मिला

## पश्चिमी विक्षोभ से सादुलपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में सीजन की पहली मावठ हुई

**सादुलपुर, (निसं)।** बुधवार सुबह से ही दिनभर रूक-रूक कर बूंदाबांदी व बरसात के दौर से क्षेत्र में हुई मावठ से किसानों के चेहरे खिल उठे। वहीं रबी की फसलों को नया जीवनदान मिला। सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र में कड़ाके की सर्दी एवं शीतलहर के बीच उत्तरी राजस्थान एवं पाकिस्तान के ऊपर बने साइक्लोन सिस्टम पश्चिमी विक्षोभ से उपखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में सीजन की पहली मावठ हुई। वहीं बुधवार सुबह से ही बादलवाही एवं पुरवाई हवाओं का दौर बना रहा। इसी बीच एकाएक उत्तर पश्चिमी हवा के बदलाव के होते ही सुबह आठ बजे हल्की बूंदाबांदी व बारिश शुरू हुई, जो कुछ देर पश्चात सुबह 9.30 बजे फिर दूसरे दौर में भाकरां के आसपास वर्षा का दौर शुरू हुआ, जो काफी देर तक रिमझिम वर्षा का दौर चला।

जानकारी के अनुसार बीते एक सप्ताह से मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा था। आसमान में बादलों की लुकाछिपी के साथ कडाके की सर्दी व सर्द हवाओं से आमजन प्रभावित रहा। इस दौरान भाकरां सुधिवास, खैरु बड़ी, खैरु छोटी, बीराण, बालाण, कामाण, भोजाण, जीराम बास, गागडवास, राघा बडी, राघा छोटी, थान मठुई आदि दर्जनों गांवों में कहीं हल्की एवं कहीं मध्यम तो कही अच्छी बरसात के साथ-साथ कहीं बूंदाबांदी के समाचार हैं। भाकरां के किसान

■ **बीते एक सप्ताह से मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा था**

बनवारी लाल मेहरा, चंद्रभान मितड व महताब सिंह मितड ने बताया रबी फसल सरसों, गेहूं व चना में वर्षा मावठ से फसलों को नया जीवन दान मिला है तथा दूसरी ओर गेहूं की फसल में पानी की ज्यादा आवश्यकता होती है, इसलिए यह बरसात फसल के लिए वरदान साबित होगी। फसल के शुरुआती लक्षण काफी अच्छे दिखाई दे रहे हैं अगर मौसम का साथ किसानों को अच्छा मिलता रहा तो आगे आने वाले वक्त में पैदावार भी अनुमान के मुताबिक मिल सकती है। वहीं शुरुआती मावठ से किसानों के चेहरों पर रौनक लौट आई है।



सादुलपुर में कई जगह पर मावठ हुई।

## पश्चिमी विक्षोभ से कई जिलों में हुई हल्की बारिश

**बीकानेर, (निसं)।** जिले में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखा गया। बुधवार को बीकानेर में एकबारगी हुई बूंदाबांदी के बाद थोड़ी सर्दी छंटी है। बरसात ने फिजां में गर्मी ला दी है। बुधवार को सवेरे तक मौसम साफ रहा। हालांकि आसमान में हल्के बादल जरूर छाए रहे। सवेरे एकाएक मौसम में बदलाव आया और देखते ही देखते हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। बीकानेर के लालगढ़ क्षेत्र समेत आसपास के गांवों में एकबारगी बूंदाबांदी हुई। जिसके चलते घरों के परनाले बहे। सड़कों पर पानी बहने लगा।

हालांकि यह तेज बरसात कुछ ही देर के लिए हुई थी और उसके बाद एक बार फिर से मौसम सामान्य हो गया। हालांकि अभी भी आसमान में बादल छितराए हुए है। किंतु धूप निकलने के बाद लोग अपने आपको सर्दी से राहत महसूस कर रहे हैं। बूंदाबांदी के बाद बीकानेर के तापमान में बढ़ोतरी हुई है। बीकानेर में बुधवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 16 डिग्री पर पहुंच गया। वातावरण में नमी भी घटी है जो कि 52 फीसदी रही। जबकि 16 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही थी। दूसरी ओर बीकानेर समेत आसपास के गांवों में हुई बरसात की वजह से खेतों में खड़ी फसलें मुस्कराने लगी है।

फसलों को बरसात से काफी हद तक फायदा होगा। इससे किसान भी खुश नजर आ रहे हैं। मौसम के जानकारों की माने तो अगले दो-तीन दिनों तक मौसम के मिजाज कमोबेश इसी प्रकार के रहने वाले है। दूसरी ओर बीकानेर के अलावा हनुमानगढ़, चूरू, श्रीगंगानगर, जिले के कई इलाकों में मेघ गर्जना के साथ हल्की रिमझिम बारिश हुई है।

## युवक ने फांसी लगा आत्महत्या की

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के थाणा सामितेड फला में एक युवक ने लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता घर लौटे तो बेटे को फंदे पर लटका देखकर होश उड़ गए। घटना के बाद गांव के लोग इकट्ठे हो गए। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया।

मृतक के पिता काउवा कोटेड ने बताया कि उसके 3 बेटे और 4 बेटियां है। मृतक बेटा मगन कोटेड डूंगरपुर शहर में मजदूरी का काम करता था। मंगलवार शाम के समय में और परिवार के सभी लोग मवेशियों को लेकर गए थे। इस दौरान बेटा मगन घर पर अकेला था। उसने ने घर के अंदर लकड़ी की बल्ली से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। देर शाम जब में वापस आया तो वह फंदे पर लटका मिला।

हमारे रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर आए। सूचना पर पहुंची कोतवाली थाना पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद शव को डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया। जहां आज बुधवार को परिजनों की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, युवक के आत्महत्या के कारणों का पता नही चल सका है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।


### कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, टोंक (राज.)

Phone: 01432-246750 Email: KUMS.TONK@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक :– CIC/Sohela-tonk/2023-24/1726–1749 दिनांक :– 30.01.2024

**शुद्धि पत्र संख्या–02**

(CORIGENDUM NO.- 02)

कृषि उपज मण्डी समिति, टोंक के गौण मण्डी यार्ड सोहेला में प्रधान मंत्री सूक्षम खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत् कॉमन ईन्क्यूबेशन सेन्टर की स्थापना के लियें प्रथम प्रसंस्करण लाईन – Mustard Oil Expeller Mill With Packing unit and Food Testing Laboratory Equipment की आपूर्ती, स्थापना व कमीशनिंग हेतु जारी ई–निविदा विज्ञप्ति कमांक 1485–1506 दिनांक 01.01.2024 **(NIB CODE : DAM2324AO350 UBN NO: DAM2324GLOB00630 & DAM2324GLOB00631)** के अन्तर्गत ई–निविदा दिनांक 31.01.2023 तक आमंत्रित की गई थी जो कि अब दिनांक 07.02.2024 तक आमंत्रित की जावेगी। उक्त ई–निविदा विज्ञप्ति का संशोधित कार्यक्रम ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in या www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, टोंक(राज.)

राज.संवाद/सी/23/12485



### राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

क्रमांक-वि.स. 14/परीक्षा/व.अ./संस्कृत शिक्षा/RPSC/EP-I/2023-24/200-201

दिनांक- 31.01.2024

आयोग द्वारा संस्कृत शिक्षा विभाग के लिए राजस्थान संस्कृत शिक्षा राज्य एवं अधीनस्थ (विद्यालय शाखा) सेवा नियम 2015 एवं टीएसपी क्षेत्र हेतु राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, लिपिकवर्गीय और चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्ते) नियम 2014 के अन्तर्गत वरिष्ठ अध्यापक (SENIOR TEACHER) के विभिन्न 06 विषयों के कुल 347 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते है। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। उक्त पदों हेतु आयु सीमा, आवेदन अवधि व अन्य विवरण निम्नानुसार है-

| | |
|---|---|
| आयु सीमा | दिनांक 01.07.2024 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम होनी चाहिये। |
| आवेदन अवधि | दिनांक 06.02.2024 से दिनांक 06.03.2024 रात्रि 12.00 बजे तक। |
| परीक्षा का स्थान व माह | परीक्षा स्थान व तिथि के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जायेगा। |

अन्य बिन्दु व सूचना-एकबारीय पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, प्रमाण पत्रों से संबंधित सूचना एवं परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम एवं संशोधित परीक्षार्थियों हेतु आवेदन व परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश तथा सम्बन्धित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें। इसके अतिरिक्त इस परीक्षा के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन/सूचना/स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं.-0145-2635212 एवं 2635200 पर संपर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोधित किया जाए।

DIPR/C/532/2024 राम निवास मेहता, सचिव


# लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सतीश पूनियां ने बैठक ली



भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने बीकानेर भाजपा कार्यालय में विस. विस्तारकों की बैठक ली।

**जयपुर/बीकानेर।** भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर बीकानेर भाजपा कार्यालय में बीकानेर संभाग के विधानसभा विस्तारकों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और भाजपा संगठन की खूबियों को जन-जन तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ कार्य करने का आव्हान करते हुये कहा कि विश्व के लोकप्रिय एवं मजबूत नेता नरेंद्र मोदी को ऐतिहासिक जीत के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को पूरा करने में मजबूती से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश के बुनियादी विकास से लेकर वैचारिक मुददों का समाधान कर भारत का स्वाभिमान पूरी दुनिया में बढ़ाया, देश की जनता मोदी सरकार की जनहितकारी योजनाओं के साथ खड़ी है, नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा मिशन 400 के लक्ष्य को पूर्ण कर जीत का नया इतिहास बनाएगी।

विस्तारक बैठक में सतीश पूनियां के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सीआर चौधरी, केंद्रीय टीम के सदस्य उमेश दत्त शर्मा, विस्तारक संयोजक राजेश गुर्जर और प्रमोद डेलू इत्यादि उपस्थित रहे। बता दें कि पिछले दिनों पूनियां ने चूरू, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में संगठनात्मक बैठकें लेकर भाजपा के लोकसभा चुनाव के विजय अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। वहीं आज देशनोक में श्री करणी माताजी मंदिर में दर्शन कर डॉ. सतीश पूनियां ने प्रदेश की खुशहाली एवं उन्नित की कामना की। डॉ. सतीश पूनियां गुरुवार को सुबह जोधपुर पहुंचेंगे, जहां वह पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल की धर्मपत्नी स्वर्गीय चित्रा सिंह के अन्तिम संस्कार में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

उन्होंने संवेदना व्यक्त कर कहा कि, मारवाड़ के जननेता, पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल के परिवार का दुर्घटनाग्रस्त होने का हृदयविदारक समाचार मन को विचलित करने वाला है, काल का ग्रास बनी उनकी धर्मपत्नी चित्रा सिंह का निधन बेहद दुखद है, भगवान से मानवेंद्र सिंह जसोल सहित सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं और दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना करता हूँ। डॉ. पूनियां ने पूर्व विधायक रूपाराम मुरावतिया के छोटे भाई प्रेम मुरावतिया के निधन पर मकराना पहुंचकर संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढांढस बंधाया।

# मानवेन्द्रसिंह की पत्नी चित्रासिंह का शव जोधपुर लाया गया

## चित्रासिंह का अंतिम संस्कार आज जोधपुर में किया जाएगा

**जोधपुर, (कासं)।** जैसलमेर-बाड़मेर के पूर्व सांसद मानवेन्द्रसिंह जसोल की पत्नी चित्रासिंह का शव बुधवार को जोधपुर लाया गया। चित्रासिंह का मंगलवार को सड़क हादसे में निधन हो गया था। चित्रा सिंह का शव बुधवार सुबह 11:30 बजे जोधपुर लाया गया। एयरपोर्ट के निकट स्थित पाबूपुरा में उनके फार्म हाउस पर पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। गुरुवार को चित्रासिंह का अंतिम संस्कार जोधपुर में ही किया जाएगा। उनके परिजन के अलावा परिचितों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। चित्रासिंह के निधन के समाचार से पूरे मारवाड़ में शोक की लहर है।

जानकारी के अनुसार जैसलमेर-बाड़मेर से पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की पत्नी चित्रा सिंह (55) की सड़क हादसे में मंगलवार को मौत हो गई थी। हादसे में मानवेंद्र सिंह (59), उनके पुत्र हमीर सिंह (34) और ड्राइवर दिनेश रावत (33) घायल हो गए थे। हादसा मंगलवार शाम पांच बजे अलवर के नौगांवा के पास खुसपुरी में हुआ था। घायलों को अलवर के हॉस्पिटल से देर रात गुरुग्राम के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में रेफर किया गया। चित्रा सिंह पीछे वाली सीट पर बैठी थीं। कार के आगे के दोनों एयरबैग खुल गए थे। मानवेंद्र सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में विदेश मंत्री रहे जसवंत सिंह के पुत्र हैं। चित्रा सिंह अपने पति मानवेंद्र के साथ लंबे समय से राजनीति में सक्रिय रही। उनके एक बेटा और एक बेटी है। लंबे समय से जोधपुर एयरफोर्स एरिया में रहते हैं। इनका पैतृक गांव जसोल है जो बालोतरा जिले मे पढ़ता है। चित्रा सिंह चित्तौड़गढ़ के भैंसरोडगढ़ राजघराना परिवार से हैं।

## परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई

**बीकानेर, (निसं)।** प्रारंभिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन कक्षा 5 एवं प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र कक्षा 8 के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है। पहले इसकी अंतिम तिथि 31 जनवरी थी। जिसको बढ़ाकर अब 5 फरवरी कर दिया गया है। इसके बावजूद यदि कोई बच्चा आवेदन से वंचित रहता है तो इसकी सारी जिम्मेदारी स्कूल प्रशासन की होगी। अंतिम तिथि 31 दिसम्बर तक यानी आज तक आवेदन करने से बच्चे वंचित रह गए थे। जिनको एक और मौका दिया गया है।

# वन विभाग की टीमों ने खरकड़ा की पहाड़ियां खंगाली, नहीं लगा लेपर्ड का सुराग

## खरकड़ा गांव में बकरी चराने गई महिला पर लेपर्ड ने हमला कर दिया था

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी उपखंड के खरकड़ा गांव में बकरी चराने गई महिला पर हमला करने के बाद लेपर्ड के सुराग को लेकर वन विभाग की टीम लगी हुई है। रातभर वन विभाग की टीमों की ओर से खरकड़ा की पहाड़ियों को खंगाला गया, लेकिन लेपर्ड का कोई सुराग नहीं लग पाया। आवासीय क्षेत्र में लेपर्ड के आने की सूचना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

वन विभाग के रेंजर विजय कुमार फगेड़िया ने बताया कि मंगलवार की शाम को खरकड़ा की रहने वाली सुमन पत्नी विजय कुमार अपनी सास कमला देवी के साथ पहाड़ी क्षेत्र में बकरी चराने के लिए गई थी। इस दौरान लेपर्ड ने पीछे से आकर सुमन पर हमला कर दिया था, जिससे वह घायल हो गई थी। घायल अवस्था में सुमन को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसके हाथों व शरीर पर लेपर्ड के पंजों के निशान पड़ने से खून बहने लगा था। लेपर्ड को ट्रेंकुलाइज करने को लेकर वन विभाग की ओर से कर्मचारियों की टीम पहाड़ियों में लगाई गई, जिस पर लेपर्ड का सुराग लगने के बाद उसे ट्रेंकुलाइजर कर खेतड़ी बांसियाल रिजर्व कंजर्वेशन में लाकर छोड़ा जाएगा। रेंजर फगेड़िया ने बताया कि लेपर्ड के कई स्थानों पर पगमार्क पाए गए हैं, जिस पर उसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है तथा जयपुर से एक टीम भी मौके पर बुलाई गई है जो लेपर्ड को ट्रेंकुलाइज कर उसे कंजर्वेशन में ले जाया जाएगा।



खेतड़ी उपखंड के खरकड़ा गांव में लेपर्ड के सुराग को लेकर वन विभाग की टीम व ग्रामीण लगे हुये हैं।

■ **आवासीय क्षेत्र में लेपर्ड के आने की सूचना पर ग्रामीणों में दहशत का माहौल**

इस दौरान रेंजर फगेड़िया ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति को लेपर्ड दिखाई दें तो उसकी सूचना तुरंत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को दें तथा बेजुबान जानवर को किसी प्रकार का नुकसान पहुंचाने का प्रयास न करें। खरकड़ा में महिला पर हमला करने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस दौरान ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द लेपर्ड को पकड़कर कंजर्वेशन में छोड़ने की मांग की है। इस मौके पर शाहरुख खान, सत्यवान पूनिया, साधुराम, ओमप्रकाश, रणजीत सिंह, मनोज कुमार, अरूण कुमार सैनी सहित अनेक लोग मौजूद थे।


### RIICO राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इनवेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम)

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर- 302005, फोन-0141-2227751,4593201
फैक्स-0141-4593210, ई-मेल-riico@riico.co.in वेबसाईट- www.riico.co.in

**निविदा सूचना**

रीको द्वारा निम्नांकित कार्यों/आपूर्ति/सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सीलबंद निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रूपये में) |
|---|---|---|
| 1. | इकाई प्रभारी, भिवाड़ी–प्रथम | |
| 1.1 | औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी में गेस्ट हाउस के पास एलईडी डिस्प्ले साईन बोर्ड और रेलिंग की आपूर्ति और फिक्सिंग का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01399 | 1.96 |
| 2. | इकाई प्रभारी, भिवाड़ी–द्वितीय | |
| 2.1 | औद्योगिक क्षेत्र टपूकडा में नाली सफाई का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01553 | 1.60 |
| 2.2 | औद्योगिक क्षेत्र आईआईडी सेन्टर खुशखेडा में नाली सफाई का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01552 | 1.52 |
| 2.3 | औद्योगिक क्षेत्र सारेखुर्द में हाईमास्ट लाईट के संचालन व रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01551 | 1.20 |
| 2.4 | औद्योगिक क्षेत्र आईआईडी सेन्टर खुशखेडा मे प्लॉट साईनेज लगाने का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01550 | 1.65 |
| 3. | इकाई प्रभारी, कोटा | |
| 3.1 | औद्योगिक क्षेत्र हटटीपुरा, बीसीआर, बीपीआर, बीएनआर और सुमेरगंज मंडी, बूंदी में स्ट्रीट लाईट का एक वर्ष के लिए नियमित संचालन और रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01577 | 1.84 |
| 4. | इकाई प्रभारी, पाली | |
| 4.1 | औद्योगिक क्षेत्र प्रथम/द्वितीय चरण, पाली में सड़क के रख–रखाव एवं साफ–सफाई का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01405 | 1.52 |
| 5. | इकाई प्रभारी, नागौर | |
| 5.1 | हस्तांतरित औद्योगिक क्षेत्र नागौर में स्ट्रीट लाईटों का सामग्री सहित संचालन एवं रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01415 | 1.56 |
| 6. | इकाई प्रभारी, आबूरोड़ | |
| 6.1 | औद्योगिक क्षेत्र अर्बुदा, आबूरोड़ में बाउंड्री वॉल की मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01496 | 1.84 |

रीको द्वारा निम्नांकित कार्यों/आपूर्ति/सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए ई–प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाइन सीलबंद निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में eproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | इकाई प्रभारी, भिवाड़ी–प्रथम | |
| 1.1 | औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी में जल आपूर्ति योजना के लिए सीआईडी जॉइंट और पाईपों की आपूर्ति का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01392 | 10.69 |
| 1.2 | औद्योगिक क्षेत्र कहरानी में जल आपूर्ति योजना के संचालन और रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01393 | 6.54 |
| 1.3 | औद्योगिक क्षेत्र कहरानी में विभिन्न सड़कों पर सामग्री सहित स्ट्रीट लाईट के संचालन एवं रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01394 | 17.69 |
| 1.4 | औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी में 12 किलोमीटर क्षमता के फायर टेण्डरों के संचालन एवं रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01395 | 11.52 |
| 1.5 | औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी में जल आपूर्ति परिसरों में सड़कों के रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01396 | 98.96 |
| 1.6 | औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी में वाणिज्यिक परिसरों में सड़कों के रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01397 | 110.08 |
| 1.7 | औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी में नालियों की मरम्मत एवं सुधार का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01398 | 85.20 |
| 1.8 | औद्योगिक क्षेत्र कहरानी में सामान्य रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01400 | 10.64 |
| 1.9 | औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी में संचालन एवं रखरखाव सहित किराए पर स्वचालित रोड़ श्वीपिंग मशीन उपलब्ध कराने का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01401 | 76.80 |
| 2. | इकाई प्रभारी, भिवाड़ी–द्वितीय | |
| 2.1 | औद्योगिक क्षेत्र पथरेडी में सडक के पैच रिपेयर का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01554 | 11.25 |
| 2.2 | औद्योगिक क्षेत्र आईआईडी सेन्टर खुशखेडा में स्ट्रीट लाईट मय सामान के संचालन व रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01555 | 4.95 |
| 2.3 | औद्योगिक क्षेत्र पथरेडी में नाली सफाई का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01556 | 3.45 |
| 2.4 | औद्योगिक क्षेत्र पथरेडी में मुख्य फोरलेन रोड के आर.ओ.डब्ल्यू. के सुधार का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01557 | 14.60 |
| 2.5 | औद्योगिक क्षेत्र चौपानकी में सडक के पैच रिपेयर का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01558 | 7.92 |
| 2.6 | औद्योगिक क्षेत्र चौपानकी में सडक के डामरीकरण का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01559 | 40.45 |
| 2.7 | औद्योगिक क्षेत्र चौपानकी में नाली सफाई का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01560 | 10.88 |
| 2.8 | औद्योगिक क्षेत्र चौपानकी में हाईमास्ट लाईट के संचालन व रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01561 | 3.60 |
| 2.9 | औद्योगिक क्षेत्र चौपानकी में फायर टैण्डर के संचालन व रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01562 | 5.52 |
| 2.10 | औद्योगिक क्षेत्र खुशखेडा एवं कारोली की मुख्य सडक पर रोड फर्नीचर लगाने का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01563 | 15.48 |
| 2.11 | औद्योगिक क्षेत्र खुशखेडा में नाली सफाई का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01564 | 8.55 |
| 2.12 | औद्योगिक क्षेत्र खुशखेडा में स्ट्रीट लाईट मय सामान के संचालन व रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01565 | 22.99 |
| 2.13 | औद्योगिक क्षेत्र खुशखेडा में रोड़ आरओडब्ल्यू की सफाई का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01566 | 9.35 |
| 2.14 | औद्योगिक क्षेत्र टपूकडा की मुख्य छः लैन रोड पर फुटपाथ एवं नाली के सुधार का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01567 | 142.78 |
| 2.15 | औद्योगिक क्षेत्र खुशखेडा में विभिन्न स्थानो पर नाली के सुधार का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01568 | 89.39 |
| 2.16 | औद्योगिक क्षेत्र चौपानकी में नाली की मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01569 | 15.98 |
| 3. | इकाई प्रभारी, कोटा | |
| 3.1 | औद्योगिक क्षेत्र इन्द्रप्रस्थ कोटा में रीको ऑफिस के सामने पार्क की मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01416 | 9.61 |
| 3.2 | औद्योगिक क्षेत्र नैनवा बूंदी में विकास कार्य। UBN-RDC2324WLOB01549 | 515.16 |
| 4. | इकाई प्रभारी, भीलवाड़ा | |
| 4.1 | औद्योगिक क्षेत्र ग्रोथ सेंटर हमीरगढ़ में पेच रिपेयरिंग का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01469 | 7.46 |
| 4.2 | रीको कार्यालय भवन चितौड़गढ़ में मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01473 | 16.52 |
| 5. | इकाई प्रभारी, बीकानेर | |
| 5.1 | औद्योगिक क्षेत्र खारा में नाली की सफाई और कचरा व मलबा हटाने का कार्य UBN-RDC2324WSOB01571 | 7.01 |
| 5.2 | एसडब्ल्यूएम और आवासीय कॉलोनी व औद्योगिक क्षेत्र बीछवाल में नाली और आरओडब्ल्यू की नियमित सफाई का कार्य UBN-RDC2324WSOB01572 | 3.36 |
| 5.3 | औद्योगिक क्षेत्र रानी बाजार में नाली की सफाई, सफाई और मलबा हटाना का कार्य UBN-RDC2324WSOB01573 | 3.15 |
| 5.4 | औद्योगिक क्षेत्र करणी के शेष क्षेत्र में नाली की सफाई, सफाई और मालबा हटाना का कार्य UBN-RDC2324WSOB01574 | 10.07 |
| 5.5 | औद्योगिक क्षेत्र बीछवाल के शेष क्षेत्र में नाली की सफाई, सफाई और मलबा हटाने का कार्य UBN-RDC2324WSOB01575 | 7.43 |
| 5.6 | औद्योगिक क्षेत्र आईजीसी खारा में बॉक्स पुलिया के निर्माण का कार्य UBN-RDC2324WSOB01570 | 3.89 |
| 5.7 | औद्योगिक क्षेत्र खारा (आईजीसी), करणी बीकानेर में स्ट्रीट लाइट केबल उपलब्ध कराना और ठीक करने का कार्य UBN-RDC2324WSOB01576 | 7.99 |
| 6. | इकाई प्रभारी, बांसवाड़ा | |
| 6.1 | यूनिट बांसवाड़ा के डूंगरपुर जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में स्ट्रीट लाईट का नियमित रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01541 | 3.08 |
| 6.2 | औद्योगिक क्षेत्र ठीकरिया ट्रांसफर एरिया बांसवाड़ा में कूड़ा/गैर औद्योगिक अपशिष्ट संग्रह का नियमित (वैकल्पिक दिन) डोर टू डोर कलेक्शन का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01537 | 4.92 |
| 6.3 | औद्योगिक क्षेत्र पीपलवा, बांसवाड़ा में कूड़ा/गैर औद्योगिक अपशिष्ट संग्रह का नियमित (वैकल्पिक दिन) डोर टू डोर कलेक्शन का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01540 | 3.07 |
| 6.4 | औद्योगिक क्षेत्र ठीकरिया ट्रांसफर एरिया बांसवाड़ा में पेवर द्वारा सड़क की पैच मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01535 | 4.50 |
| 7. | इकाई प्रभारी, भरतपुर | |
| 7.1 | औद्योगिक क्षेत्र, ग्रोथ सेन्टर (विस्तार), धौलपुर में नाली मरम्मत का कार्य UBN-RDC2324WSOB01517 | 7.59 |
| 7.2 | धौलपुर जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में जल वितरण योजना का संधारण एवं संचालन का कार्य UBN-RDC2324WSOB01519 | 2.25 |
| 7.3 | बृज औद्योगिक क्षेत्र, भरतपुर में सड़क मरम्मत का कार्य UBN-RDC2324WSOB01520 | 12.22 |
| 8. | इकाई प्रभारी, घिलोठ | |
| 8.1 | औद्योगिक क्षेत्र घिलोठ में फायर टेण्डर वाहन के साथ फायर स्टेशन का संचालन और रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01411 | 6.36 |
| 8.2 | औद्योगिक क्षेत्र घिलोठ में जल आपूर्ति योजना की निगरानी सहित नियमित संचालन एवं रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01412 | 12.19 |
| 8.3 | औद्योगिक क्षेत्र शाहजहाँपुर में जल आपूर्ति योजना का नियमित संचालन एवं रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01413 | 4.80 |
| 9. | इकाई प्रभारी, पाली | |
| 9.1 | औद्योगिक क्षेत्र मण्डिया रोड़, पाली में सड़क की मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01407 | 5.66 |
| 9.2 | औद्योगिक क्षेत्र मण्डिया रोड़, पाली में सड़क से मलबा हटाने का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01408 | 2.19 |
| 9.3 | औद्योगिक क्षेत्र मण्डिया रोड़, पाली में स्थित अग्निशमन केन्द्र पर फायर टेण्डर्स के संचालन एवं रख–रखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01409 | 19.54 |
| 9.4 | औद्योगिक क्षेत्र वरकाना, पाली में भूखण्ड के डिमार्केशन एवं सड़क एवं पुलिया निर्माण का कार्य UBN-RDC2324WSOB01410 | 193.29 |
| 9.5 | औद्योगिक क्षेत्र वरकाना में ओवरहैड गेंट्री बोर्ड एवं ओवरहैड केन्टीलीवर बोर्ड उपलब्ध कराने एवं लगाने का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01443 | 7.77 |
| 9.6 | औद्योगिक क्षेत्र सोजत तृतीय चरण, पाली में नाली सुधार का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01445 | 2.51 |
| 9.7 | औद्योगिक क्षेत्र सोजत तृतीय चरण, पाली में नाली सफाई एवं मलबा हटाने का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01446 | 2.11 |
| 9.8 | औद्योगिक क्षेत्र सुमेरपुर, पाली में डामर रोड़ का पैचवर्क द्वारा सुधार का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01447 | 4.92 |
| 9.9 | औद्योगिक क्षेत्र सुमेरपुर, पाली में नाली सफाई एवं मलबा हटाने का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01448 | 2.08 |
| 9.10 | औद्योगिक क्षेत्र सुमेरपुर, पाली में भूखण्ड संख्या एच–51 से एच–55 तक नाली के मरम्मत एवं सुधार का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01449 | 2.73 |
| 9.11 | औद्योगिक क्षेत्र फालना, पाली में नाली सुधार का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01450 | 2.11 |
| 10. | इकाई प्रभारी, नागौर | |
| 10.1 | हस्तांतरित औद्योगिक क्षेत्र नागौर में रोड़ मरम्मत का कार्य UBN-RDC2324WSOB01417 | 5.95 |
| 10.2 | औद्योगिक क्षेत्र मकराना में सामग्री के साथ एलईडी स्ट्रीट और हाई मास्ट लाईट और हाई मास्ट का संचालन और रखरखाव। UBN-RDC2324WSOB01442 | 23.97 |
| 11. | इकाई प्रभारी, आबूरोड़ | |
| 11.1 | विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में वाटर सप्लाई के रख–रखाव एवं मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01488 | 11.70 |
| 11.2 | विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों अम्बाजी, आवासीय कॉलोनी अम्बाजी, अर्बुदा, ग्रोथ सेन्टर प्रथम चरण, ग्रोथ सेन्टर द्वितीय चरण, मण्डार एवं स्वरूपगंज में स्ट्रीट लाईट के रख–रखाव एवं नियमित मरम्मत (सभी सामान सहित) का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01490 | 17.10 |
| 11.3 | औद्योगिक क्षेत्र ग्रोथ सेन्टर द्वितीय चरण, आबूरोड में रोड़ संरक्षण एवं रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01493 | 17.58 |
| 11.4 | औद्योगिक क्षेत्र ग्रोथ सेन्टर द्वितीय चरण, आबूरोड में रोड़ के गढ्ढों की मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01499 | 9.67 |
| 12. | इकाई प्रभारी, जालौर | |
| 12.1 | औद्योगिक क्षेत्र जालौर प्रथम/द्वितीय/तृतीय चरण व सांचौर में रोड़ लाईट (सामग्री सहित) के संचालन व रखरखाव का कार्य UBN-RDC2324WSOB01451 | 2.33 |
| 13. | इकाई प्रभारी, मंडोर | |
| 13.1 | जोधपुर के औद्योगिक क्षेत्र मण्डोर में सड़क सीमा मे साफ –सफाई का कार्य व डोर टू डोर डोमेस्टिक सॉलिड घरेलु कचरे के निस्तारण का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01402 | 12.69 |
| 13.2 | जोधपुर के औद्योगिक क्षेत्र मथानिया में सड़क सीमा मे साफ–सफाई का कार्य व डोर टू डोर डोमेस्टिक सॉलिड घरेलु कचरे के निस्तारण का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01403 | 5.78 |
| 13.3 | औद्योगिक क्षेत्र मथानिया में नाली निर्माण व मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01404 | 26.92 |
| 14. | इकाई प्रभारी, बालोतरा | |
| 14.1 | नवीन औद्योगिक क्षेत्र धर्मपुरा, धोरीमन्ना बाड़मेर के विकास कार्य। UBN-RDC2324WSOB01503 | 306.66 |
| 15. | इकाई प्रभारी, बोरानाड़ा | |
| 15.1 | बोरानाडा के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में सड़को पर पेच मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01454 | 24.50 |
| 15.2 | बोरानाडा के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में जलापूर्ति के नियमित संचालन एवं रख–रखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01455 | 6.50 |
| 15.3 | बोरानाडा के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं पर पेटिंग का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01458 | 8.00 |
| 15.4 | औद्योगिक क्षेत्र ई.पी.आई.पी., बोरानाडा में रीको कार्यालय में मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01460 | 3.00 |
| 15.5 | औद्योगिक क्षेत्र, बोरानाडा द्वितीय, चतुर्थ चरण, एग्रो फूड पार्क एवं ई.पी.आई.पी. में नियमित सफाई का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01462 | 5.00 |
| 16. | इकाई प्रभारी, जोधपुर | |
| 16.1 | औद्योगिक क्षेत्र बासनी द्वितीय चरण जोधपुर में फायर टेण्डर का संचालन व रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01439 | 11.22 |
| 16.2 | औद्योगिक क्षेत्र बासनी प्रथम चरण जोधपुर में सड़क सीमा में साफ–सफाई का कार्य व डोर टू डोर सॉलिड कचरे के निस्तारण का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01440 | 17.85 |
| 16.3 | हस्तांतरित औद्योगिक क्षेत्र जोधपुर में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक आपूर्ति व लगाने का कार्य। UBN-RDC2324WSOB01441 | 58.06 |

**निविदा का विस्तृत विवरण, नियम इत्यादि एवं भविष्य में निविदा में किसी प्रकार के संशोधन/तिथि बढ़ने की जानकारी हेतु वेबसाइट www.riico.co.in व www.eproc.rajasthan.gov.in को देखें। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: अतिरिक्त महाप्रबंधक (सिविल), फोन –0141–4593243**

Raj.Samwad/C/23/12477

# जयपुर में कार्यरत सहकारिता उप रजिस्ट्रार के.के. मीणा निलंबित

## मीणा पर व्यवस्थापकों की स्क्रीनिंग में 2-2 लाख रुपये की अवैध वसूली के जरिए 40 लाख रु. का घोटाला करने के आरोप लगे थे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में कार्यरत सहकारिता उप रजिस्ट्रार के.के.मीणा को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान उन्हें उदयपुर सहकारी समितियों के मुख्यालय कार्यालय में अतिरिक्त रजिस्ट्रार (खंडीय) के समक्ष अपनी उपस्थिति देनी होगी।

सूत्रों की मानें तो सहकारिता उप रजिस्ट्रार के.के.मीणा के खिलाफ व्यवस्थापकों की स्क्रीनिंग में लाखों रुपये का घपला करने और 2-2 लाख रुपये वसूलकर अपने बैंक खाते, संविदा कर्मचारियों और परिचित ज्वैलर्स के बैंक खातों में करीब 40 लाख रुपये जमा करवाने का मामला सामने आया था। सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक को जैसे ही उनके घपले की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत के.के.मीणा को सस्पैंड करने के

- **इस मामले की भनक जैसे ही सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक को लगी तो उन्होंने तुरंत एक्शन लेते हुए के.के.मीणा को निलंबित करने का आदेश दिया, इसके बाद बुधवार देर शाम सहकारिता विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया**

आदेश दिए। इसके बाद बुधवार देर शाम सहकारिता विभाग के संयुक्त शासन सचिव मोहम्मद अबूबक्र ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए।

सूत्रों के मुताबिक के.के.मीणा जब जालौर में केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक थे, तो उनके खिलाफ वर्तमान जिला कलेक्टर और जालौर के ही कई सोसायटी के पदाधिकारियों ने शिकायतें दी थी। जिसके बाद उन्हें ए.पी.ओ. भी कर दिया गया था। हालांकि इसके बाद के.के.मीणा ने जयपुर शहर आकर सहकारिता उप रजिस्ट्रार के पद पर नियुक्ति पा ली और यहां पर पिछले 6 माह से यहां काम कर रहे थे। बताया जा रहा है कि अपैक्स बैंक ने भी के.के.मीणा के खिलाफ जांच करके विस्तृत रिपोर्ट बनाई है।

जैसे ही इस पूरे मामले की भनक सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक को लगी तो उन्होंने तुरंत के.के.मीणा को सस्पैंड करने के आदेश दे दिए। जिसके बाद हरकत में आए सहकारिता विभाग ने बुधवार देर रात आदेश जारी कर मीणा को सस्पैंड कर दिया। इसके अलावा वे जयपुर में रहकर किसी तरह से जांच को प्रभावित नहीं कर सकें, इसके लिए उन्हें निलंबन काल में उदयपुर सहकारी समितियों के मुख्यालय कार्यालय में अतिरिक्त रजिस्ट्रार (खंडीय) के समक्ष अपनी उपस्थिति देने का फरमान सुनाया गया है।

सूत्रों की मानें तो कुछ लोगों ने के.के.मीणा द्वारा व्यवस्थापकों की स्क्रीनिंग में 2-2 लाख रुपये वसूलने और 40 लाख रुपये से ज्यादा की रकम वसूलने समेत कई तरह की मिलीभगत को लेकर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के समक्ष भी शिकायतें दर्ज करवाई, लेकिन उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं हुआ। सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि के.के.मीणा के मामले में निष्पक्ष और विस्तृत जांच की जाए। साथ ही विभाग में अगर ऐसे कोई और भी लोग बैठे हुए है तो उन्हें भी नहीं बख्शा जाएगा।

# डेढ़ करोड़ रुपए की साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार



**जयपुर।** खोह नागोरियान पुलिस ने व्हाट्सएप और टेलिग्राम पर ग्रुप बनाकर लिंक भेजकर डेढ़ करोड़ रुपए की साइबर ठगी के मामले में मुंबई में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से 4 मोबाइल फोन, 6 एटीएम कार्ड, 1200 सिम अलग अलग कम्पनी की बरामद की है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अनिल कुमार मीणा (30) सरमथुरा धौलपुर का रहने वाला है। यहां पर इंदिरा गांधी नगर खातीपुरा खोह नागोरियान में शिवालिक अपार्टमेंट में रहता है। आरोपी अनिल घाटकोपुर मुंबई में साइबर ठगी के मामले में वांछित चल रहा था। मुंबई पुलिस की जानकारी आने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे घाटकोपुर पुलिस थाने के निरीक्षक महेश जाधव को सुपुर्द कर दिया। आरोपी व्हाट्सएप और टेलिग्राम पर ग्रुप बनाते है। इसमें पैसे कमाने का लालच देकर लिंक भेजते है। लिंक भेजने के बाद पीड़ित को झांसे में लेकर उससे मोबाइल पर ओटीपी और अन्य जानकारियां लेने के बाद उसके खाता साफ कर देते है। पीड़ित को झांसे में लेने के लिए वह पहले उसे कम पैसा लगवाते है और उसे मुनाफा देना शुरू कर देते है। इससे पीड़ित झांसे में आ जाता है और पैसा कमाने के चक्कर में बड़ी रकम लगा देता है।

## सार-समाचार

### हैरिटेज फेस्ट में हुई कई प्रतियोगिताएं



**जयपुर।** हरे कृष्ण मूवमेंट की ओर से आयोजित हैरिटेज फेस्ट में बुधवार को कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें भजन गायन प्रमुख रही। शहर के स्कूलों के बच्चे इसे लेकर खासे उत्साहित थे उन्होंने इस फेस्ट मे बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भगवान् श्री राम की भक्ति में लीन होकर भजन गाये। 'मेरी झोपडी के भाग आज खुल जायेंगे', 'पायोजी मैंने राम रतन धन पायो', 'श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में' भजन गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश विजय थे। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए मंदिर प्रबंधन को ऐसा आयोजन करने के लिए बहुत शुभकानाएं दी। आज के आयोजन के निर्णायक मंडल में प्रवीण झा प्रोग्रामिंग हेड ऍफ़ एम् तड़का, यामिनी टाक प्रसिद्द भजन गायिका, विक्रम श्रीवास्तव संगीत विशारद इन तबला उपस्थित थे। आज भजन गायन प्रतियोगिता में बच्चों ने तुलसीदास, सूरदास, मीरा बाई, हरिदास, वल्लाभाचार्य के शास्त्रीय भजन गाये, इस प्रतियोगिता में छात्रों ने शास्त्रीय राग जैसे द्रुपद, धामर, तराना, ठुमरी, टप्पा, त्रिवट, ख्याल ज्ञान, गजल, चतुरंग आदि की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मंदिर के अध्यक्ष अमितासन दास उपस्थित थे, उन्हने बच्चों के भजन गायन की बहुत सराहना की। हरे कृष्ण मूवमेंट का हेरिटेज फेस्ट जयपुर का सबसे बडड़ा कल्चरल कार्निवाल है जिसमे हर साल शहर के अलग अलग स्कूलों के हज़ारों बच्चे भाग लेते हैं। विजेताओं को इनाम में 6 लाख रु. तक के पुरस्कार दिए जायेंगे।

### स्पोर्ट्स मीट के विजेताओं का सम्मान




**जयपुर।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट जयपुर में 11वीं वार्षिक राष्ट्रीय इंटर-कॉलेज स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। स्पोर्टस मीट के मुख्य अतिथि वॉलीबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी रजत चपरावल और फिटनेस कोच-मानसीफिट-4 लाइफ मानसी जैन थी। राज्य स्तरीय तीरंदाजी अकादमी कोच निखिल पारीक समापन समारोह के अतिथि के रूप में शामिल हुए। इंस्टीटयूट के डायरेक्टर डॉ. प्रभात पंकज ने अतिथियों का स्वागत किया। छात्र मामलों के डीन डॉ. दानेश्वर शर्मा ने बताया कि जयपुरिया इंस्टीट्ययूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर की स्पोर्ट्स कमेटी और डेजर्ट डेविल्स क्लब द्वारा आयोजित स्पोर्टस मीट में देशभर के 40 से अधिक विभिन्न कॉलेजों के 800 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। 11वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता 2024 की शुरुआत फ्लैग मार्च से हुई। खेल समिति के संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर राहुल मीना ने बताया कि समापन समारोह में विजेताओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि खो-खो (गर्ल्स व ब्यॉयज) में प्रथम पुरस्कार संस्कृति कॉलेज, लंबी कूद (लड़के और लड़कियां) एमिटी कॉलेज ने जीती। वॉलीबॉल (गर्ल्स) कनोरिया पीजी महिला कॉलेज और वॉलीबॉल (ब्यॉयज) में वीजीयू की टीम विजेता रही। इसी तरह रस्सा कस्सी में जयपुरिया, जयपुर अव्वल रहा। ऊंची कूद एमिटी कॉलेज ने, बास्केटबॉल लड़कियों और लड़कों में राजस्थान यूनिवर्सिटी ने पहला स्थान हासिल किया।

### सांई बाबा की पालकी यात्रा आज



**जयपुर।** शहर में गुरुवार को साईं बाबा की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। बैंडबाजे के साथ निकलने वाली पालकी शोभायात्रा में भक्त नाचते हुए चलेंगे। इसके दूसरे दिन दो फरवरी को भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें शहरभर के लोग प्रसादी पाएंगे। यह आयोजन बापू नगर के मोती पार्क में होगा। श्री साईधाम के 18वें स्थापना दिवस पर दो दिवसीय आयोजन की शुरुआत एक फरवरी को काकड़ यात्रा व मंगल स्नान के साथ होगी। आयोजन से जुड़े श्वेता शर्मा ने बताया कि श्री साईंधाम का 18वां स्थापना दिवस महोत्सव इस बार धूमधाम से मनाया जा रहा है। पहले दिन एक फरवरी को सुबह 5 बजे काकड़ आरती व मंगल स्नान का आयोजन होगा। इसके बाद सुबह 9 बजे हवन किया जाएगा। दोपहर में मध्यान्ह आरती होगी, इसके साथ ही भजन संध्या का आयोजन होगा। शाम 5 बजे धूप आरती होगी, इसके बाद शाम 6 बजे साईं बाबा की पालकी यात्रा निकाली जाएगी, जिसमे हाथी, घोड़े, ऊंट के लवाजमे के साथ नगर भ्रमण करेंगे। जगह पुष्प वर्षा भी करी जायेगी और लोग जगह जगह दीपकों से आरती की जाएगी।। जो बापू नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकलेगी। इसके शहरभर के श्रद्धालु शामिल होंगे। रात 10 बजे शेज आरती होगी। उन्होंने बताया कि महोत्सव में 2 फरवरी को सुबह 9 बजे से पादुका पूजन होगा, जो दो घंटे तक चलेगा। वहीं मध्यान्ह आरती के बाद भंडारा प्रसादी होगी। इस बीच साईं भक्ति संध्या का आयोजन भी होगा। संजीव शर्मा ने बताया शोभा यात्रा में अयोध्या राम मंदिर का राम का विग्रह भी रखा जायेगा ये भी शोभायात्रा में पालकी के साथ नगर भ्रमण करेगा।

### 200 लोगों को भोजन प्रसादी वितरित



**जयपुर, (का.सं.)।** सृजनसृष्टि फाउंडेशन ने आज जरूरतमंदों में भोजन प्रसादी वितरित की। सृजन सृष्टि फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने आज शहर के अलग अलग क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंद लगभग 200 लोगों को भोजन प्रसादी वितरित की। संस्था के निदेशक मंथन खत्री ने बताया कि "इसी तरह के कार्य फरवरी माह में भी किए जाने की कोशिश की जाएगी, जिससे जरूरतमंदों को मदद मिल सके।" संस्था की कार्यकर्ता मोनिका खत्री ने बताया कि "हमारे इस कार्य में आम जन से भी सहयोग की अपेक्षा है। जनता जनार्दन ही इस महत्ती कार्य को नई दिशा प्रदान कर सकते हैं। उनसे अधिक से अधिक सहयोग की अपेक्षा है।"

### लोकसभा चुनाव में प्रतिनिधित्व की मांग

**जयपुर।** "मिशन-हम भारत के ब्राह्मण" ने 7 जनवरी को 18 ब्राह्मण न्यातों द्वारा स्वीकृत नये ब्राह्मण एजेंडे "अगला क़दम" के तहत बुधवार को दिल्ली में भाजपा-कांग्रेस के राष्ट्रीय मुख्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों को ज्ञापन दिया। संगठन ने मांग उठाई कि आने वाले लोकसभा चुनावों में 25 में से मात्र एक सीट ब्राह्मण न्यातों और ब्राह्मण संगठनों द्वारा अनुशंसित व्यक्ति को ही टिकट दें। जयपुर से गये संजय तिवारी, कर्नल आर एस राजपुरोहित, राजकुमार शर्मा, योगेश्वर नारायण शर्मा आदि चार सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ आशा लकड़ा और कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन को ज्ञापन सौंपा और आश्वस्त किया कि जिन व्यक्तियों की अनुशंसा की जायेगी वे पार्टी के ही सदस्य होंगे।

# पर्स के लिए छात्रा को घसीटने वाले हिस्ट्रीशीटर की परेड कराई

**जयपुर।** पर्स लूटने के लिए बीएड छात्रा को 60 फीट तक घसीटने वाले हिस्ट्रीशीटर की विधायकपुरी थाना पुलिस ने एक किलोमीटर तक पैदल परेड कराई। गिरफ्तार आरोपी शुभम सैनी उर्फ कालू (23) बैनाड़ रोड स्थित पवनपुरी कॉलोनी का रहने वाला है और मुरलीपुरा थाने का हिस्ट्रीशीटर है। आरोपी के खिलाफ मुरलीपुरा, हरमाड़ा व झोटवाड़ा थाने में 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

आरोपी शुभम 4 जनवरी को ही जेल से छूट कर बाहर आया था। आरोपी ने लूट की वारदात के लिए विधायकपुरी से बाइक चोरी की थी। पुलिस ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार किया था और चोरी की बाइक भी बरामद कर ली। पकड़े जाने से पहले भी आरोपी ने झोटवाड़ा में महिला से पर्स लूटा था।

दरअसल, करधनी थाना इलाके में 26 जनवरी को बीएड कर रही प्रिया बाकोलिया (22) उच्च माध्यमिक स्कूल चांदबाड़ी में लेक्चर देकर लौट रही थी। स्कूल से वेदजी के चौराहे तक ऑटो से आई। वेदजी के चौराहे के बाद वह पैदल लक्ष्मीनगर विस्तार अपने घर तक पैदल जा रही थी। इस दौरान पीछे से आए बदमाश ने प्रिया का पर्स छीनने की कोशिश की। प्रिया ने पर्स नहीं छोड़ा तो बदमाश उसे 60 फीट तक पर्स के साथ घसीटता चला गया। फिर मौके पर छोड़कर भाग गया। प्रिया ने बताया कि खुद के साथ हुई घटना की जानकारी घायल होने के बाद 100 नंबर पर दी, लेकिन पुलिस नहीं पहुंची। जैसे-तैसे पीड़िता घर पहुंची। प्रिया के परिवार ने आरोप लगाया कि करधनी थाने में घटना की जानकारी दी। सीसीटीवी फुटेज दिखाए, लेकिन अभी तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। पीड़ित छात्रा के भाई डॉक्टर दीपक ने बताया कि 26 तारीख को थाने पहुंचा तो डीओ ने कहा कि बाद में आना, अभी जाब्ता और अधिकारी नहीं हैं। जब 27 जनवरी को थाने पहुंचा तो पुलिस ने लिखित रिपोर्ट लेकर रवाना कर दिया। इसके बाद दीपक ने सीसीटीवी से बाइक के नंबर निकाले। इंश्योरेंस कंपनी से बाइक के मालिक के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि बाइक गोनेर रोड स्थित पतासा फैक्ट्री के पास रहने वाले महेश चंद्र टेलर की है। दीपक महेश के पास पहुंचा तो उसने बताया कि उसकी बाइक 15 दिन पहले विधायकपुरी से चोरी हो गई थी।

# शिविर में 500 लोग लाभांवित

**जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान व करुणा निधि सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम सायपुरा सांगानेर स्थित महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय में निःशुल्क नेत्र रोग, स्वास्थ्य जाँच एवं जागरूकता शिविर आयोजित हुआ।

शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनसेवक व समाज सेवी भगवान सहाय माउल्या द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जांगिड ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ, शॉल व मोमेंटो प्रदान कर स्वागत किया व ट्रस्ट की गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम संयोजक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि शिविर में 500 से ज्यादा लोग लाभान्वित हुए शिविर में विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों एवं आस-पास के गांव-नागरियावाला, कोकावास, सायपुरा, मदरामपुरा, शिकारपुरा, चारनवाला आदि के लोगों को लाभ मिला जिसमें नेत्र रोग जैसे मोतियाबिंद, काला पानी, पलकबंद, नासुर, भैंगापन, नाखूना, रतोंधी, कोर्निया संबंधित बीमारियों व मंद दृष्टि सहित सभी प्रकार के नेत्र रोगों का उपचार व परामर्श दिया गया। इस शिविर में महात्मा गांधी हॉस्पिटल एवं स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की टीम ने सेवाएँ प्रदान की।

# पशुपालन निदेशालय का निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री जोराराम कुमावत

## विभाग में खाली पड़े जल्द भरे जाएंगे : कुमावत

**जयपुर (कासं)।** पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत बुधवार सुबह 11 बजे लाल कोठी स्थित पशुपालन निदेशालय में निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान मंत्री ने विभाग के सभी कमरों में जाकर कर्मचारियों से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ने अधिकारियों को विभाग से जुड़े कामों पर फर्स्ट एक्शन प्लान बनाने की बात कही।

मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि मंत्रालय संभालने के बाद पहली बार विभाग का निरीक्षण किया है। इसमें अधिकारियों से कहा है कि राजस्थान में जितने जिले हैं, उन जिलों में पशु मेले आयोजित किए जाएं। यदि हर जिले में पशु मेले होंगे और पशुपालक अपने पशुधन को लेकर उन मेलों में आएगा तो उसका लाभ पशुपालकों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूरे राजस्थान में पशुधन सहायक के पद खाली पड़े हुए हैं, उनके लिए वैकेंसी निकालने की जरूरत है। साथ में जिलों में सेंटर जहां पहले खुले हुए हैं, उन सेंटरों पर कई जगह भवन



पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत बुधवार सुबह 11 बजे लाल कोठी स्थित पशुपालन निदेशालय में निरीक्षण करने पहुंचे।

नहीं है, इसलिए उन सभी सेंटरों पर भवन बनाने की जरूरत है। पिछली बार लंपी बीमारी अचानक से आई जिसकी वजह से काफी पशुधन की नुकसान हुआ। पिछली सरकार ने कोई तैयारी नहीं की।

किसी भी बीमारी से निपटने के लिए कर्मचारियों से कहा है कि अपना एक्शन प्लान बनाकर रखें। विभाग के लिए जो भी भौतिक सुविधा की आवश्यकता है, उसका पूरा प्लान तैयार कर इसकी स्वीकृति के लिए सरकार को भेजें। इसे स्वीकृत करवाकर हम आगे का काम करवाएंगे।

# देवनानी को पुस्तक भेंट



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को लेखक हरिसिंह सोलंकी ने स्वास्थ्य सौन्दर्य में योग पुस्तक भेंट की।

सोलंकी राजस्थान शाला स्वास्थ योग समिति के संस्थापक हैं। योग समिति पिछले 33 वर्षों से स्कूली बच्चों को योग का शिक्षण दे रही है। सेवा समिति ने पहले राज्य में शारीरिक शिक्षको को योग का प्रशिक्षण दिया तथा शिक्षकों ने स्कूली छात्रों को प्रशिक्षण दिया। सोलंकी शिक्षा विभाग में योग सलाहकार रह चुके हैं।

# जियाना को डबल ब्लैक बेल्ट उपाधि




**जयपुर।** बरकत नगर निवासी और केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 की छात्रा जियाना पालीवाल ने दस वर्ष की अल्पायु में डबल ब्लैक बेल्ट की उपाधि हासिल की है। जियाना 5 वर्ष की उम्र से ही नियमित कराटे की तैयारी अशोक स्पोर्ट्स अकादमी से कर रही हैं। अकादमी के सेंसई अशोक पारीक ने बताया की जियाना ने गोजु रियो और कराते डेन दोनों विधाओं में ब्लैक बेल्ट प्राप्त किया है, एक ही प्रयास में दोनों विधाओं में परीक्षा पास करना उसकी कुशलता का प्रमाण है। जियाना के पिता कमल पालीवाल ने बताया की वह अब तक कई जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत कर जयपुर, अकादमी और विद्यालय का परचम लहरा चुकी है।

# स्मैक तस्करी का आरोपी पकड़ा

**जयपुर।** मालपुरा गेट थाना पुलिस ने पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से 4.80 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित ब्रिकी राशि ढाई हजार रुपये जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपी महिला से पूछताछ चल रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ज्ञानचंद यादव ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली महिला तस्कर कविता सांसी निवासी रामगंज जिला अजमेर हाल सांगानेर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से 4.80 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित ब्रिकी राशि ढाई हजार रुपये बरामद किए गए है। पुलिस तस्कर से स्मैक की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

# दादा को चकमा देकर युवक के साथ भागी नाबालिग पोती

**जयपुर।** आदर्श नगर इलाके में परीक्षा देने गई एक लड़की अपने दादा को चकमा देकर युवक के साथ भाग गई। लड़की परीक्षा देने सेंटर में घुसी थी, लेकिन वह क्लास में नहीं जाकर पीछे के गेट से फरार हो गई।

दादा परीक्षा सेंटर के बाहर बैठकर पोती का इंतजार कर रहा था। परीक्षा खत्म होने के काफी देर बाद भी जब लड़की बाहर नहीं आई तो दादा ने सेंटर में जाकर देखा तो पता चला कि लड़की परीक्षा देने ही नहीं पहुंची थी। इसके बाद दादा ने थाने जाकर नाबालिग की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने बताया कि अलवर निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग ने मामला दर्ज करवाया है कि वह पिछले 7-8 महीनों से अपनी नाबालिग पोती की पढ़ाई के लिए बजाज नगर इलाके में किराए का कमरा लेकर रहता है। गत 28 जनवरी को आदर्श नगर स्थित परीक्षा सेंटर में अपनी पोती को लेकर परीक्षा दिलाने के लिए लेकर आया था। सेंटर में पोती को भेजकर बाहर इंतजार करने लगा। परीक्षा खत्म होने पर पोती नहीं आई तो वह सेंटर में देखने गया तो उनको पता चला कि उनकी पोती परीक्षा देने ही नहीं आई। जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो सामने आया कि नाबालिग परीक्षा केंद्र में घुसी, लेकिन पीछे वाले रास्ते से बाहर निकल गई।

पुलिस ने बताया कि पढ़ाई के दौरान उसकी पोती का संपर्क हरियाणा निवासी विजय गुर्जर से हो गया और दोनों फोन पर बातें करने लगे। वह कई बार जयपुर भी आया। इस पर उसने पोती को समझाया कि सही रास्ते पर चले और अपना करियर बनाए। लेकिन उसने विजय गुर्जर से मिलना नहीं छोड़ा। उनको शक है कि विजय गुर्जर उनकी नाबालिग पोती को भगा ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हरियाणा निवासी विजय गुर्जर की तलाश में जुटी है।

# पेपर लीक मामले में वांछित आरोपियों के वारंट जारी

**जयपुर (कासं)।** एटीएस व एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने बताया कि वर्ष 2020 में कनिष्ठ अभियन्ता भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने का मामला जयपुर के सांगानेर थाने में दर्ज किया गया था। इस मामले में वांछित आरोपी के गिरफ्तारी वारन्ट न्यायालय से जारी करवाये गये है। पेपर लीक के अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एसओजी की विभिन्न टीमें उनके सम्भावित स्थानों पर दबिश दे रही है। साथ ही उनकी अचल सम्पतियों को कुर्क करने की कार्रवाई भी की जा रही है।

- **कनिष्ठ अभियन्ता भर्ती परीक्षा-2020 के पेपरलीक का मामला**
- **एसओजी की विभिन्न टीमें उनके सम्भावित स्थानों पर दबिश दे रही है। उनकी अचल सम्पतियों को कुर्क करने की कार्रवाई भी की जा रही है।**

मामले में जफर खान निवासी गांव खर्बला हॉसी, हिसार, हरियाणा, कमलेश मीणा निवासी चारणवास, गोविन्दगढ़, जयपुर ग्रामीण, सतवीर चौधरी निवासी भारनी श्रीमाधोपुर नीमकाथाना, गणपत विश्नोई निवासी मालवाड़ा चितलवाना जिला जालौर, सुरेश ढाका निवासी जेसला सांचौर जिला जालौर और हर्षवर्धन मीणा निवासी सालमपुर महुआ जिला दौसा आरोपी है। आरोपियों ने कनिष्ठ अभियन्ता भर्ती परीक्षा-2020 के पेपर को आउट कर विभिन्न परीक्षार्थियों से अवैध धनराशि प्राप्त की है।

आरोपी विभिन्न परीक्षाओं के पेपर लीक करने का गिरोह संचालित कर रहे थे। एसओजी द्वारा इससे पूर्व अब तक इस प्रकरण में 22 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# सांझरिया में बन रही घटिया सीमेंट सड़क के बारे में जे.डी.ए. आयुक्त ने मांगी रिपोर्ट

## टैंडर के मुताबिक सड़क निर्माण का कार्य पूरा होने से पूर्व ही ठेकेदार को भुगतान करने के बारे में जोन-12 अफसरों से जवाब देते नहीं बन रहा

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर में ठेकेदारों व इंजीनियर्स की सांठगांठ से बन रही घटिया सड़कों पर जेडीए कमिश्नर मंजू राजपाल ने सख्ती दिखाई है। जेडीसी ने जोन-12 के सांझरिया में अधूरी और खामियों भरी सड़क के मामले में रिपोर्ट मांग ली है। मजेदार बात यह है कि अजमेर रोड स्थित सांझरिया में टैंडर के मुताबिक सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही इंजीनियर्स ने ठेकेदार को 70 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया था। इसकी जानकारी मिलने पर जेडीए आयुक्त ने डायरेक्टर इंजीनियरिंग मनोज सोनी से रिपोर्ट मांगी है। स्थानीय विधायक कैलाश वर्मा ने भी मामले को गंभीरता से लिया है और वो इसे विधानसभा में शून्यकाल में उठाने की तैयारी कर रहे हैं। आयुक्त द्वारा रिपोर्ट तलब करने के बाद अब जोन के इंजीनियर्स खामियां स्वीकार करने के बजाय उन्हें छिपाने में जुटे हुए हैं, लेकिन अधूरी सड़क का भुगतान करने के बारे में उनसे जवाब देते नहीं बन रहा है।

सूत्रों की मानें तो ठेकेदार फर्म सत्यम कंस्ट्रक्शन ने सड़क का काम अधूरा छोड़ने के बावजूद जेडीए प्रशासन से भुगतान ले लिया और डामर बिछाने का काम बंद कर रखा है। जेडीए के सहायक अभियंता अपनी गलती को छिपाने और ठेकेदार फर्म को सही भुगतान करने के लिए तर्क दे रहे है। बताया जा रहा है कि ठेकेदार ने सांझरिया में जो सीमेंट सड़क बनाई है, वह भी तय मानकों के मुताबिक नहीं बनी। इसके बावजूद जोन-12 के इंजीनियर्स उसे जायज ठहराकर क्लीन चिट देने में जुटे हुए है। सांझरियां में जर्जर डामर रोड ठेकेदार की मनमानी के कारण नहीं बन रही, इसका खामियाजा स्थानीय लोगों को उठाना पड़ रहा है। इस सड़क से रोजाना 4 हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं, इनमें ज्यादातर भारी वाहन होते है। सीमेंट के जोड पर डामर की सड़क नहीं बनने से सारा वजन सीमेंट रोड पर आ रहा है और वो कभी भी टूट सकती है। इस जोन में अजमेर रोड पर करीब 2.5 करोड़ का टैंडर ठीकरिया में सड़क बनाने का खुला हुआ है। इस फर्म को अभी वर्क आर्डर नहीं दिया। इससे पहले ही संबंधित जोन इंजीनियर ने काम शुरु होकर तीन महीने में खत्म करने की रिपोर्ट दे दी है।

वहीं दूसरी ओर इधर अजमेर रोड पर मुकुंदपुरा रोड पर सड़क में गहरे गड्ढे हो चुके हैं और जोन के इंजीनियर काम शुरू नहीं करा रहे हैं। भांकरोटा से मुकुंदपुरा, बासडी पर गांव की इस सड़क पर रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। स्थानीय निवासियों ने सीएम पोर्टल पर भी शिकायत की, लेकिन जोनल इंजीनियर्स ने सीएम पोर्टल पर भी गलत जानकारी दे दी कि पेचवर्क कर गडडे सही कर दिए है।



## Optimist Day

Are you a glass-half-full or glass-half-empty kind of person? If you're a natural optimist in life, you might consider yourself 'a glass-half-full,' 'isn't-it-a-wonderful-life' kind of human, which is a fantastic quality to have. But for the rest of us, it might be challenging to be positive all day, every day, which is why *Optimist Day* is the perfect solution for us, well, average earthlings. Here's a chance to spend a day focusing on the positive things. Whether you're a natural optimist, or slightly pessimistic, this day is here to inject some fun-fuelled positivity into your life.



#WELL-BEING

# Health Benefits of Walnuts

Eating walnuts every morning can have several potential effects on your body. From heart health to cognitive function, these tiny kernels offer a myriad of advantages that may surprise you.




As the sun rises, casting its golden glow upon a new day, a simple morning ritual could hold the key to unlocking a cascade of 'health benefits' for your body. Enter walnuts, the unassuming yet nutrient-packed nuts that have earned a reputation as a nutritional powerhouse.

Eating walnuts every morning can have several potential effects on your body. From heart health to cognitive function, these tiny kernels offer a myriad of advantages that may surprise you.

Walnuts are a nutrient-dense food rich in omega-3 fatty acids, antioxidants, vitamins, and minerals. Consuming them regularly may contribute to various health benefits. Some potential effects include:

- **Heart health:** Walnuts may help lower cholesterol levels, reduce inflammation, and support overall cardiovascular health due to their omega-3 fatty acid content.
- **Brain health:** Omega-3 fatty acids in walnuts are associated with cognitive function, and some studies suggest that regular consumption may have a positive impact on brain health.
- **Promote satiety:** Despite being calorie-dense, walnuts may promote feelings of fullness and help control appetite, potentially aiding in weight management.
- **Antioxidant support:** Walnuts contain antioxidants, such as polyphenols, which may help protect cells from damage caused by free radicals.



### What are the advantages of including walnuts in your morning diet?

- **Rich in omega-3 fatty acids:** Walnuts provide a plant-based source of these essential fatty acids.
- **Nutrient-dense:** They contain various vitamins, minerals, and antioxidants.
- **Potential heart health benefits:** Some studies suggest walnuts may positively impact cholesterol levels and reduce cardiovascular risk.

### What are the disadvantages of including walnuts in your morning diet?

- **Caloric density:** While walnuts offer health benefits, they are calorie-dense, and excessive consumption may lead to weight gain, if not accounted for, in overall dietary intake. It's a slippery slope, so, incorporate them into a balanced diet without exceeding calorie requirements.
- **Allergies:** People with 'nut allergies' should avoid walnuts and other tree nuts to prevent allergic reactions.



Anarkali.

No one really knows who Anarkali was, though, her legend never fails to fascinate the world. The stories in the popular media all begin with *Anarkali's* introduction to Akbar and Salim but none of them have delved into the very origins of *Anarkali*. In Nav Gulati's saga, *Anarkali's* destiny and origin seem to be intricately intertwined with that of the 'Mughals' and the 'Ottomans.'

# Where Did Anarkalis Come From!!

PART: 2






Sultan Murad III.



Emperor Suleiman.



Sultana Hurrem.



Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*

The wealth of sixteenth-century *Hindustan* (India) was very attractive to the Ottomans in Istanbul. The 'Ottomans' were a feared war machine, but the 'Mughals' had more wealth at that time in history. It was customary for the Ghazi, Ottoman *Sultan*, to lead his armies on a 'spring harvest,' which was their euphemism for war. This was how they expanded their empire and brought back war booty in the form of gold, precious artifacts, weaponry for the next war, and, of course, concubines for the '*sultan's harem*.' The Ottoman *Sultan*, during Humayun's early reign, was a young and ambitious Suleiman, who had been on his throne since 1520. His armies had already become feared, after his conquests of Rhodes, Hungary, and the Balkan States by the time he turned his attention to *Hindustan*.

The 'Ottomans' were fierce, sworn enemies of the '*Shah of Persia*.' The *Ottoman sultan* was also contemptuous of the new upstart, Babur, whom they referred to as a 'Timurid' (descendant of Timur), not even acknowledging him by his name. In the early formative stages of the 'Mughal Empire' in *Hindustan*, Suleiman was too busy 'conquering other lands.' His spies were watching *Hindustan*, and the Ottomans were convinced that the new upstart Babur's dynasty would not last, particularly, since they had a very good read on the weak character of his son, Humayun. The Ottomans became further complacent when Babur died four years later, in 1530, and Humayun was crowned 'Emperor of *Hindustan*' in Delhi.



Inside the Topkapi Palace.

## #ONE CONCUBINE TWO EMPERORS



> Safiye was raised in the harem at Topkapi Palace by Jalpari. On January 16, 1574, drunken Selim assaulted and raped the fifteen-year-old virgin Safiye in a newly built hammam at the Topkapi Palace. Shortly thereafter, the overweight and drunk Selim, slipped on the floor and died.

Meantime, the cauldron was boiling over in Persia. In 1534, the young Shah Tahmasp of the Safavid dynasty, then, twenty years of age, was beginning to cause Suleiman problems on the eastern border, which he shared with Persia. At this time, *Baghdad* was the leading City of the Islamic world and a centre of wealth, learning, and culture. Baghdad was still under Persian rule, and this was a major thorn on Suleiman's side. He wanted 'Baghdad' for his Ottoman Empire.

In 1535, there was a debate in Suleiman's *Divan*, where all decisions were made by a council of Suleiman's trusted advisors and *Viziers*. The council then recommended their decision to Suleiman, who made the final decision. The issue at hand was a key strategic decision to invade either Persia or *Hindustan*. First, war could not be fought on two fronts, simultaneously. On one hand, Persia was a long-sworn enemy and right next door to the key prize of *Baghdad*. However, this war was likely to be a long one and would take considerable resources. On the other hand, there were the riches of *Hindustan* and a new, young empire getting stronger by the day. Which should Suleiman take first? In the *Divan*, the opinions were split, and the debates became more and more heated.

Humayun's intelligence emissaries got wind of the *Ottoman Divan* debate and the divisiveness in Suleiman's court. It was common knowledge that 'Humayun's forces' were no match for the 'Ottoman might.' Should Suleiman decide to invade *Hindustan*? Surely, Humayun would lose his empire. So, in 1535, he decided to pre-empt the invasion by offering tributes in the form of gold, coins, and beautiful concubines for *Suleiman's harem*. Instead of waiting, he sent the bounty and the women, along with his letter to Suleiman. For Suleiman, this solved his dilemma as he was getting an annual tribute without having to lift a finger and wasting precious resources on war. Thus, the decision was made to invade Persia and leave *Hindustan* alone, for the time being.

And with this fateful decision, two beautiful concubines from Humayun's palace, *Anarkali* and *Jalpari* became occupants of *Suleiman's harem* in Istanbul. And thus, it was through 'these concubines' that the two empires became intertwined. The girl, born in 1559 from *Ottoman Sultan*, Suleiman and *Anarkali's* embraces, was named Safiye, meaning 'The Pure One.' Suleiman allowed himself this 'one indulgence with *Anarkali*,' only after the death of his love, his wife, Hurrem.

His successor, Selim II, had lusted for both, Anarkali and Jalpari, since his teenage days. When hiding behind a latticed curtain, he saw them bathing in the *hammam* of the *harem*. As the new *sultan*, his first order of business was to summon them both to his bedchamber. Jalpari succumbed, albeit unwillingly, and she gave up her virginity to the drunken Selim.

Anarkali refused him, claiming that she had loved only Suleiman, and this was the word she gave to him, "She would never willingly give herself to another man, even though, he may be the *sultan* himself." Selim did not take her forcibly. Instead, he condemned her to the customary punishment of a 'harem concubine 'gone astray.'' On a foggy dawn, on the Bosphorus waters, she was placed in a sealed sack, laden with stones, dragged behind a caramuseli fisherman's boat, and left to sink in the waters near the Seraglio. She died chanting *Suleiman's name* as a hymn. In a legend of the caramuselis of Istanbul, for many years, on foggy mornings, they heard the mournful song of *Anarkali*.

Safiye was raised in the harem at Topkapi Palace by Jalpari. On January 16, 1574, drunken Selim assaulted and raped the fifteen-year-old virgin Safiye in a newly built *hammam* at the Topkapi Palace. Shortly thereafter, the overweight and drunk Selim, slipped on the floor and died.

Thus, ending the eight-year reign of debauchery and terror of 'Selim-the-sot,' Jalpari was finally freed from his lustful bondage.

To honour the memory of her long-lost friend, the offspring of Safiye and Selim was named *Anarkali*. Selim II was succeeded by his eldest son, Murad III, who ruled for twenty-one years till 1595. *Hindustan* was now ruled by the third 'Mughal' Emperor, Akbar, the Great.


In 1593, respecting the wishes of Jalpari, who sought approval from Murad III to go back to *Hindustan*, the young 'Anarkali' was gifted to the Zenana (*harem*) of Akbar, with Jalpari as her guardian. Sultan Murad had agreed. It was 'this Anarkali' who enchanted the crown prince of the 'Mughal' empire, Salim. From one 'Selim' to another 'Salim,' she passed from the 'Ottomans' to the 'Mughals of *Hindustan*.' It was she, who eventually became the legendary love of the later Emperor, Jahangir.

The details are intricate and well interspersed with history. One wonders how an IITian wove such a historical tale. Nav Gulati says, "I was always fond of 'Ottomans' and 'Mughals' because I believed that there is a very close link between our culture and theirs."

So, why did he not become a writer? He replies, "Earlier on, though, I had an interest in history but I also wanted to go to IIT, so that I could go to the US and earn good money. My fear was that if I became a full-time writer in my 20s, I would die in poverty and my kids would suffer. But when I launched my career, I was in management consulting, which was a high-pressure job. I couldn't get any time to write. The first time I really started 'seriously writing' was when I got posted in Dallas in 2010. I was working in banking at the time. I used to commute from Dallas to California. So, on Monday morning, I would go to Dallas and on Friday evening, I would come back to California. During the week, I had an apartment there and it was very close to the library. Rather than wasting my time in watching television, I decided to do some detailed research about the 'Mughals' and the 'Ottomans.' So, for six years, till about 2016, this was my schedule and I read every book that I could find about these empires. Every evening, I would read a book, make notes, put my thinking cap on and work on my story, which was already in my mind."

**-To be continued**

rajeshsharma1049@gmail.com




#JLF

# THE LITERARY EXTRAVAGANZA

Here is what to expect at the 17th edition of the Jaipur Literature Festival, which is all set to begin from 1 February to 5 February, at Hotel Clarks Amer.



Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

*The Jaipur Literature Festival 2024* is all set to begin. Scheduled to run from February 1st to 5th, at Hotel Clarks Amer, the grand literary extravaganza will see over 550 writers, speakers, and performers, and will represent 16 Indian and 8 international languages. The Indian languages include Assamese, Awadhi, Bengali, Hindi, Kannada, Kashmiri, Kurukh, Malayalam, Odia, Punjabi, Rajasthani, Sanskrit, Tamil, Toda, Urdu, and the Banjara language, Lamani (Lambada).





### A diverse array of speakers

The Festival presents an extraordinary array of literary figures, this season. Among them are Aarathi Prasad, National Geographic's Regional Manager for Europe and Western Asia, celebrated for her work, '*Silk: A History in Three Metamorphoses.*' Former Indian cricketer and commentator, Ajay Jadeja will also grace the event, alongside Anand Neelakantan, renowned for his '*Bahubali trilogy*' and '*Asura: Tale of the Vanquished*.' Anjan Sundaram, the award-winning author of '*Bad News: Last Journalists in a Dictatorship*,' and Ben Macintyre, known for bestselling titles like '*Operation Mincemeat*' and '*SAS: Rogue Heroes*,' will share their insights.

Moreover, attendees can anticipate engaging discussions with Bonnie Garmus, a talented novelist and creative director, Gulzar, well-known poet and scriptwriter and Georgi Gospodinov, recipient of the Jan Michalski Prize for Literature. Gopalkrishna Gandhi, former Governor of West Bengal and author of *'I Am an Ordinary Man: India's Struggle for Freedom (1914-1948)*,' will offer his perspective. Pulitzer Prize-winning author, Hernan Diaz, will join the lineup, as will Jonathan Freedland, the Orwell Prize-winning journalist known for '*The Escape Artist: The Man Who Broke Out of Auschwitz to Warn the World*.' Katherine Rundell, winner of the Baillie Gifford Prize, and Katie Kitamura, acclaimed for her recent novel '*Intimacies*,' will also enrich the festival with their presence. Nicholas Shakespeare, a prize-winning British novelist and biographer of '*Ian Fleming*,' along with Sital Kalantry, a distinguished law professor and writer of '*Court on Trial*,' and Sonora Jha, professor of Journalism and author of '*The Laughter*' and '*Foreign*' complete this illustrious gathering of literary talents.

### Sustainable festival

This year the festival has an endeavour towards a 'zero-waste' and more 'sustainable festival' through a series of initiatives and partnerships, including Earth Day. The festival will also aim to move towards a more 'carbon-neutral upcoming edition' with its 'green partners.'

### Jaipur Music Stage (JMS)

The JMS will present a diverse array of artists from the Indian subcontinent, offering a rich tapestry of musical genres that reflect a fusion of style, sound, and history.

Acclaimed singer, songwriter, and poet, Alif (Mohammad Muneem) will be performing on the first evening. He is the recipient of multiple awards, including the Dadasaheb Phalke Film Festival Award for the single '*Lalnawath*,' IRAA Award for the single '*Like a Sufi*,' and the IIMA Award for 'Best Folk Song,' '*Ride Home*.' The evening will also feature The Tapi Project, comprising Yogendra Saniyawala (acoustic and bass guitar, lyrics, composition), Swati Minaxi (voice), Gaurav Kapadia (drums) and Biju Nambiar (keyboards, bass and drums). The band experiments with intricate genres in music like folk, trip-hop, jazz, and ambient textures and uses folk instruments as an essential part of their band.


The second evening of JMS will feature Prabh Deep, a Delhi-based multi-faceted artist, who has evolved into one of the region's brightest visionaries, making his mark as one of the best storytellers in the game today. The second evening will also feature a performance by The Revisit Project, a group which unravels the complexity and rigour of jazz, with a distinctive and characteristic twist. Their music combines a solid groove, old-school funk, and rhythmic jazz while offering pointed observations about life, love, and politics in India.

The final evening will witness an incredible set, featuring renowned singer-songwriters Harpreet and Salman Elahi. Harpreet is a versatile artist who sings original musical compositions in Hindi, Punjabi, Bengali, Assamese, Rajasthani and Haryanvi. He is best known for creating musical scores to epic works of humanist poets like Kabir and Bulleh Shah. Mumbai-based musician, Salman Elahi's soothing voice has captured the hearts of over 20 million people, worldwide, with his popular song, '*Pahadon Mein*.' Writing and singing primarily in Urdu/Hindi, Elahi believes in using his music to express his thoughts about life and self-discovery. The evening will also showcase India's ever-evolving band, When Chai Met Toast (WCMT). The band consists of vocalist Ashwin Gopakumar, guitarist Achyuth Jaigopal, keyboard player Palee Francis and drummer Pai Sailesh.

### Jaipur BookMark

The Jaipur BookMark (JBM) unfolds, alongside the Festival, spanning five days, this year and hosting a diverse lineup of sessions featuring prominent figures from the publishing world. These sessions cover a wide array of topics, including the exploration of Indian literature across languages and scripts, the representation of diverse sexualities in regional language publishing, and the commemoration of DC Books' 50-year journey. Additionally, discussions delve into multilingual publishing in the Global South, the evolving dynamics of book marketing in the age of social media, fostering early readers through picture books, and grappling with challenges such as taxation and piracy in the publishing industry.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman






# किशनगढ़ बास जेल में बंदी की तबियत बिगड़ने से मौत

## बंदी के भाई ने जेल प्रशासन के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी

**किशनगढ़बास, (निसं)।** खैरथल-तिजारा जिले की उप कारागृह जेल में अवैध शराब तस्करी मामले में बदी अनिल कुमार की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। किशनगढ़ बास अस्पताल पर बंदी का न्यायिक मजिस्ट्रेट ममता गुप्ता की उपस्थिति में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया। दूसरी और बंदी के भाई सुनील कुमार ने जेल प्रशासन के विरुद्ध हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को लिखित शिकायत देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है।



अस्पताल में पोस्टमार्टम कार्रवाई के दौरान परिजन एवं ग्रामीण एकत्रित हो गये।

- **न्यायिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया**
- **अवैध शराब के आरोप में कोटकासिम पुलिस ने 28 जनवरी को गिरफ्तार किया था**

कोटकासिम क्षेत्र के बीलियावास निवास अनिल (35) पुत्र लाल सिंह अहीर को कोटकासिम पुलिस ने गांव के शिव मंदिर के पास से अवैध शराब मामले में 28 जनवरी को पकड़ा था। पुलिस की ओर से आरोपी को न्यायालय में पेश करने के पश्चात न्यायालय के आदेश पर आरोपी अनिल अहीर को उप कारागृह किशनगढ़ बास भेज दिया गया था।

जेलर रामेश्वर चौधरी ने बताया कि बदी अनिल कुमार जेल में आया तभी से तबियत खराब बता रहा था। 30 जनवरी को पेट में दर्द उठने पर शाम को किशनगढ़ बास अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां करीब दो घंटे बाद तबीयत ठीक होने पर छुट्टी दे दी। रात्रि में अचानक तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल लेकर पहुंचे वहां ड्यूटी डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बंदी की जेल में तबीयत बिगड़ने से मौत की खबर सुनकर अस्पताल में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना मिलने पर गांव से परिजन भी अस्पताल पहुंचे।

कोटकासिम बीलियावास निवासी सुनील कुमार पुत्र ओमकार यादव ने पुलिस को लिखित में जेल प्रशासन के विरुद्ध शिकायत देते हुए बताया कि मेरे चाचा के लड़के अनिल को 28 जनवरी को शाम पांच बजे करीब पुलिस परचूनी की दुकान से उठाकर ले गई। दूसरे दिन मालूम हुआ कि अनिल को शराब के झूठे मुकदमे में पुलिस ने बंद किया है। 29 जनवरी को अनिल यादव को न्यायालय में पेश किया जा जमानत प्रार्थना पत्र खारिज होने पर जेल भेज दिया गया। 30 जनवरी की रात एक से 1:30 बजे के बीच पुलिस घर आई और बोली अनिल की जेल में मौत हो गई है। पुलिस से जब कारण पूछा तो कहा यह जेल प्रशासन ही बताएगा। शिकायत में जेल प्रशासन पर अनिल की हत्या का आरोप लगाते हुए परिवार जनों ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस अधिकारी ज्ञानचंद ने बताया कि परिवार जनों ने शिकायत दी है जांच कर कार्रवाई की जाएगी। ड्यूटी डॉक्टर राहुल चौधरी ने बताया कि जेल प्रशासन बंदी को एक बार पेट दर्द की शिकायत होने पर अस्पताल लाया था जिसे उपचार देकर मरीज के स्वस्थ बताए जाने पर छुट्टी दे दी गई थी। इसके बाद रात्रि को करीब 12:30 बजे फिर से बंदी को जेल प्रशासन अस्पताल लेकर आया तब तक बंदी की मौत हो चुकी थी।

पोस्टमार्टम के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट ममता गुप्ता, अस्पताल प्रभारी डॉक्टर अतुल गौड़, ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. केशव सोनी. डॉ. प्रवीण गुप्ता, डॉ. अंकित गुप्ता, थाना अधिकारी छोटी लाल, ज्ञानचंद जेलर रामेश्वर चौधरी सहित अस्पताल कर्मचारी मौजूद रहे।

# वन विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

## वन विभाग का फर्जी फार्म, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाइल जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** शहर की सवीना थाना पुलिस ने वन विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी कर पैसे ऐंठने वाले को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सवीना थाना में गत 26 जनवरी को प्रार्थी शिव राजसिंह पिता शम्भुसिंह निवासी खरदेवला, बड़ी सादडी हाल एकलिंगपुरा पावर हाउस के सामने, हर्ष वाटिका के पास, उदयपुर द्वारा रिपोर्ट पेश की गई कि वन विभाग में नौकरी लगने हेतु 16 दिसम्बर 2023 को एक समाचार पत्र में एक विज्ञापन आया था तथा उसके नीचे मोबाइल नम्बर दिये गये थे। जिस पर प्रार्थी ने सम्पर्क किया तो वन विभाग में नौकरी, ट्रेनिग, बंदूक लाईसेंस के नाम पर करीब 2 लाख 17 हजार रूपये हड़प लिये।

पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर उक्त घटना की गम्भीरता देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर द्वारा इस सम्बन्ध में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये गये। जिस पर लोकेन्द्र दादरवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर उदयपुर तथा शिप्रा राजावत पुलिस उप अधीक्षक वृत नगर पूर्व उदयपुर के सुपरविजन में फूलचन्द टेलर थानाधिकारी पुलिस थाना सवीना द्वारा टीम गठित की जाकर अभियुक्त की तलाश करने के निर्देश प्राप्त हुए। जिस पर थानाधिकारी के नेतृत्व में थाने की टीम फूलचन्द टेलर थानाधिकारी सवीना द्वारा टीम का गठन किया गया जिस पर



उदयपुर की सवीना थाना पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले को गिरफ्तार किया।

टीम ने अभियुक्तों की तलाश शुरू की। टीम द्वारा मुखबिर तंत्रों व तकनीकी संसाधनों, सीसीटीवी फूटेज की मदद से तलाश की जिस पर मोबाईल आईएमईआई सर्चिंग के आधार पर भगवानदास साहू निवासी प्रेमनगर मामा की दुकान फायसागर रोड पुलिस थाना गंज जिला अजमेर हाल मकान नम्बर-806 हनुमान विहार बीके कॉल नगर पुलिस थाना किशनगंज जिला अजमेर को डिटेन कर अनुसंधान किया गया तथा बाद अनुसंधान के अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से वन विभाग का फर्जी फार्म, फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाइल जब्त किये गये। वहीं प्रार्थी द्वारा हड़पी गई राशि को अभियुक्त के बैंक खाते में पड़ी होने से अभियुक्त का बैंक खाता फ्रिज कराया।

# गैंगस्टर लारेंस के गुर्गों की धरपकड़, कई संदिग्ध हिरासत में

## पुलिस व जेल प्रशासन ने केंद्रीय कारागार में दो मोबाइल जब्त किये

**जोधपुर, (कासं)।** राजनेताओं की हत्या किए जाने की आशंका और लारेंस गैंग के दो शूटरों के प्रदेश में आने की जानकारी पर हरकत में आई पुलिस ने बुधवार को जोधपुर जिले में धरपकड़ अभियान चलाते हुए लारेंस विश्नोई गैंग से जुड़े कई लोगों को पकड़ा है। इधर सुबह कमिश्नरेट पुलिस और जेल प्रशासन ने संयुक्त अभियान चलाकर केंद्रीय कारागार में दो मोबाइल जब्त किये है। इस बारे में अलग से केस दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार गत सप्ताह पुलिस को इनपुट मिला कि गैंगस्टर लारेंस विश्नोई की गैंग के दो शूटर प्रदेश में राजनेताओं की हत्या के इरादे से आए हुए हैं। जिसके बाद से प्रदेश की पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। राजनेताओं की सिक्योरिटी बढ़ाने के साथ लारेंस के गुर्गों की धरपकड़ शुरू की गई है।

जोधपुर पुलिस आयुक्त रविदत्त गौड़ के दिशा निर्देश पर बुधवार को कमिश्नरेट क्षेत्र में लारेंस गैंग से जुड़े गुर्गों की धरपकड़ करते हुए दर्जनभर लोगों को हिरासत में लिए जाने की जानकारी सामने आई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ कि कितने लोगों को अब तक पकड़ा गया है।

वहीं कमिश्नरेट पुलिस और जेल प्रशासन ने लारेंस गैंग के गुर्गों के जेल से अपराध घटित किए जाने की आशंका में भी केंद्रीय कारागार में सर्च ऑपरेशन चलाकर अवांछनीय सामग्री जब्त की है। जानकारी के अनुसार जेल से दो मोबाइल बरामद हुए है। जिस बारे में छानबीन की जा रही है।

# आठ साल की बच्ची से छेड़छाड़, आरोपी गिपफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के सदर थाना इलाके में आठ साल की मासूम बच्ची से छेड़छाड़ के आरोपी युवक की गुस्साए लोगों ने जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर इसके खिलाफ केस दर्ज किया है।

सदर थाना क्षेत्र की एक फैक्ट्री में कार्यरत श्रमिक ने अपने साथी श्रमिक की आठ साल की बच्ची से छेड़छाड़ की जिस पर अन्य श्रमिकों ने उसे पीट दिया। सदर थाना प्रभारी पूरणमल मीणा ने बताया कि थाना क्षेत्र की एक फैक्ट्री में कार्य करने वाले श्रमिक के साथ उसकी 8 साल की बच्ची भी फैक्ट्री में आती जाती है। सोमवार शाम को बच्ची खेलते हुए एक कमरे में चली गई। यहां झुंझुनू जिले के जगदीश जाट ने बच्ची के साथ छेड़छाड़ की। बच्ची जब पिता के साथ घर लौटी तो उसने आपबीती मां को बताई। मां ने बच्ची के पिता को उसके साथ हुए सारे घटनाक्रम की जानकारी दी।

पिता ने फैक्ट्री पहुंचकर उसे डांटा और जब अन्य श्रमिकों को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने जगदीश की पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को शांतिभंग में गिरफ्तार किया। पुलिस ने बच्ची के पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है।


## अवैध गारनेट फैक्ट्री पर छापा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** अवैध गारनेट के कारोबार पर माइनिंग और पुलिस प्रशासन की टीम ने दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध गारनेट जब्त किया है। साथ ही गारनेट निकालने की लगभग एक दर्जन मशीन भी जप्त की है। सदर थाना क्षेत्र के सांकरिया खेड़ा इलाके में चारागाह की 300 से 400 बीघा जमीन पर पेड़ों की बीच में अवैध गारनेट निकालने का कारोबार चल रहा था। जिसकी शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मंगलवार देर रात माइंनिग और पुलिस की टीम ने दबिश दी। मौके पर करीब एक दर्जन गारनेट निकालने की मशीनें मिलने और टीम द्वारा इन्हें जब्त करने की कार्रवाई की। पुलिस का कहना है कि पिछले लंबे समय से इस क्षेत्र में अवैध गारनेट निकालने की सूचना मिल रही थी।

# कांस्टेबल ने नाले में गिरे हुए युवक को बचाया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** मंगलवार रात कोतवाली थाना पुलिस द्वारा हर रोज की भांति थाना क्षेत्र के बड़ला चैराहे पर नाकाबंदी की जा रही थी।

नाकाबंदी के दौरान रात्रि 10:30 बजे पुलिसकर्मियों को पास ही स्थित गंदे पानी के गहरे नाले में किसी व्यक्ति के गिरे होने की सूचना मिली, जिस पर मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा तत्काल सूचना कोतवाली थाना प्रभारी दिनेश कुमार जीवनानी को दी गयी, जिस पर थाना प्रभारी मय जाब्ता व रेस्क्यू उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे और भीलवाड़ा पुलिस के कांस्टेबल चंद्रभान छिल्लर ने रस्से के सहारे नीचे उतरकर नाले में गिरे हुए



कांस्टेबल चंद्रप्रकाश छिल्लर।

व्यक्ति को सकुशल बाहर निकाला।

# वृद्धा पर हमला करने की वारदात का खुलासा

- **वृद्धा का गला दबाकर लूट का प्रयास करने वाला पोते का दोस्त ही निकला**

**उदयपुर, (कासं)।** भूपालपुरा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े घर में घुस कर एक वृद्धा का गला दबाकर जानलेवा हमला करने की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक पीड़ित परिवार का परिचित ही निकला। पुलिस के अनुसार 27 जनवरी को प्रार्थी राधेश्याम बिलोची ने थाना भुपालपुरा पर प्रकरण दर्ज कराया कि दिन के करीब तीन बजे मेरी पत्नी मीरा देवी घर पर थी। तभी हेलमेट पहने हुए एक संदिग्ध युवक आया जिसने आते ही मेरी पत्नी का गला व मुंह दबा कर मारने का प्रयास किया। मेरी पत्नी मीरा देवी संघर्ष करते हुए चिल्लाई तो पास में ही कमरे में मेरी बेटी सीमा दौड़कर आई तो वह संदिग्ध युवक मेरी बेटी सीमा को चुप रहने का ईशारा कर दरवाजे को बाहर से बंद कर मौके से फरार हो गया। उक्त रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज एव पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए निर्देश पर टीम तैयार कर मौके पर जाकर मुल्जिमान की तलाश प्रारंभ की।अनुसंधान के दौरान आसपास के सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण एवं तकनीकी आसूचना से घटना के वक्त अज्ञात अभियुक्त द्वारा वारदात में जुपीटर स्कूटी का उपयोग करना ज्ञात आया, इसके पश्चात वृद्ध महिला के पोता आयुष के दोस्तों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तो उसके एक दोस्त की गतिविधियां संदिग्ध लगने से उक्त युवक वर्णिक सिंह पिता राजेंद्र कुमार सिंह निवासी सुखदेवी नगर बेदला थाना सुखेर उदयपुर से पूछताछ की गई तो उसके द्वारा उक्त हुलिये की स्कुटी का घटना के वक्त उपयोग में लाना ज्ञात आया। अभियुक्त वर्णिक सिंह उदयपुर के इंजिनियरिंग कॉलेज का छात्र है काफी शातिर प्रवृति का बदमाश है। शुरूआत में पुलिस को गुमराह करता रहा व अलग-अलग कहानियां बनाता रहा। परन्तु टीम द्वारा पूछताछ करने पर व टूट गया तथा उसने उक्त वारदात करना कबूल किया।

अभियुक्त ने प्रारंभिक पूछताछ में उक्त घटना लूटपाट करने की नियत से करना बताया है। आरोपी आनॅलाईन सट्टा खेलने का आदि है तथा उसके दोस्तों से पूछताछ करने पर अभियुक्त पर कर्जा होना भी सामने आया है। अभियुक्त को यह पता था कि उसके दोस्त आयुष बिलोची पैसे वाला है तथा घटना के दिन उसने आयुष से बात करने पर आयुष के घर वालों के नासिक होने तथा घर पर दादी मीरा देवी अकेली होने की जानकारी उसे मिली थी। जिसके बाद वह अपने दोस्त पार्थ से उसकी स्कूटी मांग कर ले गया तथा उसके नंबर चेंज कर हाथों में ग्लवज व मुंह पर डबल मास्क एवं हेलमेट पहन कर घर में घुसकर घटना की। घटना के संबध में अन्य लोगों की संलिप्तता एवं वारदात के अन्य तथ्यों पर अभियुक्त का रिमाण्ड प्राप्त कर अनुसंधान किया जा रहा हैं।

## उदयपुर में एक करोना रोगी मिला

**उदयपुर, (कासं)।** बुधवार को उदयपुर जिले में हुई कोविड के 42 सैम्पल की जाँच में एक रोगी कोरोना संक्रमित पाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि बुधवार को कोविड के 42 सैम्पल लेकर जांच की जिसमें 41 नेगेटिव एवं एक पॉज़िटिव पाया गया। अब तक कुल 77134 पॉज़िटिव कोरोना आए जिसमें से 76348 स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज हो गए वहीं पांच एक्टि रोगी है जो होम आइसोलेटेड है। उदयपुर में आज मिला पॉजीटिव रोगी हिरणमगरी सेक्टर 5 क्षेत्र का विद्यार्थी है। 29 जनवरी को सर्दी खांसी होने पर डॉक्टर को दिखाने पर जांच करवाई। जांच में पॉजिटिव पाया। चिकित्सा विभाग की टीम ने रोगी के परिवार की हिस्ट्री ली।

# परमाणु नगरी को पर्यटन नगरी बनाया जायेगाः महंत प्रतापपुरी

**पोकरण, (निसं)।** जैसलमेर मरू उत्सव तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय परमाणु नगरी को पर्यटन नगरी बनाने को लेकर आगाज करने को लेकर पोकरण विधायक विधायक महंत प्रतापपुरी ने घोषणा की।

विधानसभा में मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन के दौरान कहा कि यह सरकार न पर्ची की है न खर्ची की है, जिसके चलते एक दिवसीय मरू उत्सव कार्यक्रम पर लाखों रुपए का खर्चा स्थानीय पालिका प्रशासन को करना पड़ता है। वहीं पर्यटन विभाग एवं स्थानीय संसाधनों एवं भामाशाहों की कमी के कारण पालिका प्रशासन को बजट खर्च करना पड़ता है। स्वर्ण नगरी जैसलमेर से एक दिन पूर्व पोकरण से आगाज करने की घोषणा विधायक द्वारा की गई है, जो कि परमाणु नगरी को पर्यटन नगरी बनाने को लेकर अच्छी पहल है। पर्यटकों को लुभाने के लिए महोत्सव में नवाचार स्थानीय कलाकारों एवं पर्यटक स्थलों की दुर्दशा की सार संभाल करना आसान नहीं है।

राजस्थान की लोक कला संस्कृति का देखने को मिलेगा संगम :- कलात्मक छतरियों, शक्ति स्थल सहित विभिन्न पर्यटक स्थलो का आकर्षण का केंद्र पर्यटकों को लुभा सकता है। स्थानीय कलाकारों को कला के लिए अच्छा मंच मिलेगा। परमाणु परीक्षण के बाद विश्व मानचित्र पर पोकरण अपनी पहचान बन चुका है। प्रशासन के लिए शहर की दुर्दशा सुधारने को लेकर बड़ी चुनौती, शहर के मुख्य मार्गों व विभिन्न गली मोहल्लों खड्डों का शहर, टूटे बिजली के पोल, पानी बिजली, टूटे हुए मुख्य मार्गों के डिवाइडर जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ ही साथ आवारा पशुओं का आंतक, बिगड़ी यातायात व्यवस्था आदि पर खर्च करना प्रशासन की प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिए। शक्ति स्थल में बने परमाणु परीक्षण यादगार को लेकर बनाए गए काल्पनिक ठिकाने भी क्षतिग्रस्त हैं।

# लक्की ड्रा के नाम पर ठगी, पांच जने गिरफ्तार



लक्की ड्रा के नाम पर ठगी करने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

- **नौ मोबाइल, 1025 कूपन और दस्तावेज बरामद किए**
- **गौशाला के नाम से लक्की ड्रा निकालने की सूचना मिली थी**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** लक्की ड्रा के नाम पर आमजन को बेवकूफ बनाने और उनसे ठगने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से नौ मोबाइल, 1025 कूपन और दस्तावेज बरामद किए हैं।

थाना प्रभारी रामविलास ने बताया कि गणेश लाल आचार्य निवासी रोपा अध्यक्ष देवनारायण गौशाला समिति ने रिपोर्ट दी जिसमें बताया कि हमारी गौशाला के नाम से कुछ व्यक्ति लक्की ड्रा निकाल रहे हैं। हमारी तरफ से ऐसा कोई भी लक्की ड्रॉ नहीं किया जा रहा है। गौशाला सेवा समिति तरफ से कोई लक्की ड्रा पोस्टर वायरल नहीं किए गए हैं। लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से गौशाला के नाम पर फर्जी लक्की ड्रा आयोजन के पोस्टर वायरल कर गौशाला के छवि धूमिल की जा रही है। रिपोर्ट पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य सरगना सहित पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय में पेश कर इन्हें तीन दिन के रिमांड पर पर लिया है। पुलिस ने लक्की ड्रा के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोपियों से नौ मोबाइल और 1025 कूपन और दस्तावेज जब्त करते हुए दीपक धाकड़ पिता रामदेव धाकड़, दीपक पालीवाल पिता पप्पू पालीवाल, घनश्याम पिता रामकुमार धाकड़, राजू पिता गोपाल धाकड़, मोहन पिता शांतिलाल धाकड़ को गिरफ्तार किया है।

## छेड़छाड़ करने पर लड़की ने दो लड़कों की पीटाई की

**भीलवाड़ा, (निसं)।** बीच बाजार एक लड़की को छेड़ना दो बाइक सवार आवारा किस्म के लड़कों को उस समय भारी पड़ गया जब लड़की ने उन्हें बाइक से उतार जमकर धुनाई कर दी। लड़की को लड़कों को मारता देख भीड़ ने भी हाथ साफ किया। इस दौरान मौके पर तमाशबीनों की भीड़ लग गई और कुछ ही देर में इसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे। मामला शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र के पुराना बस स्टैंड के निकट का है।

जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर बाइक सवार एक युवती घर से कोचिंग की ओर जा रही थी इसी बीच बाइक सवार दो अन्य आवारा किस्म के लड़के उसके पास पहुंचे और उसे पर फबतियां (कमेंट) कसने लगे। गुस्साई लड़की ने लड़कों को रुकवाया और उन्हें उनकी गलती के लिए जमकर सबक सिखाया। लड़की ने बीच बाजार इन मनचलों की जमकर धुनाई कर दी।

इस दौरान लड़की ने भी कई अप शब्दों का प्रयोग किया। मौके पर मोजूद तामशबीनों ने भी लड़कों की पिटाई कर दी। इसी बीच गहमागहमी के दौर में मौका पाकर लड़के एक अन्य स्कूटर पर सवार हो भाग निकले। कुछ देर बाद प्रताप नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तब तक सब भाग निकले। इस संबंध में फिलहाल कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।

# पालिका कार्यालय से सरकारी दस्तावेज और कंप्यूटर चोरी

## पालिका संविदाकर्मी के खिलाफ सरकारी रिकॉर्ड चोरी का मामला दर्ज

**दौसा, (निसं)।** महवा नगर पालिका कार्यालय से सरकारी दस्तावेज और कंप्यूटर चोरी करने का मामला सामने आया है। वहीं पालिका संविदाकर्मी द्वारा नगर पालिका के सीसीटीवी कैमरे में सरकारी दस्तावेज ले जाते समय का सीसीटीवी फुटेज आने के बाद पालिका ईओ सुरेंद्र मीणा ने महवा थाने में पालिका के ही संविदाकर्मी के खिलाफ पूर्व विधायक और पूर्व ईओ के इशारे पर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। यह घटना सोमवार रात करीब सात बजे की है।

थाने में पूर्व विधायक ओम प्रकाश हुड़ला, उनके रिश्तेदारों और पूर्व अधिशासी अधिकारी तेजराम मीना, राजेंद्र हुडला, दिनेश पाटोली, पवन अधाना और द्रौपदी उधम पर भ्रष्टाचार में संलिप्तता का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संविदाकर्मी द्वारा फाइल चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। संविदाकर्मी पालिका के दफ्तर से हाथों में फाइलें ले जाते दिख रहा है।

अधिशाषी अधिकारी पालिका महवा ने रिपोर्ट में बताया कि पालिका

- **पूर्व विधायक व पूर्व ईओ के इशारे पर चोरी का आरोप**

कार्यालय में भ्रष्टाचार से संबंधित विभिन्न शिकायतों की जांच प्रस्तावित है। इन जांचों में तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी तेजराम मीना, पूर्व विधायक ओमप्रकाश हुडला के रिश्तेदार और निजी व्यक्तियों के नाम भ्रष्टाचार मे उजागर होने की आशंका होने पर इनके इशारों पर सोमवार को कार्यालय बंद होने के बाद लगभग शाम करीब 7 बजे पालिका के संविदाकर्मी पिन्टू योगी द्वारा नगरपालिका कार्यालय में घुसकर यहां ड्युटी पर कार्यरत गार्ड को जान से मारने की धमकी देकर लेखा शाखा का दरवाजा खुलवाया और शाखा से रिकॉर्ड पत्रावलियां बैग में भरकर और बस्ते में बांध लिया।

साथ ही शाखा के कम्प्यूटर (एलईडी, सीपीयू, यूपीएस) जिसमें लेखा शाखा था, दस्तावेज और ऑनलाइन रिकॉर्ड का डाटा था और प्रिन्टर भी अपने साथ लेकर चला गया। यह घटना नगरपालिका मे लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है।



संविदाकर्मी सामान बांधकर ले जाते सीसीटीवी फुटेज दिख रहा है।

## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया

**मंडावरी।** महारिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान स्थानीय भाषाओं का सम्मान एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम मे भामाशाह रघुनंदन मीणा, ख्यालीराम मीणा, गंगाराम मीणा, प्राध्यापक कैलाश शर्मा, प्राध्यापक रमेश शर्मा में रामलाल मीणा जमादार, मंडावरी एसबीआई के प्रबंधक प्यारेलाल मीना, प्रेम मीणा छोटेलाल मीना, लटूर मीणा, मुकेश सैनी उपाध्यक्ष जीएसएस महारिया रहे। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महारिया के उप प्राचार्य कमलेश गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान विद्यालय को सहयोग देने वाले भामाशाहों का भी सार्वजनिक रूप से अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परीक्षा परिणाम अनुशासन स्वच्छता अनियमितता वृक्षारोपण के साथ प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया।

# 'बाल श्रम, बाल विवाह व बाल नशा मुक्ति पर प्रभावी रोकथाम लगावे'



**जिला कलक्टर आशीष गुप्ता जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल नशा मुक्ति की प्रभावी रोकथाम के संबंध में समीक्षा बैठक ली।**

**अलवर।** जिला कलक्टर आशीष गुप्ता की अध्यक्षता में आज मिनी सचिवालय सभागार में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल नशा मुक्ति की प्रभावी रोकथाम के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक को निर्देशित किया कि जिले में बाल संरक्षण से जुडे विभागों से समन्वय स्थापित कर बाल श्रम, बाल विवाह, बाल उत्पीडन, बाल नशा मुक्ति आदि पर प्रभावी रोकथाम लगावे। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि जिले में

बाल श्रम में नियोजित बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करवाने हेतु नियमित तौर पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कर उनका पुनर्वास करावे। उन्होंने औषधि नियंत्राक को निर्देशित किया कि नशीली दवाओं की ब्रिकी पर लगाम लगाने हेतु मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगवाया जाना सुनिश्चित करावे तथा पुलिस विभाग से समन्वय कर ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर अवैध स्थानों पर नशीली दवाएं बेचने वाले विक्रेताओं पर कार्रवाई करें।

उन्होंने बाल विवाह रोकथाम हेतु महिला अधिकारिता विभाग के द्वारा अपेक्षाकृत न्यून कार्य करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यवाहक उप निदेशक को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत व शहरी वार्डों में नियुक्त आशा वर्करों से बाल विवाह से संबंधित रिपोर्ट नियमित रूप से मंगवाए एवं पुलिस से समन्वय करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि जिले में बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम हेतु सभी विभागों एवं संस्थानों के साथ समन्वय कर जनजागरूकता के विशेष प्रयास करें। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि विद्यालय की 2०० मीटर की परिधि में शराब की दुकान संचालित नहीं होवे। उन्होंने सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिये कि अवैध शराब में सम्मिलित रहे परिवारों को नवजीवन योजना के तहत मुख्य धारा में लाने हेतु कार्य करें।

उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक सीकायू अलवर व भिवाडी को निर्देश दिये कि पॉक्सो एक्ट में दर्ज प्रकरणों में प्रभावी अनुसंधान कर समयबद्ध रूप में प्रकरणों का निस्तारण करें तथा बाल कल्याण समिति पॉक्सो एक्ट में दर्ज प्रकरणों में पीडितों को पीडित प्रतिकर की सहायता राशि समयबद्ध रूप से दिलवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि बाल देखरेख संस्थानों में आवासित बालक-बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच हेतु रूटिन में चिकित्सकीय विजिट करावे। उन्होंने सीडीईओ को निर्देश दिये कि पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर जिले के सभी राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में बाल संरक्षण हेतु जागरूकता गतिविधियां आयोजित करवाए तथा सभी स्कूलों में बाल प्रहरी के रूप में नियुक्त शिक्षक के माध्यम से विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी देकर जागरूक किया जावे।

## ठाकुर जी व शिव पंचायत मूर्तियों को कराया नगर भ्रमण


**गाजेबाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकली।**

■ मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा आज

**श्रीमाधोपुर।** ग्राम हांसपुर में श्री गोपीनाथ ठाकुर जी महाराज व श्री शिव परिवार एवं वीर हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं रुद्र महायज्ञ के तहत भगवान को दसविद स्नान, प्रायश्चित पंचांग पूजन करवाया गया।

बुधवार को सुबह 11.15 बजे गाजेबाजे के साथ भव्य कलश यात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें महिलाओं ने मंगल गीत गाए। महिलाएं रंगबिरंगी पोशाक में नजर आई। भव्य कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। गुरुवार को प्रात: 8:15 बजे से रुद्र महायज्ञ, दोपहर 12:15 बजे से मूर्ति स्थापना, दोपहर 1:15 बजे से महाप्रसाद, दोपहर 2 बजे से संपूर्ण रात्रि तक विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। कलश यात्रा में जीवंत झांकियां भी सजाई गई वहीं साधु महात्मा भी झांकियां के साथ ही रहे । कलश यात्रा के दौरान श्री श्री 1008 ओंकारदास जी बावड़ी आश्रम, भरत दास जी खाचरियावास, यजमान सागर शर्मा, सुभाष शर्मा सरपंच प्रतिनिधि हांसपुर, मोहन सिंह, प्रहलाद सिंह, वासुदेव, विश्वनाथ शर्मा, बाबूलाल, कमलेश शर्मा, रामेश्वर निठारवाल, भगवान सहाय जांगिड़, राजेंद्र शर्मा, विनोद, घासी टेलर साहित्य गांव के आसपास के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## प्रतिभा व भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

■ सांभर दरबार स्कूल में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

**फुलेरा ।** कस्बे के गोरधनपुरा में संचालित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को प्रात: 11:15 बजे वार्षिक उत्सव विद्यालय के प्रधानाचार्य शंकर लाल मीणा की अध्यक्षता में मनाया गया।

साथ ही कार्यक्रम में विद्यालय की प्रतिभा, भामाशाहों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ संजय यादव रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या नविता वर्मा, शिक्षाविद भंवर लाल कुमावत, शिक्षाविद शक्ति सिंह,पार्षद श्रवण वर्मा, राजकुमार सैनी, समाजसेवी श्याम सैनी, अब्दुल गनी, मोहन सरावता शिरकत की। आगुंतक अतिथियों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आगुंतक अतिथियों एवम भामाशाहों का शाला परिवार द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि श्रवण वर्मा अनुशासन सफलता की प्रथम सीढ़ी है, सभी विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य डॉक्टर यादव ने कहा की आजकल विद्यार्थी सोशल साइट्स की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे है, इसलिए सभी अभिभावकों को अपने बच्चो को नियमित रूप से समय देना चाहिए और उन्हे सकारात्मक रूप से अभिप्रेरित करना चाहिए। नविता वर्मा ने कहा की शिक्षा समाज का दर्पण है , आज एक बेटी पढ़ेगी तो वो आगे दो परिवारों को शिक्षित करेगी। इसलिए हमे सभी बेटियो को आगे पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। वही कार्यक्रम के दौरान बच्चो का उत्साहवर्धन करने के लिए विद्यालय की शिक्षिका और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी नीलम चौहान ने अपने स्वयं के खर्चे पर बच्चो को पारितोषिक प्रदान किए जिसकी समस्त आगुंतक अतिथियों और अभिभावकों ने भूरी भूरी प्रशंशा की। क्षेत्रवासियों ने उक्त विद्यालय में बालिकाओं के साथ बालको को भी शिक्षा प्रदान करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन वरिष्ठ शिक्षक गिरधारी जांगिड़ ने अपने चिर परिचित अंदाज में किया। कार्यक्रम अध्यक्ष संस्था प्रधान शंकर लाल मीणा ने सभी का आभार प्रकट किया। अंत में सभी को मिठाई और फल वितरित किए गए।

## अतिक्रमण किया

**शाहपुरा।** अजीतगढ़ स्थिति श्री कृष्ण गोशाला की कांडा कॉलोनी के पास प्रस्तावित नंदीशाला की चारदीवारी को आसपास के लोगों द्वारा तोड़कर गंदे पानी के नाले निकालने, गेट बनाने तथा गोशाला की दीवार पर अवैध तरीके से दीवार निर्माण आदि अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। गोशाला कमेटी द्वारा 24 जनवरी को व्यक्तिगत मौखिक रूप से समझाइश की है, अब इसके बावजूद भी सुधार नहीं करने वालो के खिलाफ गोशाला कमेटी 5 फरवरी को अवैध नाले बंद करने, अस्थाई अतिक्रमणों को ध्वस्त करने के साथ ही गोशाला भूमि के भीतर रखे सामान को जब्त किया जायेगा। गोशाला अध्यक्ष चैतन्य मीणा, सचिव मूलशंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहन लाल पारीक ने बताया कि श्री कृष्ण गोशाला की कांडा कॉलोनी के पास गोशाला की खातेदारी भूमि पर चारदीवारी बनाई हुई है। इस चारदीवारी पर दक्षिण - पश्चिम दिशा में कुछ परिवारों ने अवैध दीवार निर्माण, दीवार तोड़कर गोशाला भूमि में गंदे पानी के नाले खोल रखे है। कुछ परिवारों ने दीवार के ऊपर अवैध गेट बनाकर गोशाला भूमि में सामान डालकर स्थाई कब्जे कर रखे है। इन परिवारों को 24 जनवरी को गोशाला कमेटी पदाधिकारियों, सदस्यों ने व्यक्तिगत जाकर मौखिक रूप से गोशाला की दीवार तोड़कर निकाले गए नालों को बंद करने, गोशाला दीवार के ऊपर अवैध निर्माण को शीघ्र हटाने के लिए समझाइश की थी। लेकिन इसके बावजूद कुछेक व्यक्ति, परिवार सुधार नहीं कर रहे है।

# तीन साल से बिना कार्यकारिणी के चल रही टोंक डी.सी.सी.

## पायलट और गहलोत की आपसी खींचतान से

**टोंक।** इस बीच जब भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिये राहुल गाँधी कांग्रेस को मजबूत करने में जुटे हैं। प्रदेश कांग्रेस के जिला प्रभारी कुछ दिन पहले संगठन की बैठक ले चुके हैं। टोंक सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए आज मुरारीलाल मीना को ऑब्जर्वर बना दिया गया है तब हैरत की बात है लोकसभा चुनाव नजदीक होने के बाद भी पीसीसी द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी का गठन नही किया जा रहा।

कांग्रेस की यह संगठनात्मक बदहाली तीन वर्ष पूर्व शुरू हुई थी जो अब तक यथावत है। वजह थी पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री स्थानीय विधायक सचिन पायलट का आपसी टकराव। तब पायलट समर्थक पदाधिकारियों ने अपने पद से इस्तीफे दे दिये जिसके चलते पीसीसी चीफ डोटासरा ने जिला कांग्रेस कमेटी को भंग कर दिया। और तब से अब तक टोंक जिला कांग्रेस कमेटी के बाकायदा गठन के लिए किसी तरह की ज़हमत उठाने की कोशिश ही नही की गई। इस बदतर स्थिति में भीअगर टोंक जिले में कांग्रेस अपना अस्तित्व अगर बचाये हुए है तो इसकी एकमात्र वज़ह सचिन पायलट की लोकप्रियता है और यही कारण है कि 1980 से एक बार भाजपा एक बार कांग्रेस का विधायक चुनती रही टोंक की जनता ने पायलट को दोबारा विधायक चुना। पायलट लगातार दूसरी बार बड़े मार्ज़िन से विधायक बने हैं,और वो भी तब बने जब उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र में खुद के प्रचार को सबसे कम समय दिया। वे लगातार प्रदेश भर में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं करते रहे। राजनीतिक समझ रखने वालों का मानना है अगर पायलट यहाँ से चुनाव नही लड़ते तो भाजपा आसानी से यह सीट निकाल लेती। यह हालात होने के बाद भी प्रदेश कांग्रोस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की और से डीसीसी गठन का निर्णय नही लिया जाना अब तो जनता में भी चर्चा का विषय बन चुका है।

गौरतलब है इन तीन सालों में जिला कांग्रेस की बैठकों में तीन जुमलों पर कांग्रेसी खूब बतियाते रहे हैं। इनमें पहला जुमला था, रगड़ाई, दूसरा, निकम्मा नालायक नाकारा और तीसरा सबसे मजेदार था और वो यह कि, मैं तो कुर्सी छोड़ना चाहता हूँ पर कुर्सी मुझे नही छोड़ रही। इन तीनों वक्तव्यों की कार्यकर्ताओं ने खूब फ़ज़ीहत उड़ाई।उनका मानना था गहलोत जितनी जल्दी और आसानी से कांग्रेस की राजनीति में फिट हो गए वैसा उदाहरण देश भर में किसी नेता में देखने को नही मिलता।

नाकारा बताये जाने पर सभी इस बात पर एकमत थे जिस पायलट ने सूबे में कांग्रेस की सरकार बना दी उनके लिए ऐसे शब्द गहलोत की खुद की दुर्भावना से ज्यादा कुछ नही थे। और कुर्सी मुझे नही छोड़ती का तो खूब मज़ाक बना। आम अवाम का सोचना था की कुर्सी की खातिर तो गहलोत ने सोनिया गाँधी के आदेशों की अवहेलना कर कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना स्वीकार नही किया।

बहरहाल, कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं का मानना है पार्टी को जल्द से जल्द संगठन की और ध्यान देना चाहिए वरना पार्टी को लोकसभा चुनाव में खामियाजा उठाना पड़ सकता है। बेशक जिलाध्यक्ष के तौर पर हरिप्रसाद बैरवा को सबकी स्वीकार्यता प्राप्त है। पर संगठन तब मजबूती के साथ काम करेगा जब ब्लॉक और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो।


प्ररूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, सांभर लेक**

क्रमांक-नपासा/2024/3562 **लोक सूचना** दिनांक-30.01.2024

1. श्री मुकेश माली पुत्र श्री डालूराम माली जाति माली निवासी बस स्टेण्ड, ईरोलाव तहसील फुलेरा जिला जयपुर प्रान्त राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये भू उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| क्र.सं. | जिले का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | रकबा | चाहा गया उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | लालपुरा | 3169/3177 | कुल किता 01 रकबा 0.8169 हैक्टेयर | 01 रकबा 8169 वर्गमीटर भूमि को आवासीय में रूपान्तरण हेतु। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोगार्थ (आवासीय भू-रूपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 30.01.2024 को जारी की जाती है।

प्राधिकृत अधिकारी, नगरपालिका मण्डल, सांभर लेक



**उद्यम प्रोत्साहन संस्थान, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, सवाई माधोपुर**

क्रमांक-उ.प्रो.स./उद्योग मेला/स.मा./2023-24/4559 दिनांक-31.01.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

रणथम्भौर उद्योग एवं हस्तशिल्प मेला, 2024 दिनांक 10.02.2024 से 21.02.2024 तक इन्दिरा मैदान, बजरिया, सवाई माधोपुर में आयोजन हेतु निम्न कार्यों हेतु सीलबन्द निविदाएं दिनांक 06.02.2024 को दोपहर 12.30 बजे तक आमंत्रित की जाकर उसी दिन 2.30 पीएम पर खोली जावेगी। इच्छुक फर्मे निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न शर्तों के अधीन निर्धारित निविदा फार्म में अपनी दरें प्रस्तुत कर सकती हैं। निविदा प्रपत्र निर्धारित राशि नकद जमा करवाकर जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र सवाई माधोपुर से कार्यालय समय में प्राप्त किये जा सकते है। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त/स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. सं. | मद/कार्य का नाम | अनुमानित राशि मय जीएसटी | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा प्रपत्र बिक्री की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्यय मद 100 अस्थाई स्टाल एवं 50 स्थाई मय डोम स्टाल, मंदिर, गेट, स्टेज निर्माण, सम्पूर्ण कोरिडोर में नई मेटिंग एवं टेन्ट की सम्पूर्ण व्यवस्था विभागीय आवश्यकतानुसार | 4,30,000/- | 8600/- | 500/- | 01.02.2024 से 06.02.2024 मध्यान्ह 11.30 बजे तक |
| 2 | विद्युत एवं माईक व्यवस्था (साउण्ड सिस्टम) मय जनरेटर विद्युत बिल सहित विभागीय प्रोग्राम हेतु आवश्यकतानुसार | 3,20,000/- | 6400/- | 500/- | |
| 3 | आय मद-फूड जोन | कॉटेशन के आधार पर (न्यूनतम राशि 61000/-रू.) धरोहर राशि रू. 10000/- | | | |
| 4 | झूले | कॉटेशन के आधार पर (न्यूनतम राशि 41000/-रू.) धरोहर राशि रू. 8000/- | | | |

निविदा प्रपत्र, शर्तें अन्य आवश्यक विवरण हेतु कार्यालय समय में कार्यालय में सम्पर्क करें।
कार्यकारी अधिकारी, उद्यम प्रोत्साहन संस्थान, एवं महाप्रबन्धक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, सवाई माधोपुर


## 'अधिकाधिक बालिकाओं को शिक्षा से जोड़े'

■ 'सरकार बालिका शिक्षा को महत्व दे रही है'

**निवाई।** ग्राम पंचायत झिलाय के राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, अध्यक्षता कर रहे प्रधान रामअवतार लांगडी, सरपंच कान्तादेवी शर्मा व प्रधानाचार्या मंजू मीणा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि सरकार बालिका शिक्षा को महत्व दे रही है। इसके लिए हमारा दायित्व है कि अधिकाधिक बालिकाओं को शिक्षा से जोडे। उन्होंने कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का है। जिसके लिए कडी मेहनत करके भविष्य का निमार्ण करे। प्रधान रामअवतार लांगडी ने कहा कि अच्छी शिक्षा प्राप्त करके माता-पिता व गुरूजनों का नाम रोशन करें। सरपंच कान्तादेवी शर्मा ने कहा कि मेहनत व लग्न के साथ कार्य करें। सफलता निश्चित मिलेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में दृड लक्ष्य लेकर आगे बढे और अच्छी शिक्षा प्राप्त करके अपने परिजनों की आशाओं में खरे उतरे। प्रधानाध्यपक मंजू मीणा ने विद्यालय में संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए विधायक वर्मा को विद्यालय की समस्याओं से अवगत करवाया। उप प्रधानाचार्य सांवरमल जाट ने बताया कि समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों सहित एकल नृत्य, नाटक, लेखन, कविता एवं देशभक्ति व लोक गीत एवं बाल विवाह प्रथा पर नाटक मंचन किया गया। इस दौरान अतिथियों द्वारा प्रतिभाओं व भामाशाहों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन निर्मलकुमार जैन ने किया। इस अवसर पर प्रमुख उद्योगपति ओमप्रकाश गुप्ता, भाजपा नेता रामप्रसाद शर्मा महाराजपुरा, सरपंच कान्तादेवी शर्मा, महेश मिश्रा, किशनलाल चौधरी, बाबूलाल मंडालिया, पूर्व प्रधानाचार्य महेन्द्र जैन, सरपंच ब्रजमोहन बलाई आदि मौजूद थे।

## प्रतिभाओं का सम्मान किया

**पीपलू।** महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पीपलू में बुधवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि विद्यालय एक मंदिर है। इसमें शिक्षा रूपी ज्योति मानव के जीवन में रोशनी करती है।

उन्होंने शिक्षकों का हौसला अफजाई करते हुए बताया कि आपकी मेहनत से ही बच्चे पढ लिखकर राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने अभिभावकों को समय-समय पर विद्यालय में बच्चों व शिक्षकों के साथ बैठक करने का आ ान किया। वार्षिकोत्सव में जिला प्रमुख सरोज बंसल, पंचायत समिति प्रधान रतनी देवी चंदेल, पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, ग्राम पंचायत सरपंच कविता सैनी, कठमाणा सरपंच गणेशलाल चौधरी, बगडी सरपंच श्योजीराम चौधरी, पूर्व जिला मंत्री सत्यनारायण चंदेल, डिप्टी इंदु लोदी, प्रधानाचार्य मधु सक्सेना, पंचायत समिति सदस्य संतोष देवी सोनी, केजीबीवी प्रधानाचार्य सीमा वैष्णव, पूर्व मंडल महामंत्री राजेश गौड ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान भामाशाहों, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्व, प्रशंसा पत्र देकर सम्मान किया गया। साथ ही विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। समारोह में राम, लक्ष्मण व सीताजी की सजीव झांकी आकर्षण का केन्द्र रही।


भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केन्द्र (सी) पेस) आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंजिल, प्लाट पी-6,7,8 से -5, आई.एम.टी. मानेसर, गुडगाँव, हरियाणा-122050
Email: roc.cpace@mca.gov.in

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana-122050
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके-6**

**सार्वजनिक सूचना**

**(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में)**

सार्वजनिक नोटिस No. ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/780 दिनांक: 09.01.2024

**संदर्भ**

1. कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (आठ) कम्पनी का नाम राजस्थान राज्य से हटाने के मामले में।

| S.No. | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AA6511732 | U45201RJ2014PTC 044985 | श्री गोकुलेश डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AA6502244 | U31100RJ2009PTC 030300 | क्लब फर्स्ट टेक्रोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AA6486227 | U72900RJ2020OTC 070338 | अनबंक्ड एकेडेमिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AA6521395 | U93090RJ2021PTC 076810 | सिग्निक्स जियोमैटिक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AA6503557 | U72900RJ2021PTC 076165 | डिगइंटेलिजेंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AA6522587 | U40200RJ2022PTC 079665 | श्री कृष्णा सोलर रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AA6419666 | U15400RJ2022PTC 080610 | श्रीसाई इंडस्ट्रीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AA6467442 | U15400RJ2022PTC 081804 | एसएनएल प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248(2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षो से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते है।

(हरिहर साहू)
रजिस्ट्रार
प्रसंस्करण त्वरित कॉर्पोरेट निकास केन्द्र

CBC 07123/11/0334/2324


# जिला कलेक्टर ने नगर परिषद क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया

■ डोर टू डोर कचरा संग्रहण, सीवरेज कार्य, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान्ट, नालों की डी स्लिटिंग संबंधी कार्यों का लिया जायजा


**कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बुधवार को कोटपूतली नगर परिषद क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया।**

**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बुधवार को कोटपूतली नगर परिषद क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने सर्वप्रथम गढ़ कॉलोनी में डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं सीवरेज कार्य का निरीक्षण किया।

शहर में जारी सीवरेज कार्य के संबंध में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाने एवं कार्य के उपरांत प्रभावित मार्गों की उचित प्रकार से मरम्मत किये जाने हेतु निर्देशित किया। इसके पश्चात कलेक्टर द्वारा नगर परिषद पार्क का निरीक्षण किया गया तथा पार्क में बन्द पड़े फव्वारों को चालू किये जाने तथा पार्क में पड़े नाकारा सामान (कबाड़ आदि) को हटवाकर सम्पूर्ण पार्क व अन्य स्थानों पर सफा व्यवस्था को सही करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात कलक्टर द्वारा शहरी रोजगार योजना के तहत शहर के पार्कों की दीवारों, मुख्य मार्गों के सभी डिवा डरों, प्रमुख राजकीय भवनों एवं फ्ला ओवर पर सौन्दर्यीकरण, वॉल पेन्टिंग, रंग-रोगन आदि करवाने एवं उचित साफ-सफा करवाने के निर्देश दिये गये। कलक्टर द्वारा पार्क के समीप स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया गया तथा शौचालय में सफा व्यवस्था नहीं पा जाने पर संचालक एजेंसी लोक सुलभ संस्थान को नोटिस जारी किये जाने तथा नियमों एवं शर्तों के अनुसार साफ-सफा की उचित व्यवस्था करने के लिए एजेंसी को पाबन्द करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके पश्चात् कलक्टर द्वारा नगर परिषद आयुक्त को शहर की सफा व्यवस्था, डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं आगामी बारिश से पूर्व शहर के सभी नालों की डी-स्लिटिंग करने के निर्देश दिये गये। नगर परिषद् के डम्पिंग यार्ड का निरीक्षण किया गया जिसमें एम. आर.एफ. प्लांट को चालू कर शहर से संग्रहित कचरे का पृथक्करण करते हुए उचित निस्तारण किये जाने के निर्देश प्रदान किये। इसके पश्चात कलक्टर द्वारा चतुर्भुज में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान्ट (एस.टी.पी.) का निरीक्षण किया गया एवं प्लांट के कार्य की प्रगति की जानकारी ली। पनियाला में प्रस्तावित जिले के मिनी सचिवालय के लिए आवंटित की ग भूमि का अवलोकन किया। निरीक्षण किये जाने के पश्चात सभी संबंधित विभागाधिकारियों को निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के आदेश दिये गये।

## 6 हस्तियों को सम्मान मिला

**अलवर।** स्वयंप्रभा सभा तत्वावधान में समाजसेवी स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय ओमप्रकाश गुप्ता की पुण्यतिथि पर कवियत्री समाज सेविका स्काउटिंग गाइड की कमिश्नर एवं एडवोकेट श्रीमती राज गुप्ता संस्था अध्यक्षा द्वारा राज्य सभागार बर्फ खाना रोड अलवर में महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर जिलेभर की 6 हस्तियों को ओमप्रकाश गुप्ता स्मृति सम्मान प्रदान किया गया संस्था के प्रवक्ता मोहित पंडित ने बताया की कार्यक्रम संयोजक ओम आर्य स्मृति शिक्षण समिति रजिस्टर्ड की निर्देशक श्रीमती राज गुप्ता कमिश्नर स्काउट गाइड अलवर जिला एवं एडवोकेट नया अतिथियों का स्वागत किया जिसमे मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता पंडित धर्मवीर शर्मा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी गोपीचंद शर्मा व एडवोकेट हरिशंकर गोयल साहित्यकार मोहन पूजावाला अशोक आहूजा राजहंस शर्मा धर्मेंद्र फागोडिया रामजस चौधरी व पुरुषोत्तम मिश्रा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की नगरनायक स्वतंत्रता सेनानी ओम प्रकाश गुप्ता सम्मान समारोह मैं उत्कृष्ट सेवा के अंतर्गत प्रशासनिक सेवा के अधिकारी योगेश डागुर अतिरिक्त जिला कलेक्टर समाज सेवा में ईमानदारी एवं पार्षद नगर पालिका गोबिंदगढ रहते हुए आमजन की सेवा करने के लिए डॉ. गिरवर सिंह नरूका को सम्मान पत्र देकर एवं साल उठाकर साफा व माला पहनकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त

### प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**निवाई।** ग्राम पंचायत रजवास की बैरवा बस्ती में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापिका ममता शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति वैद्य रामप्रताप शर्मा, विशिष्ट अतिथि किशनलाल चौधरी व रामपाल रैगर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष रमेश लावडा ने की। इस दौरान बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर पीईईओ प्रियंका गुर्जर, प्रेम प्रकाश, हनुमान गुर्जर, मुकेश, हंसराज, परसराम व देवालाल सहित कई अभिभावक मौजूद थे।

### मन लगाकर करे पढ़ाई

**निवाई।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जगतपुरा में बुधवार को वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि एसएमसी अध्यक्ष सूरजकिरण प्रजापत ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में विद्यार्थियों ने देशभक्ति व राजस्थानी गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दी। शाला प्रधान राधेश्याम मीणा ने समारोह में उपस्थित ग्रामीणों से स्कूल के लिए आवंटित भूमि पर हो रहे अतिक्रमण के बारे में विचार विमर्श किया और उसे हटवाने के लिए ग्रामीणों से सहयोग की अपील की। अतिथि प्रजापत ने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि ने सम्मानित भी किया।

### कानून मंत्री से शिष्टाचार भेंट

**कोटपूतली।** कोटपूतली अभिभाषक संघ कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने बुधवार को भाजयुमो प्रदेश मंत्री विनोद सिंह के नेतत्व में विधि एवं कानून मंत्री जोगाराम पटेल से शिष्टाचार भेंटकर गुलदस्ता देकर उनका अभिनंदन किया। अधिवक्ताओं ने मंत्री पटेल को एससी, एसटी, पॉक्सो, डीजे कोर्ट, उपभोक्ता कोर्ट आदि न्यायालय कोटपूतली-बहरोड़ जिले में खुलवाने की मांग की। जिस पर विधि एवं कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने शीघ्र न्यायालय खोलने का आश्वासन दिया।

# नाराज जिला कलेक्टर ने प्रिंसिपल व पोषाहार प्रभारी को फटकार लगाई

**किशनगढ़ बास**(नि.स)। जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने खैरथल तिजारा जिले के हरसोली का दौरा कर अस्पताल सहित अनेक सरकारी कार्यालयों एवं महात्मा गांधी सरकारी विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा और अधिकारियों को मौके पर व्यवस्थाओं को सुधार के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर के आकस्मिक निरीक्षण से आधिकारी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

महात्मा गांधी सरकारी विद्यालय में निरीक्षण पर पहुंचे कलेक्टर ने बच्चों के पोषाहार का अनाज फैला पाए जाने पर विद्यालय प्रिंसिपल वे पोषाहार प्रभारी को फटकार लगाते हुए व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने क्लास रूम में जाकर बच्चों से सवाल पूछे और उनके अंदर की शिक्षा को परखते हुए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने प्रिंसिपल को पढ़ाई सामग्री को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



महात्मा गांधी सरकारी विद्यालय में निरीक्षण पर पहुंचे कलेक्टर को पोषाहार भंडारण में नीचे फर्श पर अनाज फैला मिला।

अस्पताल निरीक्षण पर पहुंचे जिला कलेक्टर ने चिकित्सक एवं स्टाफ की उपस्थिति को देख हाजिरी ली 22 कर्मचारियों में एक राजेंद्र प्रसाद अप्पर डिविजन क्लर्क अनुपस्थित मिले जिस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ढाका ने भ्रमण कर अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल में उपस्थित मरीजों से वार्ता की हॉस्पिटल की व्यवस्थाओं एवं डॉक्टर के बारे में फीडबैक लिया।

मरीज का संतोषजनक जवाब मिलने पर कलेक्टर ने चिकित्सकों की प्रशंसा करते हुए अस्पताल व्यवस्थाओं को लेकर निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने बिजली विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय का भी निरीक्षण किया।

■ जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने खैरथल तिजारा जिले के हरसोली का दौरा कर अनेक सरकारी कार्यालय का निरीक्षण किया

निरीक्षण के दौरान टेक्निकल हेल्पर द्वितीय हितेश, हेल्पर द्वितीय राहुल अनुपस्थित पाए गए जिस पर अभियंता को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात हरसोली तहसील का निरीक्षण कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला जनसंपर्क अधिकारी अतर सिंह, तहसीलदार मुंडावर मदन सिंह, वरिष्ठ सहायक सोनदीप मौजूद रहे।

दूसरी और एडीएम सुरेंद्र सिंह यादव ने मुंडावर अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया और अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी ने अस्पताल की साफ सफाई को लेकर चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## जिला स्तरीय सीएसआर समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**अलवर।** जिला कलक्टर आशीष गुप्ता की अध्यक्षता में आज मिनी सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय सीएसआर समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों से कहा कि जिले में औद्योगिक समूह जिस भी क्षेत्र में अपनी सीएसआर राशि से जनोपयोगी कार्य कराना चाहते हैं वे उसके प्रस्ताव तैयार कर भिजवाए। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि अपनी इकाई में इस वित्तीय वर्ष की शेष सीएसआर राशि, किए जा रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट एवं आगामी वित्तीय वर्ष में संभावित राशि तथा जिस क्षेत्र में कार्य किए जाने है उसकी सूचना एक सप्ताह में भिजवाए।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाई सीएसआर मद की राशि जिले में जनोपयोगी कार्यों में अधिकाधिक उपयोग में लेवे। उन्होंने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा एवं पेयजल संरक्षण क्षेत्र के साथ सीएसआर के दायरे में आने वाले अन्य क्षेत्रों में भी कार्य कराए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासेस, बच्चों के लिए फर्नीचर व आंगनबाडी केन्द्रों को आकर्षक स्वरूप प्रदान करने व फर्नीचर की व्यवस्था तथा जल संरक्षण के कार्य के प्रस्ताव स्वैच्छा से तैयार कर भिजवाए।

उन्होंने जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक को निर्देशित किया कि सीएसआर के दायरे में आने वाली औद्योगिक इकाइयों एवं जिन विभागों में कार्य कराए जाने हैं उनसे समन्वय रखते हुए प्राप्त प्रस्तावों के अनुरूप कार्य कराने में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय सीएसआर समन्वय समिति की बैठक मासिक रूप में आयोजित करावे।

## कार ने दो बाईकों को लिया चपेट में एक बुजुर्ग की मौत

**रामगढ़।** थाना क्षेत्र के सोनड गांव में बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने दो बाइक को टक्कर मारने से घटित सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गया। वही दुर्घटना में दोनों गंभीर घायलों की हालत ज्यादा खराब होने के चलते चिकित्सकों द्वारा उनको प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर जयपुर के लिए रेफर कर दिया गया। घटना इतनी थी कि दुघर्टना के बाद कार अनियंत्रित होकर पलट गई।

मामला बुधवार को दोपहर बाद रामगढ़ पचवारा थाना क्षेत्र के सोनड गांव के बस स्टैंड के पास का है। जहां तेज रफ्तार कार ने दो बाइक को चपेट में लेते हुए टक्कर मार दी। घटना की सूचना पर रामगढ़ पचवारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। रामगढ़ पचवारा थाना पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के सोनड गांव के पास स्टेट हाईवे 24 पर जयपुर की ओर जा रही एक स्कॉर्पियो कार ने दो बाइक को टक्कर मार दी। उसके बाद अनियंत्रित हुई स्कॉर्पियो पलटी खा गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें रामगढ़ पचवारा उप जिला अस्पताल में 108 की मदद से उपचार के लिए भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने चक सवाई माधोपुरा निवासी मूलचंद मीणा को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो गंभीर घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद हायर सेंटर जयपुर के लिए रेफर कर दिया। मेडिकल टीम से मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। वहीं मृतक के बेटे की ओर से स्कार्पियो चालक के खिलाफ तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए दुर्घटना होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वहीं मृतक का उप जिला अस्पताल रामगढ़ पचवारा में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

■ गंभीर रूप से घायल दो लोगों को जयपुर रैफर किया

वही इस सड़क दुर्घटना के बाद सोनरगांव में दूसरे सड़क दुर्घटना भी घटी जहां गोवंश को बचाने की जुगत में एक बाइक सवार फिसल कर गिरने के बाद गंभीर रूप से घायल हुआ।

## भाजपा पार्षद पति द्वारा विरोध करने के साथ राजनीतिक पारा गर्म

**लालसोट।** लालसोट नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास आने के बाद प्रदेश में संभव तैयार लालसोट पहली ऐसी नगर पालिका रहेगी जिस अतिरिक्त चार्ज नसीब हुए बिना ही सीधे अध्यक्ष पद के उप चुनाव का तोहफा मिल रहा होगा।

साथ ही नगर पालिका लालसोट में गैर भाजपाई कांग्रेसी पार्षद को लालसोट नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए भाजपा द्वारा अधिकृत करने के बाद भाजपा के पार्षदों के स्वर मुखर होने के साथ विरोधीयो के तल्ख तेवर देखे जा रहे हैं। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष पद की उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के दौरान भाजपा से उपचुनाव में अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चर्चा भरने वाली नूपुर शर्मा के पति संजय कोराका द्वारा पार्षदों की खरीद परोपकार सहित विधायक द्वारा बैठक के दौरान साढ़े तीन करोड रुपए तक के खर्च देने वाले को ही अध्यक्ष पद का दावेदार बनाने के आरोप लगाने के बाद क्षेत्र सियासी पारा भरी सर्दी में गर्माहट छोड़ रहा है। मौजूदा समय नगर पालिका लालसोट में 35 वार्ड है एवं 13 वार्डों में कांग्रेस और 13 वार्डों में भाजपा का विजय एवं नौ वार्डों में निर्दलीय काबिज है। हालांकि पार्षद पति कोरका द्वारा लगाए गए आरोपों से विधायक रामविलास मीणा किनारा करते हुए इन बयानों को निराधार बता चुके हैं। लेकिन पुराने भाजपा विचारधारा एवं संघ पृष्ठभूमि से जुड़े हुए लोगों की बात करें तो उनके द्वारा नगर पालिका लालसोट अध्यक्ष चुनाव में चेयरमैन प्रत्याशी गैर भाजपाई होने के साथ उस समय में कांग्रेस सिंबल से चुनाव जीते पार्षद है ऐसे में आने वाले समय में इस निर्णय से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता को निराश होना पड़ेगा। साथ ही लिए गए इस निर्णय से आगामी लोकसभा चुनाव में भी भाजपा के ही किसी पार्षद को अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल नहीं करना आने वाले लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं में गलत मैसेज जाने के बाद नुकसानदायक भी साबित हो सकता है। वही इस मामले को लेकर चर्चाओं के बाजार गर्म है।

■ उपचुनाव के साथ लालसोट पहली पालिका होगी जिसे अतिरिक्त चार्ज के पहले ही चुनावी तोहफा मिला है

## जन समस्याओं से हुए रुबरु

**श्रीमाधोपुर।** इलाके के जसंवतपुरा में बुधवार दोपहर को नीजी समारोह में यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने शिरकत की। जानकारी के अनुसार सुबह यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा सरकारी वाहन से जयपुर सक्रिट हाउस से सीकर पहुंचे।

सीकर में सोलर रूफ टॉप योजना का शुभारंभ किया। योजना शुभारंभ समारोह के बाद दोपहर को सीकर से श्रीमाधोपुर इलाके के जसंवतपुरा में एक नीजी समारोह में शामिल हुए। जसंवतपुरा गांव में मंत्री खर्रा के पहुंचने पर गर्मजोशी से ग्रामिणों ने पुष्प वर्षा कर सम्मान किया। समारोह के बाद मंत्री खर्रा को आस पास के क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने समस्याओं से अवगत करवाया और जन समस्याएं सुनी। शाम को मंत्री खर्रा जयपुर के जवाहर कला केंद्र में फूड फेस्टिवल कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए।

## जलदाय विभाग की अवैध कनेक्शनों पर कार्यवाही

**मालपुरा** (निस)। जलदाय विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की कडी नाराजगी व दी गई चेतावनी के बाद हरकत मे आये जलदाय विभाग के अधिकारियो ने अवैध नल कनेक्शनो पर ताबडतोड कार्यवाही करते हुए बुधवार को नयागांव जाटान मे 25 कनेक्शन काट 2 लाख 25 हजार का वीसीआर भरने की कार्यवाही की।

जलदाय विभाग जेईईएन तारा स्वामी ने बताया कि कांटोली ग्राम पंचायत के नयागांव जाटान मे जल जीवन मिशन अभियान के तहत सम्पूर्ण गांव मे पाईप लाईन बिछा ग्रामीणो को नल कनेक्शन किये गये थे। लेकिन कई ग्रामीणो ने बिना विभाग की स्वीकृति के चोरी छुपे राईजिंग लाईन से किये गये कनेक्शन पॉईन्ट का छेद मोटा कर क्षमता से अधिक पानी का दोहन किये जाने से गांव के अन्तिम छोर पर रहने वाले उपभोक्ताओं तक पानी नही पहुंचने की मिली शिकायतो की जांच पडताल की गई तो गांव मे 25 ऐसे कनेक्शन पाये गये जिनके छेद मोटे कर पानी का दोहन किया जा रहा था। ऐसे लोगो को सुचीबद्ध कर रामसिंह,भंवर सिंह, प्रधान,हंसराज, हनुमान, झमरी, रामचरण, रामजीवण, रामरतन, दयालराम,सीताराम, सत्यनारायण, हंसराज, रामफुल, सवाईराम, कैलाशी, सीता, रामेश्वरी, श्योजीराम, रामसिंह सहित 25 जनो के कनेक्शन काट प्रति कनेक्शन 9 हजार रूपये की वीसीआर भर लाम्बाहरिसिंह थाने से सभी 25 जनो को पाबंद करवाया गया।

■ 25 कनेक्शन काट 2 लाख 25 हजार की भरी जुर्माना राशि

## रेल प्रशासन की अनदेखी, बुजुर्गों के लिए राह नहीं आसान, कैसे पहुंचे स्टेशन

**फुलेरा** (नि.स)। दुनिया के अनेक विकसित व उन्नत देशों में बुजुर्ग व वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों से देश की उन्नित व विकास शीलता के मापदंड मापे जाते हैं। वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव से व्यापार,उद्योग एवं सरकार की नीतियों पर महत्वपूर्ण राय एवं सुझाव मांगे जाते हैं। इसके विपरित हमारे देश में बुजुर्ग व वरिष्ठ जन को अन उपयोगी समझ कर उनकी उपेक्षा की जाती हैं। ऐसा ही एक उदाहरण फुलेरा रेलवे स्टेशन पर देखने को मिला।

फुलेरा जंक्शन व्यापारिक, सामाजिक, आर्थिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। यहां से रींगस वाया दिल्ली, जयपुर वाया दिल्ली,मेड़ता वाया जोधपुर, बीकानेर तथा अजमेर वाया अहमदाबाद, मुंबई प्रतिदिन सैकड़ों पैसेंजर व गुड्स ट्रेनों का आवागमन होता हैं। हजारों की संख्या में यात्रियों की आवा-जाही रहती हैं। फुलेरा स्टेशन की स्थापना के समय की बनी एक पुरानी पुलिया (ओवरब्रिज) जिसपर बालक,महिला,बुजुर्ग आसानी से चढ़ उत्तर सकते हैं। उसको आधी से ज्यादा तो पूर्व में ही तोड़ दी गई थी। इसके बाद अब प्लेटफार्म एक,दो व तीन पर जाने वाले ओवरब्रिज है उसे तोड़ने का कार्य जारी हैं। अब स्टेशन जाने के



पुरानी पुलिया तोड़ने का कार्य जारी। वहीं दूसरी ओर नवीन पुलिया जो काफी ऊंची है

लिए थोड़ा आगे जो पुलिया (ओवरब्रिज) बनाया गया हैं। उसकी ऊँचाई इतनी अधिक है कि बुजर्ग तो क्या नोजवान भी हांफने लगते हैं। अधिकांश बुजर्ग बीपी, हृदयरोग, अस्थमा तथा घुटनों के दर्द से पीड़ित होते हैं। उन्हें इतनी ऊंची पुल पर चढ़ना किसी भी तरह से संभव नहीं हैं। रेल विभाग को चाहिए था कि पुरानी पुलिया को तोड़ने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी। या तो लिफ्ट लगानी थी। या फिर एस्केलेटर की व्यवस्था करनी चाहिए थी। रेल प्रशासन को समय रहते उचित व्यवस्था करनी होगी। अन्यथा वरिष्ठ नागरिकों व बुजर्गों के साथ अन्याय होगा। प्राप्त जानकारी अनुसार जहां पुरानी पुलिया को तोड़ रहे हैं। वहां नई पुलिया का निर्माण भी होगा। लेकिन जब तक वरिष्ठजन एवं बुजर्गों को स्टेशन जाने के लिए किसी किले को फतह करने से कम नही है। हालांकि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत फुलेरा स्टेशन पर 34 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। फुलेरा रेलवे स्टेशन पर नई अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं तथा मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन से यात्रियों को बेहतर और उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान की जाएगी। इस कड़ी में फुलेरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 और प्लेटफार्म नंबर 4,5 का हाई लेवल कार्य को लगभग पूरा कर लिए गया है साथ ही यात्री सुविधा के लिए प्लेटफार्म नंबर-5 का विस्तार भी किया गया है। जिसका फाइनल फ्लोरिंग कोर्ट का कार्य किया जाना है। साथ ही नई बिल्डिंग के अप टू प्लिंथ तक का कार्य पूरा कर लिए गया है। फुलेरा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया और पार्किंग रोड का कार्य भी लगभग चालीस प्रतिशत तक हो गया है। फुलेरा रेलवे स्टेशन का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। जिसमें बड़ा विश्रामालय,विशिष्ट अथिति कक्ष,यात्रियों के वाहनों हेतु पार्किंग सुविधा अलग से आने जाने के लिये अलग-अलग मुख्य द्वार, सर्कुलेटिंग एरिया आदि का निर्माण कार्य किया जायेगा। नये भवन को हेरिटेज लुक दिया जायेगा। फुलेरा स्टेशन पर 34.38 करोड़ की लागत से निम्न कार्य करवाए जाने की योजना तैयार की गई है।

■ इतनी ऊंचाई वाली पुलिया पर ना ही स्वचालित सीढियां है और ना ही कोई लिफ्ट है

## सचिन पायलट का स्वागत किया

**टोंक।** विधायक टोंक व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट बुधवार को जयपुर से बूंदी जाते समय टोंक में हाई-वे पर कांग्रेसियों ने गुटबाजी के कारण अलग-अलग स्वागत किया। इस मौके पर पार्षद शब्बीर अहमद, रामदेव गुर्जर, कजोड़मल बैरवा, नईमुद्दीन अपोलो, सुनील बंसल, रामलाल संडीला, किरोडी लाल मीणा, मो. अजमल, हंसराज गाता, शैलेष गुर्जर, पंकज यादव, निसार अहमद, नवीन त्रिपाठी, अहसान बाबा एवं फरीद टोपी वाले आदि मौजूद थे। वहीं जगदीश पेट्रोल पम्प सवाई माधोपुर चौराहा पर जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा जिलाध्यक्ष हरि प्रसाद बैरवा के नेतृत्व में माला पहनाकर एवं साफा बांधकर स्वागत किया गया। सचिन पायलट ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारियों से मुलाकात कर आत्मीयता से सभी का अभिवादन स्वीकार किया। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता जर्रार खान ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व विधायक कमल बैरवा, हंसराज फागणा, कैलाशी देवी मीणा, अलका बैरवा, सेवादल जिलाध्यक्ष अब्दुल खालिक, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हंसराज गुंजल, एन.एस.यू.आई. जिलाध्यक्ष राहुल चन्देल, शहर ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद बेग, हरिकिशन शर्मा, राहुल सैनी, फौजूराम मीणा, मण्डल अध्यक्ष मूलचन्द बैरवा, रोनीत जैन, इमरान पहलवान, रामावतार टांक, मणिन्द्र बैरवा, युसुफ युनिवर्सल, रशीद इंटक आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित



**श्रीमाधोपुर।** रा.बा.उ.मा.वि. में भामाशाह सम्मान, वार्षिकोत्सव तथा साइकिल वितरण समारोह का आयोजन यूडीएच मंत्री पुत्र दुर्गा सिंह खर्रा के मुख्यातिथि तथा पालिकाध्यक्ष हरिनारायण महंत की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मंचासीन अतिथियों का प्रधानाचार्य शिवपाल सिंह के नेतृत्व में साफा एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक देशभक्ति एवं राजस्थानी गानों पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पालिका उपाध्यक्ष ओंकार सिंह राठौड़,सीबीईओ विनोद शर्मा,भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष कमल जैन,सत्यनारायण खांडल,पार्षद श्रवण आचार्य मंचासीन थे। इस दौरान मंचासीन अतिथियों ने बोर्ड परीक्षाओं में टॉपर छात्राओं तथा अन्य गतिविधियों में टॉपर रहने वाली प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत कुल 269 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस दौरान प्रधानाचार्य शिवपाल सिंह ने स्कूल में व्याप्त समस्याओं को लेकर मंचासीन मंत्री पुत्र दुर्गा सिंह खर्रा के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिस पर मंत्री पुत्र ने समस्याओं का शिघ्र ही निधान करने की बात कही और कहा कि बालिकाओं की शिक्षा में कहीं भी किसी संसाधन की कमी नहीं आने दी जायेगी। समारोह के दौरान मंच संचालन नरसिंह शर्मा ने किया। इस दौरान पार्षद रविन्द्र ओसवाल,भरत पेंटर,बाबुलाल शर्मा,महावीर प्रसाद ठठेरा,मूलचंद कुमावत, तनसुख कुमावत, दीनदयाल शर्मा ,किशन लाल सोनी सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं स्कूली छात्राएं एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

### दस हजार में बिक रही बजरी की ट्रोली

**मालपुरा** (निस)। बिते दिनो जिला मुख्यालय पर एसपी राजर्षि राज वर्मा द्वारा जिले के पुलिस अधिकारियो की ली गई बैठक मे बजरी व पत्थर के अवैध खनन व परिवहन पर सख्त कार्यवाही करने तथा कार्यवाही से कौताही बरतने वाले सम्बन्धित थानाधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की दी चेतावनी मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र मे प्रभावी नही होने से पत्थर व बजरी का धडल्ले से खनन व परिवहन हो रहा है। तो बजरी माफिया आठ से दस हजार रूपये मे बजरी की ट्रोली बैच लाखो की चांदी कुट रहै है। मध्य रात्री से अलसवेरे रात के अंधेरे मे बडी संख्या मे मालपुरा शहर मे दर्जनो जगह बजरी व पत्थर के ट्रेक्टर के ढेर लगने के बावजूद पुलिस की रात्री गश्ती दल एक भी ट्रेक्टर पर कार्यवाही करने व एसपी के आदेशो की पालना करने मे दिलचस्पी नही दिखा रहा है। जगह-जगह लगे बजरी व पत्थरो के ढेरो की गुणवत्ता पर नजर डाले तो एक भी ढेर अधिकृत लीजधारक के यहां से रवन्ना कटवा कर लाने वाले मापदण्डो पर दूर-दूर तक खरा नही उतर रहा है जो अवैध खनन व परिवहन का जीता-जागता नमूना है। इतना ही नही अवैध बजरी के व्यापार मे लिप्त मे बजरी माफिया बजरी पर सरकार की पाबंदी व परिवहन पर पुलिस की कार्यवाही का हवाला देकर जरूरत मंद लोगो से आठ से दस हजार रूपये की बजरी ट्रोली की कीमत वसूल रहै है। कस्बा थाने के सामने से होकर गुजरने वाले बजरी के ट्रेक्टरो पर आखिर पुलिस व परिवहन विभाग यहां तक की एसआईटी टीम कार्यवाही करने से क्यों कतरा रही है। यूं तो कागजो मे एसआईटी टीमो के गठन व चैकपोस्टे लगाने की सुचनाऐं प्रसारित की गई लेकिन मालपुरा कस्बा थाने मे तीन वाहन होने तथा एसआईटी टीमे गठित होने के बावजूद एक भी कार्यवाही करने के बजाय बजरी व पत्थर माफियाओ को अपनी मौन स्वीकृति देने से जरूरतमंद लोगो को दो से तीन गुना दाम मे बजरी व पत्थर खरीदने पर विवश होना पड रहा है। चांदसेन,घाटी व मझोला सहित टोरडी वनक्षैत्र, एवं अजमेर रोड, ग्रेनाईट की खदानो से निकले पत्थर तथा गनवर की पहाडी से किये गये अवैध पत्थर खनन के पत्थर धडल्ले से बैचे जा रहै है। इस अवैध व्यापार की सारी कहानी आमजन की जुबानी होने के बावजूद पुलिस, वन विभाग, खनन विभाग व एसआईटी टीमे जिले मे चलाये जा रहै अभियान के बावजूद एक भी कार्यवाही नही की गई।

### स्वर्ण जीतने वाले बच्चें सम्मानित

**अलवर।** रानी लक्ष्मी बाई मार्शल आर्ट एकेडमी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निर्मल प्रकाश सूरा, राष्ट्रीय सचिन हिन्दू वाहिनी संघठन, प्रदेश पदाधिकारी भाजपा, किसान मोर्चा, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय ओड महा सभा संस्थान राजस्थानद्वारा बच्चो को मेडल माला पहनाकर सम्मानित कर प्रमाणपत्र दिया। जयपुर मे बंसल पब्लिक स्कूल जगतपुर मे दो दिवसीय 27 व 28 खेल कराटे स्कूल गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमे अलवर जिले के 21 खिलाडियों ने भाग लिया टीम कोच दीपक सैनी ने बताया की अलवर जिले के विभिन्न स्कूलों के 17 खिलाडियों ने इस टूर्नामेंट मे भाग लिया, खिलाडियों ने खेल कराटे स्कूल गेम्स मे कुल 17 पदक जीते जिसमे 7 स्वर्ण पदक 4 रजत पदक और 6 कास्यं पदक जीते। स्वर्ण पदक चिराग राजपूत,देवांश चौधरी,अवि यादव,सोनाक्षी राजपूत,आरोही जैन,भव्या जोत कौर, मनीषा सोलंकी रजत पदक रूप सिंह, रीयांश वर्मा, तेजश्री शर्मा, मिनाक्षी कंवर और कास्यं पदक आरव सिंह, विजेंद्र,ध्रुव मेंठी, शौर्य, सृष्टि सिंह भव्या माथुर जीतकर राजस्थान में दितीय टीम ट्रॉफी अपने नाम कर अलवर का नाम रोशन किया। साथ ही टीम कोच दीपक सैनी को बेस्ट कोच ट्रॉफी व 5100 रुपए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। महिला टीम कोच लोचन वर्मा ने टीम की कमान संभाली। खिलाडियों के अलवर आगमन पर रानी लक्ष्मीबाई मार्शल आर्ट्स एकेडमी की संस्थापक पायल सैनी, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियो ने माल पहना कर व मिठाई खिलाकर सवागत किया।

### सभा भवन का उद्घाटन

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम करवास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव, भामाशाह सम्मान समारोह एवं निवर्तमान जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के कोष से निर्मित सभा भवन के उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम में भामाशाहों व विधार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एड. हीरालाल रावत ने विधार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढऩा चाहिये। उन्होंने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। साथ ही विधार्थियों को जीवन में अच्छे मुकाम पर पहुंचने की प्रेरणा दी। विधायक हंसराज पटेल की ओर से प्रतिनिधि करण पटेल ने भी विधार्थियों को सम्बोधित किया। प्रधानाचार्य ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, उपप्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, कमल पटेल, सरपंच देवकरण मान, अब्दुल सत्तार खान, दुलीचंद मान, महेश निर्वाण, अशोक मान, ब्रह्मप्रकाश धनकड़, ओमप्रकाश आर्य, मदनराम जाट, श्रीचंद गुरुजी, फूलचंद बुनकर, मूलचंद सूबेदार, कैलाश हवलदार, अजीत मीणा, कन्हैयालाल गोयल, रामावतार, घासीराम, बलवीर, कृष्ण दास महाराज, संदीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### चेक अनादरण पर कारावास की सजा

**सांभरझील,** (निसं)। अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट ऋचा कौशिक ने आर्थिक अपराध सिद्ध पाए जाने पर अभियुक्त रामेश्वरलाल जाट पुत्र जोरूराम निवासी त्योदा, जिला जयपुर ग्रामीण को धारा 138 पराक्रम में लिखत अधिनियम के तहत दोष सिद्ध कर तीन माह का साधारण कारावास व 2 लाख 40 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।




**तीये की बैठक**

अत्यन्त दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी

**रामजीलाल कारगवाल चेजारा**

स्वर्गवास दिनांक 30.01.2024 को हो गया है। तीये की बैठक 01.02.2024 को सायं 3 से 4 बजे तक निवास पर रखी गई है।

**शोकाकुल परिवार**-सुभाष, शंकर (पुत्र), कुलदीप (भ्राता), नानूराम, हरिनारायण, रामप्रताप, द्वारका प्रसाद, सुरेश, प्रहलाद, शिम्भू समस्त कारगवाल परिवार।



वर्ष 2036 में उम्मीद और कोशिश कर रहे हैं कि भारत में ओलपिंक आये। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती से लगातार बढ़ती जा रही हैं। -राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़

खेल मंत्री, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की ओर से सवाई मान सिंह स्टेडियम में शुरु हुए तीन दिवसीय राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के अवसर पर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **पलक जोशा**



**महाराष्ट्र** की तैराक पलक जोशी ने 200 मीटर बैकस्ट्रोक के अपने राष्ट्रीय समय में सुधार किया, जबकि तमिलनाडु की भारोत्तोलक आरपी कीर्तना ने यहां खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 के अंतिम दिन स्नैच और ओवरआल राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड तोड़कर लड़कियों के 81 किग्रा वर्ग में जीत हासिल की। एशियाई खेल 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली जोशी ने 2:18.59 मिनट के साथ अपना ही रिकार्ड बेहतर किया, जो कि हैदराबाद में राष्ट्रीय एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में निर्धारित 2:18.90 मिनट के उनके सीनियर राष्ट्रीय मार्क से कम था।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत को 1950 (ब्राजील) के विश्वकप फुटबॉल में फीफा ने इसलिए खेलने से रोक दिया क्योंकि वह नंगे पैर यहां खेलना चाहता था।

## कोलंबो टेस्ट के लिए श्रीलंका ने 3 अनकैप्ड प्लेयर चुने

### पथुम निसांका बाहर, धनंजय डी सिल्वा कमान संभालेंगे, मुकाबला कल से



नई दिल्ली, 31 जनवरी। श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मैच 2 फरवरी को कोलंबो में खेला जाएगा। अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए श्रीलंका ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। टीम में 3 अनकैप्ड को मौका मिला। पथुम निसांका बाहर हुए, वहीं धनंजय डी सिल्वा बतौर कप्तान अपना पहला मैच खेलेंगे। कोलंबो में मुकाबला 2 फरवरी से शुरू होगा। दोनों टीमों के बीच यह इतिहास का पहला ही टेस्ट मैच रहेगा।

इससे पहले सोमवार को अफगानिस्तान ने भी अपनी टीम का ऐलान कर दिया था। श्रीलंका ने टीम में 3 अनकैप्ड प्लेयर्स को चुना। इनमें विकेटकीपर बैटर लहिरू उदारा, तेज गेंदबाज चमिका गुनासेकरा और मिलन रत्नायके शामिल हैं। उदारा टी-20 और गुनासेकरा वनडे डेब्यू कर चुके हैं, जबकि रत्नानायके ने अब तक किसी भी फॉर्मेट में इंटरनेशनल डेब्यू नहीं किया। ऑलराउंडर धनंजय डी सिल्वा पहली बार टेस्ट में श्रीलंका की कप्तानी करेंगे।

सिलेक्शन कमेटी ने अनुभवी बैटर पथुम निसांका को स्क्वॉड में जगह नहीं दी। वह पाकिस्तान के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में स्क्वॉड का हिस्सा थे। उस सीरीज का हिस्सा रहे लक्षिथ मानसिंघे और प्रविण जयविक्रमा भी टीम से बाहर कर दिए गए। पाकिस्तान के खिलाफ निसांका घरेलू क्रिकेट में अच्छा परफॉर्म करने के बावजूद एक भी टेस्ट नहीं खेल सके थे। पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू करने वाले लेफ्ट आर्म पेसर दिलशान मदुशंका भी स्क्वॉड का हिस्सा नहीं हैं। वह फिलहाल में 20 खेल रहे हैं।

धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), कुसल मेंडिस (उपकप्तान), दिमुथ करुणारत्ने, निशान मदुष्का, एंजलो मैथ्यूज, दिनेश चांदीमल, सदीरा समरविक्रमा, रमेश मेंडिस, असिथा फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो, कसुन रजिथा, कामिंदु मेंडिस, प्रभाथ जयसूर्या, लाहिरू उदारा, चमिका गुणसेकरा और मिलन रथनायके।

अफगानिस्तान ने भी सोमवार को ही टेस्ट टीम का ऐलान कर दिया था। टीम में 4 अनकैप्ड प्लेयर्स को मौका मिला। वहीं राशिद खान इंजरी से रिकवरी के कारण टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। उनकी जगह कईस अहमद को शामिल किया गया है। श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच पहली बार टेस्ट मैच होने जा रहा है। टेस्ट के बाद दोनों टीमों के बीच 3 वनडे और 3 ही टी-20 की सीरीज भी होगी। वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 9 फरवरी को खेला जाएगा।

## उम्मीद एवं कोशिश है कि 2026 ओलंपिक खेल भारत में आये : राज्यवर्द्धन राठौड़

जयपुर, 31 जनवरी। राजस्थान के खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में खिलाड़ियों के लिए जो रास्ते खोले है ऐसा काम आज तक किसी ने नहीं किया हैं और अब उम्मीद एवं कोशिश है कि वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी भारत को मिले। राठौड़ बुधवार को एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की ओर से सवाई मान सिंह स्टेडियम में शुरु हुए तीन दिवसीय राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के अवसर पर मीडिया से बातचीत में कहा कि वर्ष 2036 में उम्मीद और कोशिश कर रहे हैं कि भारत में ओलपिंक आये। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती से लगातार बढ़ती जा रही हैं और वर्ष 2029 तक हम दूनियां की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेंगे और इसके बाद वर्ष 2036 तक और मजबूत हो जायेंगे। उन्होंने कहा पूरी दनियां भारत की तरफ देख रही हैं, हम ओलंपिक की मेजबानी करे, हमे इससे भी संतुष्ट नहीं होना चाहिए, हमे तैयारी करनी चाहिए 2036 में पदक जीतने की। उन्होंने कहा कि पदक जीतने के लिए योजना बनाना शुरु हो गई हैं और वह इतना कहना चाहेंगे कि वर्ष 2036 में राजस्थान मल्टीपल गोल्ड जीतेगा। यह हमारी तैयारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में इतनी प्रतिभा है कि हम कई स्वर्ण पदक जीतने के लिए अभी से दस एवं बारह साल के बच्चों को ढूंढना और इन्हें तैयार किया जाना चाहिए ताकि पदक जीत सके।

## सीआईएसएफ प्रोटेक्टर ने सुदेवा एफसी को 3-1 से हराया

नयी दिल्ली, 31 जनवरी। डीएसए प्रीमियर लीग में बुधवार को खेले गये मुकाबले में सीआईएसएफ प्रोटेक्टर ने सुदेवा एफसी को 3-1 से हराया। प्लेयर्स ऑफ द मैच संतोष कुमार ने दो शानदार गोल जमाए। तावतापू ने सुदेवा पर आत्मघाती गोल किया, जबकि सुदेवा का इकलौता गोल लमजिंगबा सिंह के नाम रहा।

मैच दर मैच सुधरा प्रदर्शन करने वाली सीआईएसएफ ने पूरे मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी। उसके रक्षापंक्ति के खिलाड़ी मोहम्मद खालिद को रेफरी राहुल गुप्ता ने लाल कार्ड दिखाया लेकिन दस खिलाड़ियों के बावजूद सीआईएसएफ ने शानदार खेल का मुजाहिरा किया। वहीं आज यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए दिन के दूसरे मैच में गढ़वाल हीरोज, रॉयल रेंजर्स और तरुण सांघा के बाद अब अहबाब एफसी के विरुद्ध सात खिलाड़ी मैदान में उतार कर दिल्ली एफसी ने डीएसए प्रीमियर लीग के आयोजकों को ठेंगा दिखा दिया।

वर्षा बाधित दूसरे मैच में दिल्ली एफसी ने एकबार फिर सात खिलाड़ी मैदान में उतारे। 11 मिनट के खेल के बाद हमेशा की तरह एक खिलाड़ी चोटिल हुआ और रेफरी ने लंबी सीटी बजा कर फुटबाल के नाम पर हो रही तमाशेबाजी पर पर्दा डाल दिया। लगातार चौथे मैच में खेल से खिलवाड़ देखने को मिला। फर्क सिर्फ इतना था कि अहबाब एफसी ने दो गोल की बढ़त बना ली थी।

## विष्णु सरवनन ने सेलिंग में भारत के लिये हासिल किया पेरिस ओलंपिक का पहला कोटा

*एडिलेड, 31 जनवरी। टोक्यो ओलंपियन विष्णु सरवनन ने बुधवार को आईएलसीए 7 पुरुष विश्व चैंपियनशिप 2024 में पेरिस ओलंपिक के लिए सेलिंग में भारत का पहला कोटा हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड सेलिंग क्लब में आयोजित वन पर्सन डिंगी स्पर्धा में सरवनन ने छह दिनों में 125 नेट अंक हासिल किए और वह ओवऑल लीडरबोर्ड पर 26वें स्थान पर रहे। हालांकि, वह पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा सुरक्षित करने वाले नाविकों में पांचवें स्थान पर रहे। आईएलसीए 7 पुरुष विश्व चैंपियनशिप पेरिस 2024 के लिए एक क्वालीफाइंग स्पर्धा है जिसमें उन देशों के लिए सात कोटा शामिल थे, जिन्होंने पहले ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं किया था। एडिलेड मीट में प्रस्तावित अन्य छह कोटा ग्वाटेमाला, मोंटेनेग्रो, चिली, डेनमार्क, तुर्की और स्वीडन को मिले है। एडिलेड में यह रेस 26 से 31 जनवरी तक आयोजित की गई थी, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के कुल 152 आईएलसीए 7 वर्ग (स्मॉल सिंगल-हैंडेड डिंगी) सेलर ने हिस्सा लिया था। भारत के मोहित सैनी 329 नेट अंकों के साथ कुल मिलाकर 136वें स्थान पर रहे। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू वेर्न ने 24.0 नेट अंकों के साथ खिताब जीता। टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता नॉर्वे के हरमन टॉमसगार्ड 34.0 अंकों के साथ रजत पदक, ब्रिटेन के माइकल बेकेट ने 41.0 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। उल्लेखनीय है कि सेलिंग में कम अंक बेहतर होते हैं। पिछले वर्ष सरवनन ने इसी सेलिंग कैटेगरी में हांगझोऊ में आयोजित एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने टोक्यो 2020 में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था, जहां वह फील्ड ऑफ 35 में 20वें स्थान पर रहे थे।*

## श्रीलंका ने अफगानिस्तान के साथ होने वाले टेस्ट के लिये टीम की घोषणा की

कोलंबो, 31 जनवरी। श्रीलंका ने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए अपनी 16 सदस्यीय टीम घोषणा कर दी है। दोनों टीमों के बीच एकमात्र टेस्ट दो से छह फरवरी के बीच कोलंबो में खेला जायेगा। नये टेस्ट कप्तान धनंजय डी सिल्वा टीम की अगुवाई करेंगे जबकि कुसल मेंडिस को उप कप्तान बनाया गया है। टीम में दिमुथ करुणारत्ने, एंजेलो मैथ्यूज और दिनेश चंडीमल जैसे कई अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया गया हैं। टेस्ट टीम में तीन नये खिलाड़ियों लाहिरू उदारा, चमिका गुणसेकरा, और मिलन रथनायके को जगह दी गई है। उदारा विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं, जबकि गुनासेकरा और रथनायके तेज गेंदबाज हैं।

**श्रीलंका टेस्ट टीम:-** धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), कुसल मेंडिस (उप कप्तान), दिमुथ करुणारत्ने, निशान मदुष्का, एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चंडीमल, सदीरा समरविक्रमा, रमेश मेंडिस, असिथा फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो, कासुन राजिथा, कामिंदु मेंडिस, प्रभात जयसूर्या, लाहिरू उदारा, चमिका गुणसेकरा और मिलन रतनायके।

## जय शाह चेयरमैन बने रहेंगे

### एक साल के लिए कार्यकाल बढ़ाया गया, एनुअल मीटिंग में हुआ फैसला

नई दिल्ली, 31 जनवरी। जय शाह एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। उनका कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। बुधवार को की एनुअल जनरल मीटिंग में सर्वसम्मति से जय शाह का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाया गया। कल यानी मंगलवार से इंडोनेशिया के बाली में की एनुअल जनरल मीटिंग शुरू हुई, जो आज खत्म हुई। मीटिंग 2 दिन की थी। जय शाह ने 2021 में बांग्लादेश के नजमुल हसन की जगह यह पद संभाला था।



एनुअल मीटिंग में एशिया के सभी क्रिकेट बोर्ड के सदस्यों ने हिस्सा लिए। इसमें मीडिया राइट्स पर भी फैसला लिया जाना था, लेकिन फैसला लिया गया या नहीं अब तक इसकी जानकारी नहीं है। जिसके तहत एशिया कप जैसा बड़ा टूर्नामेंट ब्रॉडकास्ट होता है। इसी में अंडर-23, अंडर-19 और विमेंस एशिया कप के मैच भी दिखाए जाते हैं। फिलहाल डिज्नी प्लस हॉटस्टार के पास डिजिटल और स्टार के पास ही टीवी राइट्स हैं। स्टार ने 8 साल पहले राइट्स खरीदे थे। ने मीडिया राइट्स नीलामी के लिए सभी टॉप ब्रॉडकास्टर्स को डिनर पर इनवाइट भी किया है।

मीटिंग में एशिया कप के अगले वेन्यू पर भी फैसला लिया जाना था। अब एशिया कप 2025 में होगा, जो टी-20 फॉर्मेट में कराया जाना है। टूर्नामेंट होस्टिंग के लिए और ओमान रेस में हैं। 2023 का एशिया कप पाकिस्तान की मेजबानी में श्रीलंका और पाकिस्तान में हुआ था, जिसे भारत ने जीता था। ओमान को एशिया कप की होस्टिंग मिलने में एक समस्या और भी है। टूर्नामेंट की मेजबानी फुल मेंबर एशियन बोर्ड को ही मिलती है और दोनों ही देश एसोसिएट नेशन हैं। हालांकि 2018 और 2022 के दौरान टूर्नामेंट में खेला गया था, लेकिन तब भारत और श्रीलंका के पास होस्टिंग राइट्स थे। ऐसे में होस्टिंग राइट्स किसी फुल मेंबर बोर्ड के पास ही रहेंगे। 1983 में हुई थी। इस संगठन का मकसद एशिया में क्रिकेट के खेल को डेवलप करना है।

## फिल्म '12वीं फेल' के डायरेक्टर के बेटे का रणजी में रिकॉर्ड

नई दिल्ली, 31 जनवरी। सुपरहिट फिल्म 12 वी फेल के डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा के बेटे अग्नि चोपड़ा ने रणजी ट्रॉफी-2024 में नया रिकॉर्ड बनाया है। वे करियर के पहले 4 फर्स्ट क्लास मैचों में 5 शतक जमाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इस युवा बल्लेबाज ने 5 जनवरी को सिक्किम के खिलाफ फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था।

25 साल के अग्नि ने मिजोरम की ओर से खेलते हुए मेघालय के खिलाफ दूसरी पारी में भी शतक जमाया। यह उनका लगातार चौथा शतक है। पिछली पारी में अग्नि ने 105 रन बनाए थे। इस पारी के बाद अग्नि को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने पहली पारी में 105 और दूसरी पारी में 101 रन का योगदान दिया। उनकी पारियों की बदौलत मिजोरम की टीम ने मेघालय पर 191 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। अग्नि देव चोपड़ा ने इस सीजन में अपने सभी मुकाबलों में शतकीय पारियां खेली हैं। उन्होंने सिक्किम के खिलाफ डेब्यू मैच में 166 और 92 रन की पारी खेली थी। फिर नगालैंड के खिलाफ 166 और 15 रन बनाए थे। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ अग्नि ने 114 और 10 रन की पारी खेली और मेघालय के खिलाफ पहली पारी में 105 रन और दूसरी पारी में 101 रन बनाए।

अग्नि के पिता विधु विनोद चोपड़ा फिल्म डायरेक्टर हैं। उन्हें 69वें फिल्म फेयर अवॉर्ड में 12 फेल के लिए बेस्ट डायरेक्टर चुना गया। वे लव स्टोरी 1947, 3 इडियट्स और मुन्ना भाई जैसी फिल्मों को डायरेक्ट और प्रोड्यूस कर चुके हैं। उनकी इस फिल्म को बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड मिला।

अग्नि की मां जानी-मानी लेखक, पत्रकार और फिल्म समीक्षक अनुपमा चोपड़ा हैं। अनुपमा ने बुधवार को अपने बेटे के के लिए एक पोस्ट भी शेयर की और लिखा- प्राउड मॉम।

## टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में विराट को एक स्थान का फायदा, पोप की लंबी छलांग

दुबई, 31 जनवरी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बिना खेले एक पायदान का फायदा हुआ है वहीं हैदराबाद जीत के हीरो इंग्लैंड के ओपी पोप 20 स्थान की लंबी छलांग लगाते हुए 15वें पायदान पर पहुंच गये है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ताजा जारी बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में पोप को हैदराबाद टेस्ट में 196 रनों की पारी खेलने का फायदा मिला और वह 20 पायदान की लंबी छलांग लगाते हुए 15वें स्थान पर पहुंच गये है। न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन अभी भी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। विराट कोहली पहले टेस्ट में नहीं खेले थे। इसके बावजूद उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है और वो छठे स्थान पर आ गए हैं। बाबर आजम उनसे एक पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर है। ताजा रैंकिंग के अनुसार ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा गाबा में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की शुरुआती पारी में अर्धशतक के बाद दो स्थान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के बैटर बेन डकेट भी भारत के खिलाफ हैदराबाद टेस्ट में 35 और 47 रन की पारी के बाद पांच स्थान के फायदे से 22वें स्थान पर पहुंच गए।

## तेलुगू टाइटंस को 31 अंकों से हराकर पुनेरी पलटन शीर्ष पर

पटना, 31 जनवरी। प्रो कबड्डी लीग 2023-24 में पुनेरी पलटन ने प्रो कबड्डी लीग के 10वें सत्र के 97वें मुकाबले में तेलुगु टाइटन्स को 60-29 से हराकर एक बार फिर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में मंगलवार को खेले गये मैच में पुनेरी पलटन ने तेलुगु टाइअन्स को 31 अंकों के बड़े अंतर से हराया। पलटन की यह 16 मैचों में 12वीं जीत है इसके साथ ही उसके 68 अंक हो गये है। 66 अंकों के साथ जयपुर पिंक पैंथर्स दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। पलटन की ओर से आकाश शिंदे ने 11 अंक बनाए, जबकि डिफेंस में शादलू सात और नादराजन पांच ने हाई-5 लगाए। टाइटंस की ओर से संजीवी ने सबसे अधिक आठ अंक लिए। कप्तान पवन सेहरावत सिर्फ चार अंक ले सके। मैच के दौरान पलटन दबदबा बनाते हुए सात मिनट के भीतर टाइटन्स को ऑलआउट कर 11-2 की बढ़त बना ली थी। पलटन के रेडरों ने पांच और डिफेंस ने चार अंक बटोरे। इस दौरान पलटन के डिफेंस ने टाइटन्स के कप्तान पवन को दो रेड में दो बार आउट किया। रेड में नाकामी से हताश पवन डिफेंस में हाथ आजमाते हुए शुरुआती नौ मिनट में तीसरी बार आउट हुए और पलटन ने अपनी बढ़त 10 अंक कर ली। ब्रेक के बाद मोहित ने मल्टी प्वाइंट रेड के साथ टाइटन्स को दूसरी बार सुपर टैकल की स्थिति में डाला लेकिन संजीवी ने डू ऑर डाई रेड पर असलम का शिकार करके इस स्थिति को टाल दिया।

आकाश ने हालांकि रनिंग हैंड टच के साथ फिर वही स्थिति कायम कर दी। पवन फिर डिफेंड करते हुआ आउट हुए। इसके बाद पलटन ने दूसरी ऑलआउट के साथ 22-6 की बढ़त बना ली। ऑलइन के बाद पवन एक बार फिर पकड़े गए। उन्होंने रेड और डिफेंस में लगातार सफलता के साथ जल्द ही 20 अंकों की बढ़त ले ली। फिर रतन का शिकार कर टाइटन्स को तीसरी बार सुपर टैकल की स्थिति में डाला। हाफ टाइम तक टाइटन्स के पाले में एक खिलाड़ी बचा था और पलटन को 23 अंक से आगे थी। नादराजन अपना हाई-5 पूरा कर चुके थे।

## जालोर की आर्य वीरांगनाओं ने जीते दो स्वर्ण, तीन कांस्य पदक



जालोर, 31 जनवरी। जालोर की आर्य वीरांगनाओं ने दो स्वर्ण तथा तीन कांस्य पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार एवं महामंत्री शिवदत्त आर्य ने बताया कि रांची झारखंड में आयोजित एस. जी. एफ. आई. स्कूली वुशू नेशनल प्रतियोगिता में आर्य वीर दल जालोर में प्रशिक्षक देवेश आर्य के सानिध्य में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे वुशू खिलाड़ी दिव्या सोनी पुत्री घनश्याम सोनी एवं कुसुम सुथार पुत्री डूंगाराम सुथार ने कांस्य पदक जीता।

वहीं गोवा में भारतीय वुशू संघ एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वेस्ट जोन वुशू महिला लीग में दिव्या सोनी ने इतिहास दोहराते हुए अपना दूसरा स्वर्ण पदक 39 किलोग्राम भार वर्ग में तथा कुसुम सुथार ने जूनियर वर्ग के 45 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक तथा वैशाली ने 56 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक अर्जित कर जिले एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

आर्य वीर दल के महामंत्री शिवदत्त आर्य ने बताया कि आर्य वीर दल की तीनों व्यायामशालाओं के खिलाड़ियों को निःशुल्क वुशू, मुक्केबाजी और योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन बहादुर बेटियों की उपलब्धि पर आर्य वीर दल के संरक्षक दलपत सिंह आर्य, संचालक प्रशांत सिंह, कोषाध्यक्ष विनोद आर्य, प्रधानाचार्य चैनकरण करणोत, खीम सिंह राठौड, संगठन मंत्री कांतिलाल आय, अंबिका प्रसाद तिवारी, वुशू संघ के सचिव कन्हैयालाल मिश्रा, एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल, थ्रो बॉल संघ के प्रदेश अध्यक्ष छगन आर्य, पूर्व पार्षद जगदीश आर्य, शाखा नायक गणपत आर्य, मोहनलाल आर्य,छगन्नाथ, मुकेश चौहान, आलोक सोनी, लालकृष्ण सोनी, डूंगाराम सुथार, मनीष सोनी, ओमप्रकाश खंडेलवाल, अक्षय पाल सिंह सहित सभी खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त की है।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स

## तैराकी में राजस्थान तीसरे स्थान पर

### युग चेलानी 4 स्वर्ण एवं 1 रजत, लक्की अली खान 2 कांस्य एवं अभिनंदन को 1 कांस्य पदक, युग चेलानी व्यक्तिगत चैम्पियन बने

जयपुर, 31 जनवरी। चेन्नई में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में तैराकी प्रतियोगिता में राजस्थान 5 स्वर्ण पदक एवं 2 कांस्य पदक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहा। राजस्थान के युग चेलानी ने 200 मीटर फ्री स्टाइल, 400 मीटर आईएम 400 मीटर फ्री स्टाइल एवं 200 आईएम में स्वर्ण पदक, 200 मीटर बटर फ्लाई में रजत प्राप्त किया। लक्की अली खान ने 100 एवं 50 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य पदक एवं अभिनंदन खंडेलवाल ने 200 मीटर ब्रेस्टी स्ट्रोक में कांस्य पदक प्राप्त किया। राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष एवं राजस्थान ओलंपिक संघ के चेयरमैन अनिल व्यास ने बधाई दी। राजस्थान ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रामवतार जाखड़ ने भी बधाई दी।

## केआईवाईजी 2023 : पलक जोशी ने 200 मीटर बैकस्ट्रोक में जीता सोना

चेन्नई, 31 जनवरी। महाराष्ट्र की तैराक पलक जोशी ने 200 मीटर बैकस्ट्रोक के अपने राष्ट्रीय समय में सुधार किया, जबकि तमिलनाडु की भारोत्तोलक आरपी कीर्तना ने मंगलवार को यहां खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 के अंतिम दिन स्नैच और ओवरआल राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड तोड़कर लड़कियों के 81 किग्रा वर्ग में जीत हासिल की। एशियाई खेल 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली जोशी ने 2:18.59 मिनट के साथ अपना ही रिकार्ड बेहतर किया, जो कि हैदराबाद में राष्ट्रीय एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में निर्धारित 2:18.90 मिनट के उनके सीनियर राष्ट्रीय मार्क से कम था। पिछले साल जुलाई में भारतीय तैराकी महासंघ इसे सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन के रूप में मान्यता देगा क्योंकि एसएफआई केवल राष्ट्रीय खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड मानता है। तेलंगाना की श्री नित्या सागी ने 2:25.83 मिनट समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि कर्नाटक की नायशा ने 2:25.83 मिनट के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

## 'क्रिकेट का हर जीरो एक जैसा नहीं होता'

### अभी चर्चा में है हेड का किंग पेयर

नई दिल्ली, 31 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया के बैटर ट्रैविस हेड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में किंग पेयर बनाया। यानी वे टेस्ट की दोनों पारियों में पहली बॉल पर जीरो पर आउट हो गए। पहली पारी में उन्हें केमार रोच और दूसरी पारी में शमार जोसेफ ने पवेलियन भेजा।

क्रिकेट में ऐसा पहली बार नहीं हुआ जब किसी बैटर ने किंग पेयर बनाया। ऑस्ट्रेलिया के ही एडम गिलक्रिस्ट 2001 में ऐसा कर चुके हैं। भारत के सूर्यकुमार यादव को तो पिछले साल ही 3 लगातार पारियों में जीरो पर आउट हो चुके हैं। जिसे क्रिकेट में बैटिंग हैट्रिक कहते हैं। क्रिकेट में जीरो पर आउट होना वैसे तो बहुत बुरा है, लेकिन इसे और बुरा बनाने के लिए 13 तरह के अलग-अलग नाम भी दिए गए हैं।

क्रिकेट में बगैर खाता खोले आउट होने या जीरो पर आउट होने को डक कहते हैं। ट्रैविस हेड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ डक बनाया। टेस्ट में सबसे ज्यादा 43 डक वेस्टइंडीज के कर्टनी वॉल्श के नाम हैं। वनडे में श्रीलंका के सनथ जयसूर्या (34 डक) और टी-20 में आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग (13 डक) ने सबसे ज्यादा डक बनाए हैं। श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा 59 बार जीरो पर आउट हुए हैं।

पहली ही बॉल पर आउट होने को गोल्डन डक कहते हैं। ट्रैविस हेड भी अपनी पारी की पहली ही बॉल पर आउट हुए, इसलिए उन्होंने पहली पारी में गोल्डन डक बनाया था। टेस्ट में 1770, वनडे में 2174 और टी-20 में 1804 बार खिलाड़ी गोल्डन डक का शिकार हुए हैं।

दूसरी बॉल पर जीरो पर आउट होने को सिल्वर डक कहते हैं। भारत के शुभमन गिल भी इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में दूसरी बॉल पर जीरो पर आउट हुए, इसीलिए उन्होंने सिल्वर डक बनाया।

अब तक टेस्ट में 1292, वनडे में 1497 और टी-20 में 966 बार खिलाड़ी सिल्वर डक का शिकार हुए हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ जनवरी में दूसरे टेस्ट में 3 भारतीय खिलाड़ियों ने सिल्वर डक बनाया था। तब टीम इंडिया ने बगैर रन बनाए ही 6 विकेट गंवा दिए थे। शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद टेस्ट की दूसरी पारी में सिल्वर डक का शिकार हुए।


पारी में तीसरी बॉल पर जीरो पर आउट होने को ब्रॉन्ज डक कहते हैं। अब तक टेस्ट में 926, वनडे में 965 और टी-20 में 538 बार खिलाड़ियों ने ब्रॉन्ज डक बनाया है। बगैर गेंद खेले आउट होने को डायमंड डक कहते हैं। बैटर रन आउट, टाइम आउट, फील्ड ऑब्स्ट्रक्शन से डायमंड डक हो सकता है।

बगैर खाता खोले वाइड बॉल पर स्टंपिंग आउट होकर भी खिलाड़ी डायमंड डक का शिकार हो सकता है। टेस्ट में 33, वनडे में 166 और टी-20 में 122 बार खिलाड़ी डायमंड डक का शिकार हुए हैं। वनडे वर्ल्ड कप में श्रीलंका के एंजलो मैथ्यूज टाइम आउट करार दिए गए थे। तब वह बगैर गेंद खेले ही आउट हो गए थे, यानी उन्होंने डायमंड डक बनाया था। 2023 के में रविचंद्रन अश्विन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बगैर गेंदें खेले रन आउट हुए थे। वह राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रहे थे।

## जैक लीच दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते है

### विशाखापट्टनम में टीम के साथ प्रैक्टिस नहीं की, हैदराबाद में घुटना चोटिल हुआ था

नई दिल्ली, 31 जनवरी। जैक लीच इंग्लैंड के मौजूदा स्क्वॉड में सबसे अनुभवी स्पिनर हैं। उनके नाम 126 विकेट हैं। इंग्लैंड के लेफ्ट आर्म स्पिनर जैक लीच भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। वह घुटने की चोट से जूझ रहे हैं और रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने बुधवार को टीम के साथ प्रैक्टिस भी नहीं की। वह हैदराबाद में पहले टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 2 फरवरी से विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। 5 टेस्ट की सीरीज में इंग्लैंड 1-0 से आगे है। जैक लीच ने बुधवार को विशाखापट्टनम में टीम के साथ प्रैक्टिस नहीं की। वह हैदराबाद में पहले टेस्ट के दौरान इंजर्ड हो गए। इसके बावजूद उन्होंने दूसरी पारी में 10 ओवर बॉलिंग कर एक विकेट निकाला था। लीच अगर दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके तो उनकी जगह 20 साल के स्पिनर शोएब बशीर को डेब्यू का मौका मिल सकता है। बशीर वीजा नहीं मिलने के कारण पहले टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं बन सके थे। वह शनिवार को ही टीम के साथ जुड़ गए और अब टीम के साथ विशाखापट्टनम में प्रैक्टिस भी कर रहे हैं। बशीर को इंटरनेशनल क्रिकेट का अनुभव नहीं है।



पूर्व उपमुख्यमंत्री व टोंक विधायक सचिन पायलट ने चांदना के पिता के निधन पर शोक प्रकट किया।

# सचिन पायलट चांदना के पिता के निधन पर शोक प्रकट करने बूंदी पहुंचे

■ **बाद में पायलट को बगल में बैठा कर अशोक चांदना के गाड़ी चलाने को, कांग्रेस कार्यकर्ता राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मान रहे हैं।**

बूंदी, 31 जनवरी (निस)। पूर्व उपमुख्यमंत्री व टोंक विधायक सचिन पायलट बुधवार को एक दिवसीय बूंदी दौरे पर रहे। जहाँ उन्होंने पूर्व मंत्री अशोक चांदना के पिता के निधन पर श्योपुरिया की बावडी स्थित चांदना के निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

सचिन पायलट आज एक दिवसीय दौरे पर बूंदी पहुँचे थे। पेच की बावडी, हिंडौली, बड़ा नयागांव, बहादूर सिंह सर्किल पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से पायलट का स्वागत किया। इसके बाद पायलट श्योपुरिया की बावड़ी स्थित चांदना पैलेस पहुंचे, और पूर्व मंत्री चांदना के पिता, गुर्जर समाज जिलाध्यक्ष देवलाल चांदना के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की व शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

बैठक के उपरांत सचिन पायलट जब चांदना पैलेस से बाहर निकले तो लोगों को अलग ही नजारा देखने को मिला। पायलट अशोक चांदना के साथ एक गाड़ी में बैठे हुए दिखाई दिए। गाड़ी को अशोक चांदना स्वयं चला रहे थे तथा पायलट बगल की सीट पर बैठे थे।

राजनीति में एक दूसरे के पूरक व कट्टर विरोधी माने जाने वाले अशोक चांदना व सचिन पायलट का एक साथ एक गाड़ी में बैठकर यूं आना प्रदेश में कांग्रेस की राजनीति में नए युग की शुरुआत माना जा रहा है। दोनों नेता गुर्जर समाज से हैं। पायलट द्वारा गहलोत सरकार को गिराने के समय अशोक चांदना गहलोत के तारणहार बने थे तब से ही दोनों में मनमुटाव राजनीतिक मंचों पर कई बार साफ साफ देखने को मिल चुका है। जयपुर से बूंदी तक के दौरे के बीच सचिन पायलट के काफिले में सैकड़ों की संख्या में कारें शामिल थी। जिसमें प्रदेश भर से आए पूर्व मंत्री , विधायक ,कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे।

ई.आर.सी.पी. के बारे में बोलते हुए पायलट ने कहा कि, जो इतने सालों से मामला लंबित था, उसको सिर्फ लोकसभा चुनाव से पहले किसी तरह समाप्त करके जनता में जो भ्रम फैलाने का काम किया है, उससे लोगों को प्रभावित नहीं कर पाएंगे।

पायलट ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण देश की सर्वोच्च अदालत के निर्णय के बाद हुआ है। जब सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया तो सबने उसका स्वागत किया। राम किसी एक देश के नहीं हैं, उन्हें सीमित कर देना और उसे राजनितिक दृष्टिकोण से देखना, मैं उसको गलत मानता हूं।

उन्होंने कहा कि, पब्लिक इशूज़ को लेकर जज़्बातों से परे हटकर वास्तविकता में चुनाव लड़ना चाहिए। इसी के साथ उन्होंने कहा कि, कांग्रेस पार्टी का परफॉर्मेंस लोकसभा चुनावों में बहुत बेहतर होगा।

## 'ज्ञानवापी के तहखाने में पूजा की व्यवस्था की जाए'

वाराणसी, 31 जनवरी। उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिला न्यायालय ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर के दक्षिण की ओर स्थित तहखाने के अंदर विराजमान मूर्तियों की पूजा और राग भोग की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया।

जिला जज अजय कृष्ण विश्वेशा की अदालत ने शैलेन्द्र कुमार पाठक बनाम अंजुमन इंतजामिया कमेटी व अन्य के मामले में सुनवाई के बाद आदेश में कहा, जिला मजिस्ट्रेट वाराणसी और रिसीवर को निर्देश दिया जाता है कि, वे निपटान भूखंड संख्या 9130 की इमारत के दक्षिण की ओर बेसमेंट में स्थित मूर्तियों की पूजा, राग-भोग निर्दिष्ट पुजारी से कराये जो कि वाद संपत्ति है और इसके लिए सात दिनों के भीतर लोहे की बाड़ आदि की उचित व्यवस्था करें।

हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि, 2023 में शैलेन्द्र कुमार पाठक ने अर्जी दाखिल की थी कि, मंदिर के दक्षिण तरफ के तहखाने में स्थित मूर्ति की पूजा की जा रही थी लेकिन दिसंबर 1993 के बाद पुजारी व्यास को बैरिकेडिंग एरिया में प्रवेश करने से रोक दिया गया, जिसके कारण उक्त परिसर का राग-भोग का अनुष्ठान भी बंद हो गया।

# मुख्यमंत्री भजन लाल रोलसाहबसर से मिलने गये



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्री क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोलसाहबसर से मिलकर उनके बड़े भाई के निधन पर शोक प्रकट किया।

■ **उन्होंने रोलसाहबसर के बड़े भाई के निधन पर शोक प्रकट किया और श्री क्षत्रिय युवक संघ के दिल्ली सम्मेलन पर विस्तार से चर्चा की।**

■ **चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर तथा प्रताप फाउण्डेशन के संयोजक महावीर सिंह सरबड़ी भी इस मुलाकात के समय उपस्थित थे।**

जयपुर, 31 जनवरी (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संघ शक्ति पहुंचकर श्री क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोलसाहबसर से भेंट कर उनके बड़े भाई (स्व.दुर्जन सिंह) के देहांत पर शोक प्रकट किया। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर व श्री प्रताप फाउंडेशन के संयोजक महावीर सिंह सरवड़ी भी इस दौरान उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने तनसिंह की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा की और कहा कि, राजपूत समाज का भाजपा के विशाल स्वरूप को बनाने में विशेष योगदान रहा है। राजस्थान में जनसंघ के समय से भाजपा को वर्तमान स्वरूप प्रदान करने में राजपूत समाज का प्रयास सराहनीय रहा। वर्तमान समय में भी सरकार को बनाने में राजपूत समाज ने एक तरफा मतदान किया, उसी का परिणाम है कि सरकार बनी।

प्रताप फाउंडेशन के संयोजक महावीर सिंह सरवड़ी ने मुख्यमंत्री को बताया कि, राजस्थान के 90 प्रतिशत राजपूतों ने भारतीय जनता पार्टी को वोट दिया है। पार्टी द्वारा 26 टिकट दिए गए उनमें से समाज के 16 विधायक पार्टी से जीतकर आये।

जीत का प्रतिशत टिकट के आधार पर 62 प्रतिशत रहा उसके बावजूद मात्र 3 मंत्री बनाये गये जबकि इससे पूर्व 4-5 मंत्री बनते रहे हैं। सरवड़ी ने राजपूत समाज द्वारा सरकार बनाने में दिए योगदान के अनुरूप मंत्रिमंडल में उचित प्रतिनिधित्व देने की बात कही, जिस पर मुख्यमंत्री ने आगामी विस्तार में ध्यान रखने का आश्वासन दिया।

आरक्षण के सरलीकरण के विषय में सरवड़ी ने केन्द्र सरकार को राज्य सरकार द्वारा लिखित प्रस्ताव देने का आग्रह किया जिस पर भी मुख्यमंत्री ने सहमति जताई। मुख्यमंत्री को सरकार में राजपूत समाज के अधिकारियों की हो रही उपेक्षा के बारे में भी जानकारी दी गई।

भगवान सिंह ने राजस्थान की जनता के कल्याण के लिए कार्य करने का आग्रह किया जिसे स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने बार-बार मार्गदर्शन देते रहने का आग्रह किया।

## हनुमानगढ़...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मिनट तक बारिश का दौर चला। जयपुर में शाम को कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई। हालांकि शहर का तापमान अधिकतम 21 डिग्री तक रहा।

जयपुर शहर में सुबह मौसम साफ रहा और हल्की धूप रही, लेकिन दोपहर बाद आसमान पर बादलों की आवाजाही रही। इसे देखते हुए एक-दो दिन में यहां भी मावठ की संभावना बन रही है। बारिश ने उन किसानों के लिए चिंता बढ़ा दी है, जिनके खेतों में सरसों की फसल पककर तैयार हो गई या कटाई शुरू हो गई है। हालांकि गेहूं, चना और जौ की फसल के लिए यह बारिश अच्छी मानी जा रही है।

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक, राधेश्याम शर्मा के अनुसार, फरवरी में राज्य के उत्तरी भागों में हल्की बारिश होने की संभावना है, बाकी जगहों पर मौसम साफ रहेगा। इसके बाद 3-4 फरवरी को एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से जोधपुर, बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में बारिश होने की प्रबल संभावना है।

## सोनिया गांधी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

और पूर्व मुख्यमंत्रियों सहित वरिष्ठ नेताओं का चयन किया जा रहा है।

कांग्रेस, राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में पूर्व मुख्यमंत्रियों और प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षों को भी मैदान में उतार सकती हैं, जहां वे हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा में बहुमत नहीं प्राप्त कर सके थे।

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट को भी लोकसभा चुनाव लड़ाया जा सकता है और इसी तरह छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं।

जिन नामों पर विचार किया जा रहा है, उनमें महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, अशोक चव्हाण और नाना पटोले, गुजरात के शक्ति सिंह गोहिल और अर्जुन मोडवाडिया, मध्य प्रदेश के दिग्विजय सिंह ने संकेत दिए हैं कि वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहते क्योंकि वो पहले से ही राज्यसभा सदस्य हैं।

कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि, वरिष्ठ नेताओं को लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी करने के लिए पहले ही बता दिया गया है क्योंकि, उनके चुनाव लड़ने से, उनके पडौसी निर्वाचन क्षेत्रों में भी पार्टी को लाभ मिलेगा।

कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव समिति, "इंडिया ब्लॉक" के दलों के साथ सीटों के बंटवारे पर बातचीत करने के साथ साथ, नामों पर अंतिम निर्णय लेगी।

# 'गेहूं खरीद पर अतिरिक्त बोनस के शीघ्र भुगतान की व्यवस्था करें'

■ **खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने अपने विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री की विधानसभा में घोषणाओं की त्वरित क्रियान्वति के निर्देश दिये।**

जयपुर, 31 जनवरी (का.सं.)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामलात मंत्री सुमित गोदारा ने 'राजस्थान कृषक समर्थन योजना' के अंतर्गत प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाने वाली गेहूं की खरीद पर किसानों को 125 रूपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस देने की घोषणा की प्रभावी क्रियान्विति के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को विधानसभा में अभिभाषण पर बहस के जवाब में इस संबंध में घोषणा की थी।

गोदारा ने कहा कि, राज्य सरकार अपने संकल्प को पूरा करने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि, उचित मूल्य की सभी दुकानों पर भौतिक सत्यापन के लिए आइरिस मशीनें स्थापित की जाएं जिससे पात्र लोगों को लाभ लेने में सहूलियत हो।

गोदारा बुधवार को मंत्रालय भवन में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड और उपभोक्ता मामलात विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। खाद्य मंत्री गोदारा ने कहा कि, इससे प्रदेश के किसानों को गेहूं की उपज पर न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रूपए प्रति क्विंटल के साथ 125 रुपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस मिलेगा। उन्हांने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि, इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिकाधिक किसानों को लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें।

गोदारा ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्रदेश के वो परिवार, जिनके सभी सदस्य 18 वर्ष से कम व 60 वर्ष से अधिक आयु के हों या विशेष दिव्यांगजन हों, ऐसे परिवारों को राशन की निःशुल्क होम डिलीवरी की जाएगी

गोदारा ने उपभोक्ता मामलात विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि, प्रदेश में उपभोक्ता हितों के संरक्षण के लिए सोशल, प्रिंट व लोक मीडिया के माध्यम से अधिकाधिक जागरूकता फैलाई जाए।

बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत, विशिष्ट शासन सचिव राजेन्द्र विजय, निगम के प्रबन्ध निदेशक परमेश्वर लाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## हेमन्त सोरेन...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सत्तारुढ़ गठबंधन ने नए नेता की अगुवाई में सरकार बनाने की तैयारी तेज कर दी थी। गठबंधन के तमाम विधायक बुधवार सुबह से सीएम हाउस में जमा थे। मंगलवार को सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय कर लिया गया था कि, उनकी गिरफ्तारी की नौबत आने पर नए नेता की अगुवाई में सरकार के लिए दावा पेश किया जाएगा।

ज्ञातव्य रहे कि, ई.डी. ने हेमंत सोरेन के नई दिल्ली में शांति निकेतन स्थित आवास से सोमवार को ही 36 लाख रुपए कैश, एक बीएमडब्ल्यू कार और कुछ दस्तावेज बरामद किए थे। ई.डी. ने उनसे इसके बारे में कई सवाल पूछे, सोरेन ने इस बात से इन्कार किया कि कैश और कार उनकी है। इसके अलावा रांची के बड़गाई अंचल की करीब चार एकड़ जमीन के स्वामित्व को लेकर पूछे गए सवालों पर सोरेन के जवाब से ई.डी. के अफसर संतुष्ट नहीं हुए। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री आवास, ई.डी. कार्यालय, राजभवन, भाजपा कार्यालय सहित रांची के कई इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# आई.पी.एस. राजीव कुमार शर्मा ए.सी.बी. के नए डी.जी. बने

## राज्य सरकार ने 13 आई.पी.एस. अधिकारियों के तबादले किए

■ **गौरव श्रीवास्तव मुख्यमंत्री सुरक्षा में और राजेन्द्र सिंह को जोधपुर पुलिस कमिश्नर के पद पर नियुक्त किया।**

■ **कोटा, जोधपुर और भरतपुर रेंज आई.जी. भी बदले।**

जयपुर, 31 जनवरी। राज्य सरकार ने बुधवार को फिर 13 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें आईपीएस राजीव कुमार शर्मा को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) का नया डीजी नियुक्त किया गया है। सरकार ने काफी लंबे समय बाद एसीबी में डीजी की नियुक्ति की है। इसके अलावा 11 आईजी और एक डीआईजी स्तर के अधिकारी को भी बदला है।

आदेश के अनुसार पुलिस महानिदेशक, लॉ एंड ऑर्डर, राजीव कुमार शर्मा को एसीबी में महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वहीं, आईजी गौरव श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। उनका तबादला आईजी मुख्यमंत्री सुरक्षा एवं मुख्यमंत्री सर्तकता के पद पर किया गया है। आईपीएस राजेन्द्र सिंह को जोधपुर पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। आईपीएस रवि दत्त गौड़ का जोधपुर पुलिस कमिश्नर के पद से तबादला कर कोटा रेंज आईजी लगाया गया है।

इसके अलावा आईपीएस विकास कुमार को जोधपुर रेंज आईजी और राहुल प्रकाश को भरतपुर रेंज आईजी तथा आईपीएस ओमप्रकाश द्वितीय को डीआईजी पाली रेंज के पद पर लगाया गया है।

आईपीएस अंशुमन भोमिया को आईजी एटीएस जयपुर, प्रसन्न कुमार खमेसरा को आईजी सीआईडी क्राइम ब्रांच, एचजी राघवेन्द्र सुहासा को आईजी रेलवे, हिंगलाजदान को आईजी पुलिस रूल्स, जय नारायण को आईजी इंटेलिजेंस और अनिल कुमार टांक को आईजी लॉ एंड ऑर्डर पुलिस मुख्यालय जयपुर के पद लगाया गया है।

## राज्यपाल ने राज्य ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पूर्व कन्नड़ के संकेतक विशेष रूप से लगाने होंगे।

व्यापारिक प्रतिष्ठानों को राज्य सरकार के आदेश की पालना के लिए दो माह का समय दिया गया था। कन्नड़ लैंग्वेज कम्प्रीहैन्सिव डवलपमैंट एक्ट में संशोधन के प्रस्ताव को कर्नाटक मंत्रिमण्डल ने एक माह पूर्व मंजूरी दे दी थी। मंत्रिमण्डल ने संशोधन पर स्वीकृति के साथ ही उक्त निर्णय लिया था। लेकिन कर्नाटक के राज्यपाल इस मामले में राज्य सरकार से सहमत नहीं हुए और यह मत भिन्नता अब सार्वजनिक हो चुकी है।

संयोगवश, तमिलनाडू की जनता ने हिंदी थोपने के विरोध में कई बार विरोध प्रदर्शन किए हैं और कर्नाटक में भी जो अब कर्नाटक में कन्नड़ भाषा के प्रभुत्व का आंदोलन बनता दिख रहा है।

राज्यपाल द्वारा अध्यादेश निरस्त किए जाने पर जोर देते हुए, उपमुख्यमंत्री डी.के. शिव कुमार ने कहा कि इस मुद्दे को विधानसभा सत्र के दौरान एक बार फिर से उठाया जाएगा।

शिव कुमार ने कहा कि "राज्यपाल द्वारा अध्यादेश को निरस्त करना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह राज्य सूची का विषय है तथा कन्नड़ भाषा हमारी पहचान एवं प्रतिष्ठा है। मैं राज्यपाल से इस मुद्दे पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करता हूँ। यह एक प्रगतिशील सोच है तथा इसे लेकर एक कानून भी अस्तित्व में है। किसी राजनीतिक पार्टी अथवा नागरिक ने इस पर आपत्ति नहीं जतायी। हम इसे विधानसभा में पारित करेंगे। इसे 15 दिनों के भीतर लौटाना राज्यपाल के लिए उचित नहीं था।"

कर्नाटक के कन्नड़ एवं संस्कृति राज्यमंत्री शिवराज तांगादगी ने मीडिया कर्मियों को बताया कि उन्हें गवर्नर से इसकी फाइल प्राप्त हुई है। राज्यपाल ने फाइल वापस लौटाने का कारण "विधानसभा सत्र" लिखा। मैं इसका राजनीतिकरण नहीं करना चाहता। यह भाषा के गर्व को लेकर है। मैं विधानसभा सत्र के दौरान इसे सदन के पटल पर रखूंगा और फिर इसे राज्यपाल के पास भेजूंगा। मैं बुधवार को राज्यपाल से भेंट करना चाहता था, क्योंकि मैं अन्य जिलों के दौरे पर था। पर उन्होंने फाइल लौटा दी।"

## 16वें वित्त ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हैं। डॉ. निरंजन राजाध्यक्षा, जो अर्थ ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक हैं। चौथे अंश-कालिक सदस्य डॉ. सौम्य कांति घोष हैं जो भारतीय स्टेट बैंक के ग्रुप चीफ इकोनोमिक एडवाइज़र हैं।

आयोग को अपनी सिफारिशें 31 अक्टूबर 2025 तक प्रस्तुत करनी हैं, इसमें 1 अप्रेल 2026 से आगामी पांच वर्षों के लिए सिफारिशें पेश की जाएंगी।

# 'अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी के विश्वविद्यालय बनने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लिखित एक पुस्तक का हवाला देते हुए धवन ने बैंच से कहा कि, बहस का कोई अन्त नहीं हैं, इसलिए हम इतिहास की बात भी कर सकते हैं तथा सुनवाई के दौरान वास्तव में ऐसा ही हुआ है। एक पक्ष वह कह रहा है जो वो मानता है अल्पसंख्यक दर्जा त्याग दिया गया था हम यह बताना चाहते हैं कि उस समय मनोस्थिति क्या थी, जैसा कि ए.एम.यू. एक्ट 1920 और उसकी पृष्ठ भूमि में स्पष्ट किया गया है। इस मुद्दे पर मंत्री का संबोधन सलैक्ट कमेटी की प्रक्रिया और संसद में चली बहस प्रासंगिक है।

इससे पूर्व ए.एम.यू. को अल्पसंख्यक हर्जा देने का विरोध करने वाले प्रतिवादियों की ओर से पेश कई वकीलों ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि ए.एम.यू. का गठन ब्रिटिश राज के दौरान वर्ष 1920 में एक केन्द्रीय अधिनियम के तहत हुआ था, इसलिए वह अल्पसंख्यक दर्जे की मांग नहीं कर सकता।

7 जजों की एक संविधान पीठ शीर्ष अदालत के वर्ष 1981 और 2019 के रैफरेंस सहित ए.एम.यू. के अल्पसंख्यक दर्जे के सम्बन्ध में कुछ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। रैफरेंस में पांच जजों की एक संविधान बैं द्वारा वर्ष 1967 में दिए निर्णय के पुनरावलोकन की बात कहीं गई है। शीर्ष अदालत ने वर्ष 1967 में अजीज़ बाशा केस में व्यवस्था दी थी कि, ए.एम.यू. एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय है, अतः अनुच्छेद 29 और 30 के तहत इसे अल्पसंख्यक दर्जा नहीं दिया जा सकता।

इससे पहले की सुनवाई में संविधान बैंच को बताया गया था कि, भोपाल की महारानी सुल्तान जहां बेगम दिसम्बर 1920 से मई 1930 तक ए.एम.यू. की पहली चांसलर रही और ए.एम.यू. की एग्ज़ीक्युटिव काउन्सिल, एकेडैमिक काउन्सिल, टीचिंग फैकल्टी से लेकर क्लासरूम्स तक मुस्लिमों की मौजूदगी 82 से 85 प्रतिशत है। कोर्ट को बताया गया कि ए.एम.यू. एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है और एक अल्पसंख्यक संस्थान के रूप में वह वहीं करता है जो संविधान के अनुछेद 30 (1) के अन्तर्गत करना चाहिए।

## गुलज़ार का...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लॉन में ही यतेन्द्र मिश्रा और सत्य सारण के साथ दोपहर 1 बजे चर्चा करेंगे। गुलज़ार के जयपुर पहुंचने की खुशी में उनके एक प्रशंसक ने स्कैच बनाया है, जो यहां प्रकाशित है।

# कौन किसकी मदद कर रहा है ...

■ **इस शृंखला में यह भी तर्क दिया जा रहा है कि, खड़गे का नाम इण्डिया गठबंधन के कन्वीनर के रूप में प्रस्तावित करके ममता जी ने इण्डिया गठबंधन में फूट पैदा की और नीतीश को एन.डी.ए. जॉइन करने को मजबूर किया।**

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गिरफ्तार करने आयी थी। ई.डी. अधिकारी व अन्य लोग जो शेख शाहजहां को गिरफ्तार करने आए थे उन्हें स्थानीय लोगों ने बुरी तरह पीटा, इन लोगों को शाहजहां ने एकत्रित किया था। इस घटना के 25 दिन बाद भी शेख शाहजहां पुलिस की पकड़ से दूर है। रिटायर्ड पुलिस अधिकारी कहते हैं कि आत्मसमर्पण का मात्र एक सम्मन ही उसे पुलिस के घेरे में ला सकता है। जब सी.बी.आई. और ई.डी. ने रांची में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को त्याग पत्र दिए जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया तब विपक्षी नेताओं ने कहा "देखो विरोधाभास।" तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में राहुल गांधी की न्याय यात्रा में भी अड़चन डाली। बुधवार को कुछ लोगों ने राहुल की कार पर पत्थर फेंके जिससे पीछे का शीशा टूट गया।

राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेसी नेता व पदाधिकारी इस तरह हताश है कि उन्होंने इस घटना को यह कह कर हल्का करने की कोशिश की कि, कार के ड्राइवर द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से विंडस्क्रीन टूटी है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने अवश्य तृणमूल के लोगों पर हमले का आरोप लगाया। यात्रा पर प्रशासनिक प्रतिबंध के कारण राहुल को न्याय यात्रा का रूट बदलना पड़ा।

इसी बीच ममता बनर्जी ने उत्तरी बंगाल के उन क्षेत्रों का दौरा शुरू कर दिया, जहां राहुल अपनी यात्रा ले जाने वाले थे। ममता बनर्जी ने तो यहां तक कह दिया कि राहुल की कार पर हमला बिहार में हुआ था, जिसका अधीर रंजन ने जोरदार खंडन किया।

ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन में दरारें डालने के लिए दो तरह की भूमिकाएं निभा रही हैं जो अब जगजाहिर हो गई है। वे विपक्षी दलों के अभियान में अडंगा लगा रही हैं। दूसरे वे बंगाल में कांग्रेस का जोरदार विरोध कर रही हैं और भाजपा के खिलाफ कांग्रेस की हरेक कोशिश का विरोध कर रही हैं।विपक्षी गठबंधन के शुरूआत में जो दरारें उभरी, उसमें तृणमूल खासकर ममता बनर्जी की भूमिका पर दो दलों ने सवाल उठाया। ममता बनर्जी ने ही कहा था कि तृणमूल लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी।

ममता बनर्जी की हरकतों ने विपक्षी गठबंधन को कमजोर बनाया। उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी के रूप में उठाया जिसकी वजह से नीतीश गठबंधन से बाहर हो गये थे। तृणमूल की हिंसा झेलने वाले वामपंथी व कांग्रेसी बंगाल में तृणमूल के खिलाफ एकजुट हो गए हैं जबकि राष्ट्रीय स्तर पर ये सभी दल एकजुट होने को तैयार है। यह है बंगाल में विपक्षी दलों की एकजुटता की हताशा भरी तस्वीर।

## ब्रॉडकास्टिंग ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तक कि सोशल प्लेटफार्म और इसके साथ ही न्यूज़ वैबसाइट्स पर भी अपना नियंत्रण बढ़ा रही है।

इस विधेयक के बारे में उनका कहना है इस विधेयक में पत्रकारिता एवं सामग्री निर्माण (कंटेन्ट क्रिएशंस) के अंतर को स्पष्ट नहीं किया गया है और इसकी परिभाषा जानबूझ कर इतनी विस्तृत कर दी गई है कि ब्रॉडकास्ट एवं डिजिटल मीडिया दोनों को मिलाने के बाद समस्त प्रकार के ऑन लाइन मीडिया को नियंत्रित किया जा सकता है, हालांकि ब्रॉडकॉस्ट मीडिया में बड़े चैनल्स के साथ ही एक या दो व्यक्तियों द्वारा संचालित छोटे चैनल्स भी शामिल हैं।

समाचार संगठनों में दिल्ली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स व पत्रकारों का राष्ट्रीय गठबंधन शामिल है ने कहा कि इस विधेयक को मीडिया कमीशन ऑफ इंडिया जैसे एक सामान्य निकाय के गठन होने तक रोके रखा जा सकता था जिसमें सरकारी नियंत्रण के समस्त पहलुओं का परीक्षण करने के लिए विषय विशेषज्ञों एवं हितधारकों को सम्मिलित किया जा सकता था। वे चाहते हैं कि इस विवादास्पद बिल को तुरंत वापस लिया जाए क्योंकि यह मीडिया स्वामित्व की एकाग्रता पर अशुभ रूप से चुप है जो कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व वैचारिक भिन्नता के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908